अध्याय 5
प्रभु का दिन और उपदेश

मसीह के द्वितीय आगमन के समय से सम्बन्धित शिक्षाएँ (5:1–11)

[1]पर हे भाइयो, इसका प्रयोजन नहीं कि समयों और कालों के विषय में तुम्हारे पास कुछ लिखा जाए। [2]क्योंकि तुम आप ठीक जानते हो कि जैसा रात को चोर आता है, वैसा ही प्रभु का दिन आनेवाला है। [3]जब लोग कहते होंगे, "कुशल है, और कुछ भय नहीं," तो उन पर एकाएक विनाश आ पड़ेगा, जिस प्रकार गर्भवती पर पीड़ा; और वे किसी रीति से न बचेंगे। [4]पर हे भाइयो, तुम तो अन्धकार में नहीं हो कि वह दिन तुम पर चोर के समान आ पड़े। [5]क्योंकि तुम सब ज्योति की सन्तान और दिन की सन्तान हो; हम न रात के हैं, न अन्धकार के हैं। [6]इसलिये हम दूसरों के समान सोते न रहें, पर जागते और सावधान रहें। [7]क्योंकि जो सोते हैं वे रात ही को सोते हैं, और जो मतवाले होते हैं वे रात ही को मतवाले होते हैं। [8]पर हम जो दिन के हैं, विश्वास और प्रेम की झिलम पहिनकर और उद्धार की आशा का टोप पहिनकर सावधान रहें। [9]क्योंकि परमेश्वर ने हमें क्रोध के लिये नहीं, परन्तु इसलिये ठहराया है कि हम अपने प्रभु यीशु मसीह के द्वारा उद्धार प्राप्त करें। [10]वह हमारे लिये इस कारण मरा कि हम चाहे जागते हों चाहे सोते हों, सब मिलकर उसी के साथ जीएँ। [11]इस कारण एक दूसरे को शान्ति दो और एक दूसरे की उन्नति का कारण बनो, जैसा कि तुम करते भी हो।

आयत 1. पौलुस थिस्सलुनीकियों के उनके प्रिय जन जो मर चुके थे से जुड़े व्यवहार को लेकर चिंतित था, परन्तु उससे भी अधिक वह मसीह के द्वितीय आगमन की उनकी समझ से चिंतित था। परिणामस्वरूप, वह उस आगमन के बारे में कि "कब" और उसकी तैयारी किये जाने हेतु चेतावनी के लिये आगे बढ़ा। उसने कहा कि **समयों और कालों के विषय में** उसे सचमुच कुछ लिखने की आवश्यकता नहीं थी (देखें समान भाषा 4:9 में), क्योंकि निश्चय ही मसीह के द्वितीय आगमन की कुछ जानकारी स्वयं परमेश्वर के पास सुरक्षित है।

"समयों" यूनानी शब्द χρόνος (*क्रोनोस*) से लिया गया है, जिससे हम "समय की गणना के अनुसार" अर्थ "समय क्रम" का पर्याय मानते हैं। *क्रोनोस* हमारे शब्द "समयों" के अर्थ के समान ही है और सरलता से अनुवाद किया जाता है। "कालों" यूनानी शब्द καιρός (*काईरोस*) से लिया गया है और अनुवाद करने में अधिक कठिन है। यह "निश्चित और विशेष अवधि" को दर्शाता है, "महत्वपूर्ण समय" जो कि मात्रा या अवधि के स्थान पर गुणवत्ता पर जोर देता है। इस कारण, शब्द "अवसर" के साथ इसका लगभग एक समान अर्थ निकलता है।[1] इन्हीं यूनानी शब्दों का प्रयोग प्रेरितों 1:7 में भी किया गया है।

आयत 2. थिस्सलुनीके की कलीसिया पहले से ही इस महत्वपूर्ण घटना की कुछ सच्चाई को भली-भाँति या **ठीक जानते** थे, निश्चित ही पौलुस की व्यक्तिगत शिक्षा से जब वह वहाँ रहता था। ए. टी. रॉबर्टसन विश्वास करते हैं कि पौलुस ने कहा, वे "ठीक (भली-भाँति)" जानते थे अर्थात् वे "समयों और कालों" (आयत 1) के बारे में नहीं जानते थे, क्योंकि, उसने उसके वहाँ रहने पर उन्हें सिखाया, उन्हें ऐसे ज्ञान से अनजान रहने देना था क्योंकि यह केवल परमेश्वर के लिये सुरक्षित रखा गया है।[2] लीओन मौरिस के अनुसार, यह वैसी ही व्याख्या है।[3]

यहाँ पर "ठीक" (ἀκριβῶς, *अकरीबोस*), जिसका अर्थ "सही, बिल्कुल ऐसा ही" भी हो सकता है, रॉबर्ट जेवेट ने सुझाव दिया,

> ... पौलुस थिस्सलुनीकियों के प्रश्न का उत्तर दे सकता था [जैसे कि], "हमें स्पष्ट रूप से बताओ कि प्रभु का आगमन कब होने जा रहा है।" सामान्य दृष्टिकोण से इस प्रकार के प्रश्न में अस्वीकृति या अयोग्यता स्पष्ट रूप से देखा गया कि पारम्परिक शिक्षाओं को ग्रहण करें जिसके बारे में पौलुस उन्हें 1 थिस्सलुनीकियों 5:1–2 (cf. 2 थिस्सलुनीकियों 2:5 भी) में स्मरण कराता है। सुरक्षा के झूठे ज्ञान (1 थिस्सलुनीकियों 5:3) के बारे में चेतावनी का प्रतीत होगा यह संकेत करने के लिये कि कलीसिया भविष्य के न्याय की सम्भावना की गणना नहीं कर रही थी। द्वितीय आगमन की छाया में जीवन के लिये रुके हुए बातों के लिये की गई तैयारी की भावना को बनाए रखने की आवश्यकता होती है (1 थिस्सलुनीकियों 5:6–8)। उन्होंने स्पष्ट अनुभव किया जो उनके चुनाव के नए युग के सदस्यों के रूप में दिया गया (1 थिस्सलुनीकियों 1:4), उनके पास एक सुरक्षित भावना होनी चाहिए। परन्तु उनके विरोधाभास का अनुभव नए युग के तर्क के आधार के विपरीत लगता था। इसलिये वे 1 थिस्सलुनीकियों 5:14 के वर्णन के अनुसार सही हैं, कि जो "ठीक चाल नहीं चलते," उन को समझाओ, "कायरों" को ढाढ़स दो, "निर्बलों" ... "सहनशीलता दिखाओ।" उनके भविष्य की घटनाओं को जानने का शीघ्र

अनुभव, बोलने के लिये भी, भविष्य की घटनाओं की अनिश्चितता के साथ जीने की इच्छा न होने के भाव को बनाए रखा।[4]

पुराने नियम में प्रायः **प्रभु का दिन** कहा गया था। वास्तव में, इस वाक्यांश का प्रयोग आमोस के दिनों (लगभग 750 ई.पू.) में "प्रकाश" या आशीष के दिन को व्यक्त करने के लिये किया जाता था, परन्तु भविष्यद्वक्ता ने चेतावनी दी कि उनके अधर्म के कारण वह "अन्धकार" या दण्ड का समय बन गया (आमोस 5:18)। कभी कभी "प्रभु का दिन" पृथ्वी पर मनुष्य के अस्तित्व के समय के भीतर माना जाता था, जैसा कि 70 ई. स. में यरूशलेम का विनाश, परन्तु इन सब दिनों ने एक महत्वपूर्ण समय इतिहास के अन्त में अन्तिम न्याय—"प्रभु का दिन" को पूर्व चित्रित किया। यही बात यहाँ पर भी कही गई (1 कुरिन्थियों 1:8; 5:5; फिलिप्पियों 1:6 भी देखें)। कुछ लोगों के लिये यह एक "क्रोध" या दण्ड का दिन (रोमियों 2:5), और दूसरों के लिये "छुटकारे" का दिन (इफिसियों 4:30) होगा।

इस दिन के बारे में वे पहले से ही जो जानते थे वह था कि यह उस रीति से आएगा जैसा चोर रात में आता है। पौलुस ने उन्हें इस सच्चाई के बारे में निश्चित रूप से सिखाया था जब वह उनके साथ था। चोर बिना अपेक्षा के आता है, जब हम देख नहीं रहे होते, चुपचाप निकल जाता है। इसी रीति, यीशु अचानक और बिना अपेक्षा के आएगा (मत्ती 24:43, 44; 2 पतरस 3:10)। जैसा कि ज्ञात है, केवल पिता ही जानता है कि वह किस घड़ी आएगा (मत्ती 24:36; मरकुस 13:32), परन्तु यह तो तय है कि एक दिन वह जरुर आएगा, इसलिये हमें अपने आपको तैयार रखना चाहिए (प्रकाशितवाक्य 16:15; इब्रानियों 10:31)।

आई. होवार्ड मार्शल ने यहाँ सही व्याख्या किया है:

> यह उपयोगी अवलोकन है कि आज बहुत से लोग समय और अन्तिम दिनों की घटनाओं के क्रम दोनों के बारे में विस्तृत रूप से जानने के लिये ललायित होते हैं, और कई लेखक हैं जो प्रश्न का उत्तर छोटी से छोटी जानकारी और कल्पना में क्षण मात्र समय न लगाते हुए देने को तैयार रहते हैं। "वैधानिक" शिक्षा के कुछ अधिवक्ता यीशु के द्वितीय आगमन के बारे में भविष्य की घटनाओं का विस्तार पूर्वक अध्ययन और विस्तृत समय सारणी प्रदान करने में विशेष रूचि रखते हैं। पौलुस [के साथ] ऐसा नहीं था। जब उसे विस्तृत जानकारी देने के लिये कहा गया, जो कुछ इस लिखित भाग में वह कहता है उसके सिवाय उसके पास कहने के लिये कुछ नहीं था। मसीही शिक्षक आज उसके उदाहरण पर चलकर अच्छा करेंगे और "जो कुछ लिखा है उससे आगे बढ़ने से बचे रहेंगे" (1 कुरिन्थियों

4:6, शाब्दिक व्याख्या)।[5]

आयत 3. सातवीं सदी ई.पू. में, जब यिर्मयाह भविष्यद्वक्ता ने यरूशलेम के विनाश और बंधुवाई की भविष्यद्वाणी की (यिर्मयाह 6:1), बहुत से झूठे भविष्यद्वक्ता और दूसरे लोगों ने उसका विरोध किया, जो कि दृढ़ता के साथ "शान्ति" की भविष्यद्वाणी करता था (यिर्मयाह 6:14)। फिर भी, मसीह के आगमन के समय से लेकर अनाज्ञाकारी को दण्ड की आज्ञा तक, बहुत से अविश्वासयोग्य शिक्षक ("हँसी ठट्ठा करनेवाले" तुलना 2 पतरस 3:3–9) तब भी "शान्ति और सुरक्षा" कहेंगे।

पौलुस ने कहा, जब बेबिलोनिया ने यरूशलेम का नाश 586 ई.पू. में किया, और तब जिस रीति झूठे भविष्यद्वक्ता यिर्मयाह के दिन में गलत थे, उसी रीति इस वर्तमान समय में भी वे गलत होंगे। यीशु आज्ञा न मानने वाले को दण्ड देने के लिये आएगा। वास्तव में, **विनाश उन पर आ पड़ेगा**। "विनाश" यूनानी शब्द ὄλεθρος (*ओलेथरोस*) से आता है जिसका अर्थ अस्तित्व से बाहर होना नहीं होता, परन्तु अस्तित्व का जीर्ण-शीर्ण और निष्क्रिय अवस्था में लगातार बना रहना होता है। इस शब्द का प्रयोग 2 थिस्सलुनीकियों में "अनन्त विनाश" के लिये किया गया, और उनके लिये "जो हमारे प्रभु यीशु के सुसमाचार को नहीं मानते" (2 थिस्सलुनीकियों 1:8, 9)। इसकी तुलना "शीघ्र विनाश" पतरस के अनुसार (2 पतरस 2:1) से भी होती है, जो भ्रान्त शिक्षाओं से उत्पन्न होता है।[6]

फिर से, यहाँ पर "विनाश" का अर्थ अस्तित्व मिटा देने से नहीं है। वास्तव में, ओलेथरोस का प्रयोग 1 कुरिन्थियों 5:5 में किया गया है, जहाँ पर विनाश से इसका तात्पर्य अस्तित्व मिटा देने से नहीं है, जिसमें आज्ञा न माननेवाले की शारीरिक मृत्यु सम्मिलित हो सकती है। "प्रभु के दिन में आत्मा को बचाए जाने" की सम्भावना को इसने रोक रखा होगा। डेविड जे. विलियम्स ने कहा, "इस विनाश को परमेश्वर द्वारा अस्तित्व के अन्त से नहीं बल्कि परमेश्वर से अलगाव के भाव से समझा जाना चाहिए।"[7] (देखें चर्चा 2 थिस्सलुनीकियों 1:9 पर।)

एक स्त्री को बच्चा जनने की पीड़ा उठने के समान, आज्ञा न मानने वाले पर "विनाश" अचानक और बिना अपेक्षा किए आ जाएगा। एक मिनट में लगता है कि वह स्त्री कुशल क्षेम से है, परन्तु कुछ मामलों में बच्चा जनने की पीड़ा इतनी जल्दी आती है कि उसे अस्पताल ले जाने का समय भी नहीं मिल पाता। प्रभु के आने का समय भी इसी प्रकार अनभिज्ञ है। फिर से, एक बात तो तय है: "वह आएगा," और आज्ञा न मानने वालों के लिये उसके साथ "विनाश भी आएगा।" इसलिये जिस प्रकार एक गर्भवती स्त्री पर बच्चे जनने की पीड़ा बिन बुलाए आती है, वैसे ही यीशु भी आएगा और आज्ञा न मानने वाले दोष और दण्ड से

नहीं बच पाएँगे (2 थिस्सलुनीकियों 1:6–10)। अविश्वासी और अविश्वासयोग्य मसीहियों पर उस समय विनाश आएगा। वे "बच नहीं पाएँगे।"

आयत 4. व्यक्तिवाचक सर्वनाम तुम का बहुवचन रूप "इस आयत में दो बार आने से उस पर बल आया है, और यह मसीहियों के और अविश्वासी जगत के गंतव्य के बीच सम्पूर्णता के अन्तर को दर्शाता है।"[8]

एक बार फिर पौलुस ने उन्हें **भाइयों** कह सम्बोधित कर उनके लिये अपने स्नेह की व्याख्या की। शब्द "भाई" और "भाइयों" कुल मिलाकर 1:4; 2:1, 9, 14, 17; 3:2, 7; 4:1, 6, 9, 10 (दो बार), 13; 5:1, 4, 12, 14, 25, 26, और 27 में बीस बार पाए जाते हैं।

पौलुस के भाई लोग **अन्धकार में नहीं** थे जैसे कि आयत 3 में अविश्वासी लोग थे। अन्धकार "अधार्मिकता का गढ़ है।" वे अधार्मिकता और अन्धकार में नहीं थे क्योंकि उन्होंने यीशु जो "जगत की ज्योति" है के पीछे चलने का निर्णय लिया था। जो कोई उसके पीछे चलता है, वह "अन्धकार में न चलेगा, परन्तु जीवन की ज्योति पाएगा" (यूहन्ना 8:12)। उन्हें भी जिस प्रकार कुलुस्सियों को भी, "अन्धकार के वश से छुड़ाकर अपने प्रिय पुत्र के राज्य में प्रवेश कराया" (कुलुस्सियों 1:13)। इसलिये, मसीह के आने का यह **दिन** (देखें आयत 2) उन पर एकाएक न **आ पड़े।** इसका अर्थ क्या यह है कि आज्ञा न मानने वाले के विपरीत, वे उस दिन और उस घड़ी को जानेंगे? पवित्र शास्त्र के अनुसार नहीं। न कोई मनुष्य—और न मसीह—उस "दिन या घड़ी" को जानता है (मरकुस 13:32)। वास्तव में, आज्ञा मानने वाले भी उसके आने पर अपने दैनिक जीवन के कार्यों में संलग्न रहते हुए चित्रित किए गए हैं, जैसे कि मत्ती 24:39–41 में खेत से एक को "ले लिया जाएगा।" वे लोग उस दिन उसके आने की आशा से अपने को तैयार नहीं होंगे।

फिर, किस प्रकार, उसका आना उनपर एक **चोर के समान** "एकाएक नहीं आएगा?" वे आत्मिक रीति से तैयार मिलेंगे और उसके आ पहुँचने पर "बिना सुरक्षा के" ले नहीं लिए जाएँगे। वे उसकी इच्छा का उल्लंघन करते "पकड़े" नहीं जाएँगे। मसीह के द्वितीय आगमन से सम्बन्धित चेतावनियों का अन्त हो गया कि उसका आना हमें जागते और तैयार पाए (आयत 6; मत्ती 24:42; 25:13)।

आयत 5. क्योंकि तुम सब को सम्भवतः सच्चाई से अवगत कराया गया है कि हर एक सदस्य सम्मिलित था। जे. इ. फ्रेम ने बताया कि "सब" यूनानी शब्द πάντες (*पान्तेस*) से आता है "एक-एक कमजोर दिल वाले के विशेष प्रोत्साहन के लिये है।"[9] लीओन मौरिस ने उल्लेख किया "सब" यहाँ पर कमजोर सदस्यों को दर्शाता है।[10]

जैसा की "ज्योति और अन्धकार" को काल्पनिक वर्णन के साथ पहले ही से

बताया गया है, जो नए नियम में सामान्य बात है, विशेषकर यूहन्ना के लेखों में (उदाहरण, यूहन्ना 1:1–9), अन्धकार "अधार्मिकता का गढ़" कहलाने की सोच है, जबकि ज्योति धार्मिकता या सही व्यवहार का प्रतीक है। यह सच क्यों है? पहला, जब कोई मनुष्य गैर कानूनी काम करता है, रात को पकड़े जाने से बचना आसान होता है। दूसरा, उस जमाने में अधिक विद्रोही पापियों में भी कम से कम इतनी शर्म होती थी कि वे शराब पीने, रंगरलियां मनाने और कुकर्म जैसे काम लोगों से छुप कर अंधकार में किया करते थे (देखें प्रेरितों 2:15; 2 पतरस 2:13)। अविश्वासी इसीलिये **रात के** या **अन्धकार के** लोग कहलाते हैं, क्योंकि उन्होंने ज्योति को ग्रहण नहीं किया। वे कभी-कभी कहते हैं वे रात या अन्धकार से नहीं आते हैं, परन्तु यीशु ने कहा, "जो मेरे साथ नहीं, वह मेरे विरोध में है" (मत्ती 12:30)। इसलिये यदि कोई ज्योति की सन्तान नहीं है, वह सचमुच में अन्धकार के राज्य में पाया जाता है जिसका मुखिया शैतान है (यूहन्ना 8:44; 12:31)।

थिस्सलुनीके, और सब मसीही **ज्योति की सन्तान और दिन की सन्तान** थे और हैं क्योंकि वे "जगत की ज्योति" के पीछे चलने वाले हैं (यूहन्ना 8:12)। इसलिये, वे ऐसे लोग हैं जो ज्योति में रहते हैं और चाहते हैं कि उनका जीवन जाँचा परखा जाए। वे दिन के अधिकारी हैं जैसे अधर्मी रात के। इब्रानी जैसी भाषाओं में किसी "का पुत्र" होने का अर्थ उस व्यक्ति की विशेषताओं को चित्रित करना होता था। इसी कारण "ज्योति के सन्तान" होने का अर्थ ज्योति के विशेषता को चित्रित करना होता है। लूका 16:8 में, यीशु ने परमेश्वर के लोगों को "ज्योति की सन्तान" कहा। इसी के समान जीवन शैली में एसीन भी हुआ करते थे जो मृत सागर लेखों के आधार स्रोत थे, जिन्होंने *द वार ऑफ़ द चिल्ड्रेन ऑफ़ लाइट विथ चिल्ड्रेन ऑफ़ डार्कनेस* नामक धार्मिक पुस्तक लिखी। परन्तु उन्होंने वास्तविक युद्ध के बारे में बताया, जबकि यीशु ने कभी भी शारीरिक बल का समर्थन नहीं किया।

आयत 6. अविश्वासी—4:13 के "बाकी लोग"—तैयार नहीं थे और "प्रभु का दिन" से चकित होंगे (देखें आयत 2)। आत्मिक रीति से वे "सो गए" हैं, प्रभु की आज्ञा से पूरी तरह अनभिज्ञ हैं। इस आत्मिक **नींद** की अपेक्षा रात की सन्तानों से ही होती है, परन्तु ये विशेषताएं मसीहियों में नहीं होनी चाहिए जो "दिन की सन्तान" हैं। उन्हें आत्मिक रूप से जागृत बने रहना चाहिए, जो "दिन के सन्तान" के लिये बिल्कुल सही है।

जो कुछ उसने सिखाया था उसपर आधारित चेतावनी देते समय, पौलुस ने कहा, हम **चौकस** हो जाएँ (γρηγορέω, *ग्रेगोरेओ*)। "सचेत रहना" सोने या सोए या मदहोश होने का विपरीत है और इसमें जागते रहने का विचार हो सकता है, सम्भवत: इसलिए क्योंकि किसी को सोने के खतरे का पता चले।

यदि किसी मसीही ने अपने को सोने दिया तो उसे "जाग जाना" चाहिए (रोमियों 13:11; NIV) और एक बार फिर चौकस हो जाना चाहिए। मसीहियों को **संयमी** भी बनना चाहिए (νήφω, *नेफो*)। सामान्यता इस शब्द का अर्थ "नहीं पीया हुआ" है परन्तु इसका और अधिक साधारण अर्थ भी है, जिसका तात्पर्य किसी व्यक्ति का अपने इन्द्रियों को अपने वश में रखने से है। वास्तव में, अपनी इन्द्रियों के बिना नियंत्रण के, सचेत रहने के लिये एक प्रभावशाली आदत का होना असम्भव है। सम्भवतः यहाँ पर इसका यही अर्थ है। NIV में "संयमी" के बदले "स्वयं-नियंत्रित" का प्रयोग किया गया है।[11]

आयत 7. आयत 6 का जो "सोते रहना" है वह आलंकारिक है, आत्मिक नींद, परन्तु यहाँ, पौलुस वास्तविक तथ्य की ओर मुड़ता है पीछे जो उसने अलंकार प्रयोग किया था। आयत 7 में, वह वास्तविक नींद की बात कर रहा था और वास्तविक भाव में **मतवाले** होने की बात कर रहा था। जबकि कुछ अपवाद हैं, इनको आमतौर पर रात के कार्य माना गया है (प्रेरितों के काम 2:15)।

शाब्दिक रूप में, बाइबल अंश में पढ़ते हैं "जो मतवाले μεθύω (*मेतुओ*) होते हैं वे रात ही को मतवाले μεθύσκω (*मेतुस्को*) होते हैं।" रॉबर्टसन के अनुसार, "*मेतुस्को* और *मेतुओ* के मध्य अर्थ में अधिक अन्तर नहीं है ... सिवाय कि *मेतुस्को* के ... जिसका अर्थ है मतवाले होना।"[12]

आयत 8. दिन के हैं पहले ही बताया जा चुका है (देखें आयत 5), जैसे **संयमी** रहना (देखें आयत 6)। यहाँ पौलुस ने बताया हम कैसे आत्म-संयमी रह सकते हैं: विश्वास, प्रेम और आशा को पहनकर, तीन मुख्य मसीही कृपा (देखें 1:3; 1 कुरिन्थियों 13:13)। परमेश्वर में **विश्वास** या भरोसा तब भी जब कुछ उल्टा होता हुआ दिखाई देता हो और **प्रेम** (ἀγάπη, *अगापे*), उन लोगों की सहायता करने की तीव्र इच्छा जिनको सहायता की जरूरत हो चाहे उन्होंने आपका मजाक ही उड़ाया हो, एक तरह की **झिलम** बन जाती है, आलंकारिक, आत्मिक हथियार की एक रक्षात्मक कृति जो हमारी रक्षा करने में सहायता करती है जब शैतान "हमें अपने वश में" करने का प्रयास करता है। इस हथियार का एक अन्य भाग **उद्धार की आशा** (प्राप्त करने की तीव्र इच्छा) है। यह "उद्धार" पाप से अन्तिम छुटकारा और स्वर्ग में पुत्रों के रूप में सुनिश्चित गोद लिया जाना (रोमियों 8:22-25 के साथ तुलना करें)। एफ. एफ. ब्रूस यहाँ गलातियों 5:5 में "उद्धार की आशा" और "धार्मिकता की आशा" के मध्य समानता को देखता है।[13]

यह "उद्धार की आशा" हमारे लिए एक अन्य रक्षात्मक हथियार को बनाती है, जोकि सिर की रक्षा करने के लिए टोप है। दरअसल, जब स्वर्ग की आशा हमारे मनों में दृढ़ होती है तो शैतान के प्रबल प्रलोभनों के विरुद्ध खड़े हो सकते

हैं जो वह हम पर फेंकता है। स्वयं को ईश्वरीय आचरण में चलाने से, हम तैयार हो सकते हैं—एक अच्छे योद्धा की तरह हमें हमेशा प्रभु के दिन के लिए तैयार रहना चाहिए, ताकि वह हमें तैयारी के बिना न पकड़े जैसे चोर आता है।

मसीही के हथियार जिनका पौलुस ने बार बार वर्णन किया है (इफिसियों 6:11-17) एक मसीही के जीवन में हमेशा एक सी शक्ति में नहीं रहते। उदाहरण के लिए, इफिसियों में "झिलम" "धार्मिकता की" है जबकि यहाँ पर "विश्वास और प्रेम की" है। यहाँ इसमें कोई विरोधाभास नहीं है। उदाहरण के लिए, पवित्रशास्त्र में कहा गया है कि हम परमेश्वर के परिवार में जनमे (यूहन्ना 3:5) और इसमें गोद लिए गए (रोमियों 8:15; KJV)। शाब्दिक रूप से यह दोनों विचार विरोधाभासी हैं, वे आलंकारिक रूप से विरोधाभासी नहीं है। वे मात्र पुत्रत्व के भिन्न भिन्न पक्षों को चित्रित करते हैं।

आयत 6 से 8 की रोमियों 13:11-14 के साथ कई समानताएँ हैं:

1 थिस्सलुनीकियों 5:6-8	*रोमियों 13:11-14*
आयत 6 – जागते रहो (आत्मिक रूप से)	आयत 11 – जागते रहो (आत्मिक रूप से)
आयत 8 – संयमी रहें (चौकस)	आयत 12 – बुरे के कामों को त्यागें (अन्धकार के)
आयत 8 – आत्मिक हथियार पहन लो	आयत 12 – हथियार बांध लो (ज्योति के)
	आयतें 13, 14 – शालीनतापूर्वक व्यवहार करें (उपद्रवी ढंग से नहीं)

आयत 9. इन भाइयों को "प्रभु के दिन" के लिए अपने आप को सुरक्षित रखने के लिए उन गुणों को पहनना था जिनका आयत 8 में वर्णन किया गया है (आयत 2), क्योंकि परमेश्वर ने हमें **क्रोध** (पीड़ित होने) **के लिए नहीं ठहराया** है। परमेश्वर की योजना हमें परमेश्वर का "क्रोध" सहने के लिए नहीं बुलाती है। उस दिन में "क्रोध" का अर्थ दण्ड है (1:10; रोमियों 2:5-11)। परमेश्वर की योजना अवज्ञाकारियों को क्रोध सहने के लिए बुलाती है, परन्तु विश्वासयोग्य मसीही निश्चित **उद्धार** और स्वर्ग में लेपालकपन को प्राप्त करेंगे (रोमियों 8:22-25)। इसे हमारे **प्रभु यीशु मसीह के द्वारा** सुलभ किया गया है (देखें इफिसियों 1:7)। क्रूस पर उसकी मृत्यु के बिना, हमारे पास उद्धार पाने का कोई अवसर नहीं था।[14]

आयत 10. हम यीशु के द्वारा बचाए गए हैं, और यह उसकी **हमारे लिए**

मृत्यु के कारण ही सम्भव हुआ। पौलुस और थिस्सलुनीकियों के "बहुत से" उन भाइयों में से थे, जिन के लिए यीशु ने कहा उनके लिए लहू "बहाया गया" है (मत्ती 26:28)। थिस्सलुनीके में रहते हुए, पौलुस ने प्रचार किया था कि मनुष्य के उद्धार के लिए "मसीह को दुख उठाना था" (प्रेरितों के काम 17:3; देखें 1 पतरस 2:24)। पौलुस ने कहा कि उसने दुख उठाया ताकि **हम उसी के साथ जीएं**। अर्थात मसीह ने उस पाप को मिटाने के लिए जिसने हमें उससे अलग कर रखा था दुख उठाया ताकि हमारा उससे मेल हो जाए (2 कुरिन्थियों 5:18, 19) और हम हमेशा के लिए उसके साथ रहें (4:17)। ब्रूस ने देखा कि यहाँ "अनिश्चित ζήσωμεν (*ज़ेसोमेन*, 'हम रह सकें') इसका अर्थ यह है कि जीवन जो मसीह के लोग प्राप्त करते हैं ... उस पुनरागमन में प्रवेश करने के लिए पुनरुत्थान जीवन है।"[15] जब वह दिन अर्थात "प्रभु के दिन" आएगा तो यह लाभ हमारे होंगे, **चाहे हम सोते हों या जागते हों**। "जागने" का अर्थ शारीरिक अवस्था में जीवित और "सोए हुए" का अर्थ शारीरिक रूप से मृतक। पौलुस इस बात को नहीं जानता था कि क्या वह मसीह के आने पर जीवित रहेगा, और उसने इस बात की कोई चिन्ता भी नहीं की। वह जानता था कि प्रभु के वापस आने के उस महिमामय समय में वह और सभी मसीही लोग साझी होंगे। थिस्सुनीकियों के पास उनके प्रिय जनों के लिए दुख मनाने का कोई कारण नहीं था जो पहले मर चुके थे।

आयत 11. यह जबकि मसीह के आने के विषय सच्चाइयाँ हैं, पौलुस ने कहा, इसलिए **एक दूसरे को शान्ति दो** ("एक दूसरे को हिम्मत बंधाओ"; NEB) और **एक दूसरे की उन्नति का कारण बनो, जैसा कि तुम करते भी हो**। वे पहले ही से ऐसा कर रहे थे, परन्तु पौलुस की इच्छा थी कि इस कार्य में और अधिक लगे रहें (देखें 4:1)। "उन्नति करो" यूनानी शब्द οἰκοδομέω (*ओइकोडोमिओ*) से लिया गया है और "यह भवन निर्माण के रूप में ऐसी बातों के लिए सही रूप से लागू होता है। परन्तु पौलुस इसे संभवतः आलंकारिक रूप से प्रयोग करता है मसीहियों को विश्वास में उन्नति करने के लिए।"[16]

यह पहला समय नहीं है कि इस पत्री में पौलुस ने इन भाइयों को चेतावनी दी हो और इसलिए अप्रत्यक्ष रूप से यह हमें भी चेतावनी दी गई है कि "एक दूसरे को शान्ति दिया करो" (देखें 4:18)। एक दूसरे के प्रति हमारी मसीही जिम्मेदारी पर जोर देता है। जब एक भाई गिरावट में होता है तो यह हमारी भी समस्या है और जब हम आत्मिक जरूरत में होते हैं तो यह उसकी समस्या भी है। प्रत्येक मसीही जो परमेश्वर की प्रेरणा से दिए गए वचन को गम्भीरता से लेता है वह अपने भाई के प्रति अपनी जिम्मेदारी को भी गम्भीरता से लेता है।

व्यावहारिक प्रोत्साहन (5:12-22)

[12]हे भाइयो, हम तुम से विनती करते हैं कि जो तुम में परिश्रम करते हैं, और प्रभु में तुम्हारे अगुवे हैं, और तुम्हें शिक्षा देते हैं, उनका सम्मान करो। [13]और उनके काम के कारण प्रेम के साथ उनको बहुत ही आदर के योग्य समझो। आपस में मेलमिलाप से रहो। [14]हे भाइयो, हम तुम्हें समझाते हैं कि जो ठीक चाल नहीं चलते उनको समझाओ, कायरों को ढाढ़स दो, निर्बलों को संभालो, सब की ओर सहनशीलता दिखाओ। [15]सावधान! कोई किसी से बुराई के बदले बुराई न करे; पर सदा भलाई करने पर तत्पर रहो, आपस में और सब से भी भलाई ही की चेष्टा करो। [16]सदा आनन्दित रहो। [17]निरन्तर प्रार्थना में लगे रहो। [18]हर बात में धन्यवाद करो; क्योंकि तुम्हारे लिये मसीह यीशु में परमेश्वर की यही इच्छा है। [19]आत्मा को न बुझाओ। [20]भविष्यद्वाणियों को तुच्छ न जानो। [21]सब बातों को परखो; जो अच्छी है उसे पकड़े रहो। [22]सब प्रकार की बुराई से बचे रहो।

आयतें 12, 13अ. यह आयत व्यावहारिक चेतावनियों की एक श्रृंखला के साथ आरम्भ होता है जो आयत 22 तक आगे बढ़ता है। पौलुस उन्हें आदेश दे सकता था, परन्तु उसने यह कहना पसंद किया, **हम तुम से विनती करते हैं,** क्योंकि वह अपने **भाइयों** से बात कर रहा था (5:4 पर किए गए विचार-विमर्श को देखें)।

उसकी पहली विनती यह थी कि अपने अगुवों का **सम्मान करो।** सम्मान करो के लिए यूनानी शब्द οἶδα (*ओयडा*) के रूप में अनुवाद किया गया है। यद्यपि ओयडा का शाब्दिक अर्थ "जानना" होता है (KJV), इस संदर्भ में अपने साथ यह भी होता है, "सम्मान" और "आदर" करने के लिए "जानने" का विचार है (NIV)।

जिन व्यक्तियों को पौलुस चाहता था कि वे "जानें" और उनका "आदर" करें, उनका ऐसे व्यक्तियों के रूप में वर्णन किया गया है जो इन सभी बातों को करते हैं, उनके लिए यह मात्र एक यूनानी उल्लेख है।

यह वह व्यक्ति थे जो **उनमें परिश्रम करते हैं**। "परिश्रम" के लिए मूल शब्द (κοπιάω, *कोपिआओ*) है जो श्रमसाध्य परिश्रम को प्रकट करता है। इन सबसे बढ़कर, यह व्यक्ति जो थे यह मात्र निर्णय करने वाले नहीं थे। वे जा रहे थे, आ जा रहे थे और कार्य कर रहे थे, अपने समय और स्वयं का त्याग कर रहे थे।

प्रभु में तुम्हारे अगुवे हैं। NEB "तुम्हारे अगुवे हैं।" "अधिकार रखो" यूनानी शब्द (προΐστημι, *प्रोयस्टमे*), से आता है और इसका अर्थ है "शासन करना, अगुआई करना, प्रधान होना"[17] यह वाक्य स्पष्ट करता है कि ये अगुवे थे जो

मण्डली को मार्गदर्शन करने के लिए जिम्मेदार थे। "प्रभु में" दर्शाता है जो जिम्मेदारी उन अगुवों के पास थी वह मसीह में आत्मिक देह अर्थात कलीसिया के लिए थी (इफिसियों 1:22, 23)।

उनको उन्हें **शिक्षा** देनी थी। "शिक्षा देने" के लिए यूनानी शब्द (νουθετέω, *नायतेटिओ*), और इसके साथ विचार जुड़ा हुआ है कोई बड़ा व्यक्ति छोटे भाई को प्रेम से सलाह दे। 1 कुरिन्थियों 4:14 इसके वही शब्द प्रयोग करता है ("चेतावनी दे"; NIV) और इस शब्द का भाव देता है।

कलीसिया में इन तीन बातों को करने के लिए किसी तरह के व्यक्तियों के समूह जिम्मेदार है? लोगों के "अगुवा" केवल प्राचीन के लिए उपयुक्त लगता है (प्रेरितों के काम 20:28; 1 तीमुथियुस 5:17), और "परिश्रम" और "मार्गदर्शन" करना भी यक़ीनन प्राचीनों के लिए ही उपयुक्त लगता है। मौरिस सहमत हैः

> इस एकल उल्लेख के पीछे यहाँ यूनानी में तीन सिद्धान्त हैं। बात यह है कि यह एक लोगों का समूह है जो तीनों ही कार्यों को करते हैं, और तीन भिन्न-भिन्न समूह नहीं है। मुख्य बात यह जो हमें सोचने के लिए प्रेरित करती है कि कलीसिया के एल्डरस को सम्बोधित किया गया है। इस तरह के त्रिगुणी कार्य को करने के लिए और किसके विषय विचार किया गया होगा?[18]

रेमंड सी. केल्सी विश्वास करते थे वहाँ "दृढ़ सम्भावना यह थी कि वे व्यक्ति नबी थे।"[19] अर्थात, वे जो आयत 20 की नबूवत कर रहे थे। जे. डब्ल्यू. मैकगारवे और फिल्लिप वाय. पेंडल्टोन विश्वास करते थे कि यह व्यक्ति एल्डरस ही थे जैसे रॉबर्टसन ने किया।[20] इस पत्री का दृष्टिकोण अधिकांशतः सही है।

परन्तु, क्योंकि यह कलीसिया मात्र 6 महीने की आयु की ही थी, तो उनके पास पहले ही से एल्डरस कैसे हो सकते थे? हमारे पास इस विषय दरअसल कोई सूचना नहीं है। हो सकता है उनमें से नए विश्वासी आत्मिक रूप से मन परिवर्तन से पहले परिपक्व यहूदी थे, और उनको मात्र यही समझाने की जरूरत थी कि यीशु ही उनका मसीह था और परिपक्व मसीही बनने के लिए उन्होंने सुसमाचार का पालन किया।

ज़रा फिर से एल्डरस के कार्यों का वर्णन जो यहाँ किया गया है, उस पर विचार करें। यह दिखाई देता है पहली बार इसे परिश्रम के रूप में वर्णन किया गया है। वे थकित होने तक परिश्रम करने के लिए तैयार थे। इसके बाद जो वाक्य आता है वह सम्भवतः उस कार्य की व्याख्या है। यह विशेष रूप से झुण्ड के ऊपर है अर्थात व्यावहारिक बातों में अगुआई प्रदान करना और "निर्देश" देने के लिए या प्रेम से सुधार करने के लिए उनपर पर नज़र रखना है जब भेड़ जैसा उसे करना चाहिए वैसा नहीं करती। पौलुस ने उन्हें पहले ही से बताया था कि

परमेश्वर के राज्य में "परिश्रम" कोई प्रेम से करेगा (1:3)।

एल्डरस को बहुत ही आदर (ἡγέομαι, *हिजियोमाय*) के योग्य समझना है, जिसका मौरिस के अनुसार अर्थ यह है कि उनको "किसी भी बात में नीचा न देखा जाए।"[21] यह "आदर" कहाँ विद्यमान है, उनकी बिनतियाँ अनदेखा नहीं की जाएँगी।

विलियमस ने टिप्पणी की:

> आदर के लिए क्रिया (ἡγέομαι, *हिजियोमाय*) का सामान्य अर्थ है "मानना" या "सम्बन्ध रखना" उस शब्द के निष्पक्ष भाव में (2 थिस्सलुनीकियों 2:15 से तुलना करें), परन्तु क्रिया-विशेषण के द्वारा यहाँ और भी अधिक आशावादी विचार का मूल तत्व बताया गया है, [ὑπερεκπερισσῶς, *हाइप्रेक्पेरीस्सोस*] (3:10 पर विचारविमर्श देखें), और क्रिया-विशेषण के वाक्य के द्वारा, "प्रेम में।" कलीसिया के सदस्यों को उनके अगुवों का आदर करने के लिए कहा गया है, उनमें जो व्यक्तिगत गुण है उनके कारण से नहीं, परन्तु उनके कार्य के कारण से, उस भाव में कि उनका कार्य उत्तम होता जाए, चाहे कलीसिया में या कलीसिया के बाहर, यदि उनको यह महसूस करवाया जा सकते कि वे प्रिय लोग हैं।[22]

पौलुस ने कहा, उनके प्रति सदस्यों के भय के कारण उन्हें यह "आदर" नहीं मिला; बल्कि यह प्रेम में उनके मेल मिलाप के कारण था। **उनके काम के कारण इस प्रेम** को उन तक बढ़ना था। यह माना गया है कि एक योग्य एल्डर अपने पूरे समर्पण से कार्य करेगा यह देखने के लिए कि राज्य का विस्तार होता है और यह कि सदस्य पाप से बचें और आत्मिक रूप से बढ़ें। इस बात से यह स्पष्ट होती है कि एल्डर केवल या मुख्य रूप से निर्णय लेने वाले नहीं हैं। इसके बजाय वे प्रिय पास्टर (पासबान) हैं जो कलीसिया की उन्नति के लिए अपने सब कुछ देंगे और एक दिन उनको इस बात का लेखा देना है कि उन्होंने अपना कार्य कैसे किया है (इब्रानियों 13:17)। यह इस बात को स्पष्ट करती है कि इस कार्य के लिए किसी भी व्यक्ति को न चुना जाए जब तक कि वह इस के लिए अपनी रुचि न प्रकट करे और अपने संगी मसीहियों के प्रति प्रेम प्रदर्शित न करे (तीतुस 1:8 के साथ इसकी तुलना करें)।

आयत 13ब. आपस में मेलमिलाप से रहो। यह प्रोत्साहन उस आदेश के साथ मिलता जुलता है कि अपने अगुवों का बहुत ही आदर करो। वे प्रत्यक्ष रूप से ऐसा करने में विफल थे और इससे कुछ विवाद खड़ा हो गया था, जैसे एक आलोचना और अनादर का व्यवहार हमेशा रहता था। वास्तव में, प्रभावशाली अगुआई मात्र इच्छुक और योग्य अगुवों पर निर्भर नहीं करती परन्तु इसके

लिए इच्छुक अनुयायियों की भी जरूरत होती है। इसके लिए ऐसे सदस्यों की जरूरत होती है जो सच्च में प्रत्येक भाई जिसे एल्डरस भी शामिल हैं के साथ मेलमिलाप के साथ रहने का प्रयास करें (मरकुस 9:50; रोमियों 12:18; 2 कुरिन्थियों 13:11)। जब अगुवाई करने वालों के साथ या अन्य लोगों के साथ असहमति हो, वह व्यक्ति जो ईमानदारी से मेलमिलाप के साथ रहना चाहेगा अपनी जुबान पर काबू रखेगा और वह भाई या भाइयों के पास जाएगा जिसके साथ उसकी असहमति है। आमतौर पर, समझौते पर पहुँच गए। और आगे चलकर वह खुलेआम उस बात की आलोचना नहीं करेगा जो उसके तरीके से नहीं होती है। प्रत्येक मसीही जिस भी कलीसिया का वह सदस्य है अपने भरसक प्रयास से मेलमिलाप को बढ़ावा दे।

आयत 14. ऐसा दिखाई देता है कि पौलुस प्रोत्साहन के अन्य समूह की ओर चला गया **है। हे भाइयो, हम तुम्हें समझाते** ["आग्रह करते हैं"; RSV] हैं **जो ठीक चाल नहीं चलते उन्हें समझाओ** या मण्डली में (NIV) "जो निरुपयोगी हैं उन्हें सावधान करो।" "समझाओ" यूनानी शब्द νουθετέω (*नाउथेटिओ*) से आता है और "प्रोत्साहन, सावधान करना, निर्देश देना" इसके अर्थ हैं (आयत 12 को भी देखें)।[23] "ठीक चाल नहीं चलते" के लिए युनानी शब्द है ἄτακτος (*अटाक्टोस*), सैनिक के लक्षण की ओर वापस जाए जिसका पौलुस ने पहले प्रयोग किया (5:8) और एक सैनिक को दर्शाता है जो अन्य सैनिकों के साथ नहीं चलता जब वे कूच करते हैं। वह पीछे गिरता है और कदम से कदम मिलाने का प्रयास नहीं करता। जैसे जॉर्ज मिलीगन ने दर्शाया, अटाकोस शब्द आमतौर पर आलसी लोगों के लिए प्रयोग किया गया था,[24] और थिस्सलुनीकियों में इस तरह के लोग थे (2 थिस्सलुनीकियों 3:11)।

सामान्य रूप से इस शब्द की परिभाषा है "अव्यवस्थित," परन्तु मार्शल ने सही कहा है, "अव्यवस्थितता की एक विशेष प्रकार मन में है जो कार्य करने से इनकार करती है और वह आम कर्मचारियों के जीवन आचरण से मेल खाती है।"[25]

कुछ लोगों ने प्रत्यक्ष रूप से निष्कर्ष निकाला कि मसीह का आना इतना नजदीक है तो रोजाना के काम करना जैसे नौकरी पर जाना तो व्यर्थ की बात है, इसलिए उन्होंने काम करना बन्द कर दिया और वे दूसरों पर निर्भर रहने लगे। पौलुस ने साफतौर पर इस क्रिया का खण्डन किया। मसीही ऐसे लोग हैं जो स्वयं के गुजारे के लिए कार्य करना चाहते हैं, और इसके बाद उनके पास दूसरों की मदद करने के लिए पर्याप्त रहना चाहिए (इफिसियों 4:28 भी देखें)। आलस्य कई बुराइयों को जनम देता है, पौलुस ने मण्डली को "सावधान करने" और "ताड़ना" देकर समझाया, या गम्भीरता से उन लोगों से बातचीत की जो परमेश्वर की इच्छा से भटक गए थे और आलस्य की ओर चले गए थे। एक बार

फिर, प्रत्येक अन्य भाई के प्रति यह भाई की जिम्मेदारी को दर्शाता है।

उसी अंश के साथ पौलुस ने कहा कि **कायरों को ढाढ़स दो**। जैसे कि भिन्न भिन्न अनुवादों में पाया गया है, इस यूनानी भाव का अनुवाद करना कठिन है, परन्तु ऐसा दिखाई देता है कि NASB बढ़िया अनुवाद देता है। कुछ "कायर" थे क्योंकि जैसा हमने देखा (4:13-18), उनके प्रिय जन मर गए थे और उनको भय था कि वे मसीह के दूसरे आगमन की महान घटना में शामिल नहीं होंगे। पौलुस ने भाइयों को सलाह दी कि वे निराश लोगों के साथ पौलुस की शिक्षाओं पर बातचीत करें और उन्हें "शान्ति" देने का प्रयास करें (4:18)।

उनको **निर्बलों को संभालना** भी था। "संभालो" ἀντέχω (*एण्टीको*) शब्द से है और किसी व्यक्ति में या किसी वस्तु में एक दृढ़ रुचि लेने का संकेत करता है।[26] पौलुस को उन लोगों की चिन्ता थी जो आत्मिक रूप से "निर्बल" थे और जिन्हें "सहायता" की जरूरत थी। दृढ़ होने के लिए, उन्हें भाइयों की जरूरत थी जो उनको सम्भालें और उन्हें जीवन के पथ पर लाने के लिए उत्साहित करें। बलवानों की निर्बलों के प्रति स्पष्ट जिम्मेदारियाँ थीं (रोमियों 15:1)।

अपनी चेतावनियों से पौलुस भिन्न वर्गों के लोगों की ओर मुड़ा, उसने उस बात की ओर संकेत किया कि जिसकी ज़रूरत सम्पूर्ण कलीसिया को है। उसने कहा, **सब की ओर सहनशीलता दिखाओ**। अर्थात "सभी के" प्रति कोमल, सहनशील और धीरजवान बनें। किसी अपरिपक्व व्यक्ति की सहायता या सेवा करना अपने अहम की तृप्ति करने से कहीं महत्वपूर्ण है।

आयत 15. पौलुस ने कहा कि **सावधान !कोई किसी से बुराई के बदले बुराई न करे**। यह चेतावनी बदला लेने की स्वाभाविक प्रवृत्ति को रोकती है (रोमियों 12:17 के साथ तुलना करें)। इस शिक्षा का एक अन्य दृष्टिकोण इस तथ्य में देखा गया है ὁρᾶτε (*होरेट*, से ὁράω *होराओ*), जो कि "सावधान" बहुवचन से लिया गया है, जिसका अर्थ कि समूह को सम्बोधित किया गया है। फ्रेम ने कहा, "यह सारा समूह उस हर एक व्यक्ति का जिम्मेदार है (τις) जिसका धीरज क्षीण हो गया है और जो बदला लेने को तैयार है ...।"[27]

मण्डली को इस बात का निश्चय करना था कि दो भाई बुराई के बदले में बुराई करने की प्रवृत्ति में न "पड़ें।" जब ऐसा होना आरम्भ हो, तो व्यक्तिगत भाई और अगुवों को "उसे देखना" चाहिए कि ऐसी बात विद्यमान न रहे। इस तरह के कार्य करने की बजाय, एक मसीही को यह सीखना चाहिए कि **आपस में भलाई करने की चेष्टा करे**। "भलाई" निस्संदेह उस व्यक्ति के लिए लाभदायक है जो क्रिया को प्राप्त करता है। यह है तो कठिन, जब हमारे साथ कोई बुराई करता है, तब हमें उसकी सहायता करने के लिए भलाई करनी चाहिए, ऐसा करने से हम उसके सिर पर "अंगारों का ढेर रखते हैं" (रोमियों 12:20; देखें नीतिवचन 25:21, 22)। इन "अंगारों" का ढेर उसको भस्म करने

की इच्छा से प्रयोग नहीं किया गया, परन्तु उसकी कठोरता को पिघलाने के लिए और उसको लज्जित करने के लिए ताकि तनाव मिट जाए। मसीहियों को **सब लोगों** के प्रति ऐसा ही होना चाहिए जिसमें गैर मसीही लोग भी शामिल हैं। (ध्यान दें पौलुस की चिन्ता इस पत्री में गैर मसीहियों के लिए है [3:12; 4:12] और गलातियों 6:10 में उसके कथन में। पतरस के कथन के 1 पतरस 3:9 और यीशु के कथन मत्ती 5:38-41 के साथ भी तुलना करें।)

आयतें 16, 17. एक दूसरे के साथ कैसा व्यवहार करना है इस पर निर्देश देने के बाद, पौलुस ने उनको जीवन के प्रति व्यवहार के विषय चेतावनी दी, यह **सदा** उनके **आनन्दित** होने का कारण हो और वे आनन्द से भरे रहें। परमेश्वर ने हमें हमारे भूतकाल के पापों से उद्धार के साथ आशीषित किया है और उसने हमें गारंटी के रूप में पवित्र आत्मा दिया है कि वे हमें सदा के लिए बचाएगा (इफिसियों 1:13, 14; रोमियों 8:32)। हमारी कठिनाइयाँ होने के बावजूद भी, मसीहियों के पास आनन्दित रहने के कई कारण हैं।

सच्चे मसीही का आनन्द परमेश्वर के प्रति धन्यवाद की प्रार्थना की भरपूरी में बहना चाहिए। उसी तरह से कठिनाइयों के बीच में सच्चा मसीही परमेश्वर के साथ बातचीत करना चाहेगा। इस तरह से **निरन्तर प्रार्थना में लगा रहेगा**। मौरिस ने ध्यान दिया कि यहाँ पौलुस ने शब्द प्रयोग किया है, "προσεύχεσθε [*प्रोसियुचेसथे*], जो कि भक्ति, परमेश्वर की ओर ताकने को अभिव्यक्त है बजाय इसके कि δέομαι [*डिओमाय*], जो अपनी ज़रूरत पर ध्यान केन्द्रित करने की अभिव्यक्ति है .... Προσεύχομαι [*प्रोसियुचोमाय*], यह अधिक विस्तृत शब्द है, और प्रार्थना के लिए अन्य शब्द भी शामिल हो सकते हैं।"[28]

निश्चय ही पौलुस का यह अर्थ नहीं था कि मसीही हमेशा ही घुटने के बल रहे या उनके होंठ लगातार कुछ-कुछ बोलते ही रहे। इसके स्थान पर उसका अर्थ यह है कि मसीहियों को परमेश्वर की उपस्थिति का और परमेश्वर पर निर्भर होने का लगातार आभास होना चाहिए जो उनका लगातार अपने स्वर्गीय पिता से बातचीत करने की इच्छा का कारण होगा, इस सम्भावना के साथ कि दिन में कई बार हो (देखें रोमियों 12:12; इफिसियों 6:18; लूका 18:1)।

आयत 18. जिस प्रार्थना के विषय पौलुस ने आयत 17 में कहा है यह **हर एक बात** से बढ़कर **धन्यवाद** देना है, किसी भी बात में या किसी भी स्थिति में वह स्वयं को देखे धन्यवाद प्रकट करना है। मौरिस ने ध्यान दिया जो "अभिव्यक्ति यहाँ पर है, ἐν παντὶ [*एन पाण्टी*], इसका अर्थ 'हर समय नहीं' है और वास्तव में, 2 कुरिन्थियों 9:8 में πάντοτε [*पेण्टोटे*] से यह भिन्न दिखाई देता है। बल्कि इसका अर्थ है 'प्रत्येक बात में,' अर्थात, 'सभी परिस्थितियों

में।'"[29] उसी तरह से पौलुस ने कहा कि "हर एक बात और सब दशाओं में" उसने संतुष्ट रहना सीख लिया है (फिलिप्पियों 4:12)।

जब सबकुछ सही चल रहा हो हमें परमेश्वर को धन्यवाद देना चाहिए (2:13), परन्तु हमे परीक्षाओं के समय में भी परमेश्वर का धन्यवाद करना चाहिए, क्योंकि "विश्वास के परखे जाने से धीरज उत्पन्न होता है" (याकूब 1:3)। यह **तुम्हारे लिए परमेश्वर की यही इच्छा है,** या जो वह चाहता है कि आप करें। यह कथन मात्र "धन्यवाद देने" का ही उल्लेख नहीं करता है परन्तु "सदा आनन्दित रहने" और "लगातार प्रार्थना करने" का भी करता है। इस तरह की जीवन शैली और व्यवहार ऐसे आचरण का निर्माण करता है **मसीह यीशु में** आप करें परमेश्वर चाहता है, अर्थात, उसकी देह में (रोमियों 6:3, 4; इफिसियों 1:22, 23 के साथ तुलना करें), परमेश्वर के परिवार के एक भाग के रूप में। इतना ही पर्याप्त नहीं है कि हम अन्दर से धन्यवाद महसूस करें। परमेश्वर चाहता है कि हम उस भाव को प्रकट करें।

आयत 19. यहाँ जो उल्लेख है वह पवित्र **आत्मा** का है, ईश्वरत्व का तीसरा व्यक्ति, जो उन लोगों के हृदयों में आता है जो परमेश्वर की आज्ञा मानने के समय पर उसकी आज्ञा मानते हैं (प्रेरितों के काम 5:32)। पौलुस ने हमारे साथ आत्मा का सम्बन्ध आग के समान किया जो कि कहीं और आलंकारिक रूप से आत्मा के लिए प्रयोग किया गया है (देखें प्रेरितों के काम 2:3; 2 तीमुथियुस 1:6), और वह हमें बताता है आत्मा की आग को न बुझाओ या "आहत" न करें (NIV)। "बुझाओ" शब्द आमतौर पर आग के शोलों को बुझाने के लिए प्रयोग किया गया है (देखें मत्ती 25:8; मरकुस 9:48)।

"बुझाओ" शब्द (σβέννυμι, *सबेन्नुमी*), पर टिप्पणी करते हुए रॉबर्टसन ने कहा, "वर्तमान आदेशात्मक के साथ मेरे लिए अर्थ है इसको करने से रुक जाए या इसे करने की आदत न बनाएँ।"[30]

"आत्मा को बुझाने" का अर्थ क्या है? मैकगार्वे, पेंडलटोन, मौरिस और अन्य लोगों ने माना कि हो सकता है पौलुस हममें आत्मा के व्यापक अर्थ में कार्य करने की बात कर रहा होगा। अर्थात वे आत्मा के गैर-चमत्कारी माप का उल्लेख करते हैं जो हमारी आज्ञाकारिता के समय सभी मसीहियों को दिया जाता है (प्रेरितों के काम 5:32), जब हम मसीह में बपतिस्मा लेते हैं और पुत्र बन जाते हैं (रोमियों 6:3, 4; गलातियों 4:6, 7)। इसलिए, किसी भी प्रकार की अनैतिकता, क्रोध, कार्य करने के बजाय आलस्य, या किसी अन्य प्रकार की बात जो आत्मा द्वारा दी गई शिक्षा (यूहन्ना 16:3) के विपरीत हो, उसका भावार्थ उस आत्मा को "बुझाना" या "आहत" करना होगा, जो एक मसीही के भीतर वास करता है। भले ही पौलुस इस संदर्भ में आत्मा के चमत्कारी कार्यों के विषय उल्लेख करते हुए दिखाई देता है, यह सच है कि कोई भी जीवनशैली

जो वचन के विपरीत है हमारे जीवनों में आत्मा के "आहत करने" या उसे "बुझाने" का भाव है।

केल्सी, मिल्लीगन और अन्य लोगों का विचार है कि पौलुस ने यहाँ अनोखे वरदान जैसे अन्य भाषा बोलने, चंगाई का वरदान और अन्य आश्चर्यकर्मों के संदर्भ में कहा है (1 कुरिन्थियों 12:28), जो कि पहली शताब्दी में मात्र कुछ ही व्यक्तियों को दिए गए थे (देखें 1 कुरिन्थियों 12:29)। आग पर रेत को डालने के समान, विचार यह है कि वे जो थिस्सलुनीके में थे जिन्होंने पौलुस के हाथों से इस तरह के चमत्कारी वरदान को प्राप्त किया था (प्रेरितों के काम 8:18 से तुलना करें) उनका प्रयोग करने की बजाय उन वरदानों की ज्वाला को ठंडा कर रहे थे। यह विचार जो कि आयत 20 पर बेहतर रूप से फिट बैठता है, अत्यधिक सम्भावित व्याख्या दिखाई देती है। यदि यह उचित व्याख्या है तो हम पवित्र आत्मा को आज उसी भाव से "आहत" नहीं कर सकते क्योंकि हमारे पास वह चमत्कारी शक्तियाँ नहीं हैं जो प्रेरितों के हाथ रखने से आई थीं।

आयत 20. आयत 19 में सामान्य चेतावनी से पौलुस विशेष रूप से नबूतव के वरदान पर बोलने के लिए रुका। इफिसियों 4:11 में पौलुस ने लिखा, "और उस ने कुछ को प्रेरित नियुक्त करके और कुछ को भविष्यद्वक्ता नियुक्त करके ... दे दिया।" पहली शताब्दी की कलीसिया में, प्रेरित आरम्भ में परमेश्वर की इच्छा को प्रकट करते थे, परन्तु नबियों ने भी प्रकाशन प्राप्त किए (देखें 1 कुरिन्थियों 14:29-32, विशेष रूप से आयत 30), सम्भवतः प्रेरितों ने जो पहले ही प्रकट किया था उसके अनुप्रयोग के विस्तृत भाव में। किसी दशा में, परमेश्वर ने इन प्रेरणा पाए हुए व्यक्तियों के द्वारा मसीह ने जो वरदान दिया उसके द्वारा बातचीत की। इसलिए उनकी **भविष्यद्वाणी सम्बन्धी बातचीत** को तुच्छ न जाना जाए, शाब्दिक रूप से "तुच्छ जानना।"

"भविष्यद्वाणी सम्बन्धी बातचीत," शब्द προφητεία (*प्रोफेटिया*) से, थिस्सलुनीके के कुछ लोगों के द्वारा तुच्छ जानी गई थीं। ब्रूस ने कहा, "हो सकता है कि थिस्सलुनीके में ऐसी प्रवृत्ति रही हो, जैसे बाद में कुरिन्थुस में, नबूवत से बढ़कर दिखाई देनेवाले वरदानों को अधिक मान्यता देना।"[31] मौरिस ने सोचा कि मसीही जिन्होंने अभी तक नबियों के रूप में नहीं पहचाना था, हो सकता है उन्हें "वार्ताएँ" दी हों, इसलिए वहाँ पर उनका तिरस्कार करने की प्रवृत्ति थी, भले ही वे परमेश्वर की ओर से हों।[32] यह व्याख्या संदेहजनक है।

इन नबूवतों का तिरस्कार करना परमेश्वर का तिरस्कार करना था जिसने उन्हें प्रकट कर रहा था। पौलुस के अनुसार, यह "नबूवतें" (जोकि आमतौर पर वर्तमान और कभी कभी भविष्य के विषय शिक्षाएँ होती थीं; पढ़ें प्रेरितों के काम 11:27, 28) उनको अधिकाधिक महत्वता देनी चाहिए, वरदान अन्य भाषा के वरदान से बढ़कर इन्हें महत्वता देनी चाहिए। पौलुस ने लिखा,

"आत्मिक वरदानों की भी धुन में रहो विशेष करके यह, कि भविष्यद्वाणी करो" (1 कुरिन्थियों 14:1)। फिर उसने यह कहा कि "जो भविष्यद्वाणी करता है, वह कलीसिया की उन्नति करता है ... अन्य भाषा बोलनेवाला कलीसिया की उन्नति के लिये अनुवाद न करे तो भविष्यद्ववाणी करनेवाला उस से बढ़कर है" (1 कुरिन्थियों 14:4, 5)।

यह ऐसा लगता है कि थिस्सलुनीके की कलीसिया में कुछ नैतिक ढिलाई (4:1 पर विचार विमर्श को देखें) और मसीह के दोबारा आने के विषय गलत विचार (4:13-5:11) प्रबल थे क्योंकि वे नबियों को सुनने में विफल रहे थे, वे उनका अपमान करते थे। पौलुस ने कहा यह गलत था। यह सम्भावना है कि उनका बर्ताव झूठे नबियों के साथ रहा था और उन बर्तावों ने उन्हें सभी नबियों के प्रति संदेहवादी बना दिया था (1 यूहन्ना 4:1; 2 थिस्सलुनीकियों 2:1-3 के साथ तुलना करें)।

भले ही आज हमारी कलीसिया में इस तरह के उत्प्रेरित "नबी" नहीं रहे, जैसा कि हम पहले ही देख चुके हैं, हमारे पास प्रचारक या सुसमाचार सुनाने वाले व्यक्ति हैं, जिनको परमेश्वर का वचन सुनाने का आदेश मिला है। जब तक कि हम इस बात को प्रमाणित न कर सकें कि प्रचारक जो कह रहा है वह परमेश्वर के प्रकाशन के साथ मेल खाता या नहीं तब तक हमें उसे "तुच्छ नहीं" जानना चाहिए। इस तरह की शिक्षा को स्वीकार करने की हमारी गम्भीर जिम्मेदारी है।

आयत 21. एकबार फिर, हो सकता है थिस्सलुनीके के मसीहियों को झूठे नबियों से गलत अनुभव हुए हो जिन्होंने इनको धोखा दिया था। 1 यूहन्ना 4:1 आयत में, यूहन्ना अपने पाठकों से विनती की "आत्माओं को परखो, कि वे परमेश्वर की ओर से हैं कि नहीं; क्योंकि बहुत से झूठे भविष्यद्वक्ता जगत में निकल खड़े हुए हैं।" 2 थिस्सलुनीकियों 2:1-3 में, पौलुस ने कुछ धोखों के विषय सावधान किया। यदि उन्होंने इतना धोखा खाया था कि धोखे ने सम्भवतः उनको उन सभी बातों के प्रति तिरस्कार की भावना उत्पन्न कर दी जिन्होंने अनोखी आत्मिक वरदानों को बताया उनको यह भय था कि कहीं वे फिर से न "धोखे में आ जाएँ।" यही एक ठोस कारण रहा होगा कि क्यों उन्होंने सभी "नबूवतों" को तिरस्कार करने की प्रवृत्ति बना ली। पौलुस ने कहा यह ठीक नहीं है। इसके बजाय उसने विनती की कि **सब बातों को परखो** या "सब बातों को प्रमाणित करो" (KJV), और भली बातों को थामते हुए मात्र झूठ का ही त्यागें। ब्रूस ने देखा कि यहाँ πάντα (*पेंटा*) "कर्मकारक एकवचन की बजाय अकर्मक बहुवचन है।" इसलिए इसको ऐसा समझा जाना चाहिए "सब कुछ" न कि "सब व्यक्ति।"[33]

थिस्सलुनीकियों को यह बात सीखने की जरूरत थी कि उन्हें इतने चरम

पर नहीं जाना चाहिए, परन्तु झूठे और सच्चे नबियों के बीच भेद जानने के लिए अपनी बुद्धि का प्रयोग करना चाहिए। स्पष्ट है कि उन्होंने पौलुस के आश्चर्यकर्मों के द्वारा सच्चाई को और मसीह के दोबारा आने के विषय पर शिक्षाओं को सुना और देखा था और अन्य बातें जो सच्ची थीं और जो भी बातें उनका विरोध करती थीं वे झूठी थीं और उनको त्यागा जाना था। इसके अतिरिक्त, एक अनोखा वरदान था जिसने उनकी सच्च और झूठ के भेद को जानने में सहायता की (1 कुरिन्थियों 12:10; 14:29)। हो सकता है पौलुस उनको यह भी सुझाव दे रहा था कि इसका प्रयोग किया जाना चाहिए। जब भेद कर लिया गया तब उनको भलाई को थामना था। अर्थात इसको ग्रहण करना था, इसका अभ्यास करना था और इसे अन्य लोगों को सिखाना था।

आज हमारे पास पवित्र आत्मा के अनोखे वरदान नहीं हैं, क्योंकि यह प्रेरितों के हाथ से दिए गए थे (प्रेरितों के काम 8:17, 18) और प्रेरित अब मर चुके हैं। परन्तु, "जो शब्द पौलुस प्रयोग करता है वे पूरी तरह सामान्य हैं, और उन्हें हर तरह की बातों पर लागू करना है और मात्र आत्मिक वरदानों के दावेदार ही नहीं होना है।"[34] अन्य शब्दों में, यह मसीही का निरंतर कर्तव्य है कि वह परमेश्वर मानक, उसकी दिव्य इच्छा के द्वारा "हर बात" की जाँच करे।

आयत 22. कुछ व्यक्तियों के द्वारा यह निष्कर्ष निकाला गया, KJV अनुवाद के कारण से "सब प्रकार की बुराई से बचे रहो," कि यहाँ मात्र उसका ही खण्डन नहीं कर रह था जो बुराई थी, परन्तु वह भी जो बुराई दिखाई देती थी। यह बात पवित्रशास्त्र में और भी कहीं सिखाई गई है (2 कुरिन्थियों 8:19-21), परन्तु यहाँ पर पौलुस का यह विचार नहीं था।

जैसा हेनरी एलफ्रेड ने देखा, KJV का सही अनुवाद नहीं है। विचार तो "सब प्रकार की बुराई से बचे" रहने का है।" एलफ्रेड ने कहा, "इन शब्दों को इस तरह से समझने कोई सम्भावना नहीं है ...'*सब प्रकार की बुराई से बचो,*' क्योंकि (1) εἶδος [*इडियोस,* का अर्थ है 'रूप'] इस भाव में 'उपस्थिति' कभी भी प्रकट नहीं करता हैः (2) वाक्य के दो सदस्य तार्किक रूप में एकमत नहीं हैं ..."[35] रॉबर्टसन भी इससे सहमत हैं।[36]

इस आयत की पृष्ठभूमि वही है जो हमने पिछले आयत 21 में देखा था, "सब बातों को परखो; जो अच्छी हैं उसे पकड़े रहो" (NIV)। यहाँ पौलुस ने जोड़ा है कि **सब प्रकार की बुराई से बचे रहो**। बुराई वह है जो परमेश्वर के वचन की परख में खरी नहीं उतरती; सबसे पहले झूठी नबूवत (मत्ती 7:15), और फिर विस्तार से, अन्य कोई भी झूठी बात या विचार।

उस दिन, उनको जिस बुराई से बचने की जरूरत थी उसमें यह भी शामिल है "व्यभिचार, गन्दे काम, लुचपन। मूर्ति पूजा, टोना, बैर, झगड़ा, ईर्ष्या, क्रोध, विरोध, फूट, विधर्म। डाह, मलवालापन, लीलाक्रीड़ा, और इन के ऐसे और

काम हैं" (गलातियों 5:19-21; NIV)।

उस बुराई से जो आज अतिव्याप्त है निष्ठावान मसीही को बचना चाहिए जिनका पौलुस ने गलातियों की पत्री में नाम लेकर बताया है। व्यभिचार, गन्दे काम, लुचपन। मूर्ति पूजा, टोना, बैर, झगड़ा, ईर्ष्या, क्रोध, विरोध, फूट, विधर्म। डाह, मलवालापन, लीलाक्रीड़ा, यह सभी अभी भी आम घटनाएं हैं और हमें इनसे बचना है। इसके अतिरिक्त, समलैंगिक कामुकता, नशीली दवाएँ और अश्लील चित्र, उन बातों के साथ साथ आज सूची में यह भी शामिल हो सकते हैं। यह सब बुराई है क्योंकि वह परमेश्वर के वचन पर "खरे" नहीं उतरते।

शब्द **बचे रहो** ἀπέχω (*अपिचो*), से लिया गया है, एक दृढ़ शब्द जो अलग रहने पर जोर देता है जिसे मसीही और जो भी गलत है इनके बीच रहना चाहिए। सच्चा मसीही बुराई को सहन नहीं करेगा। दरअसल पौलुस ने कहा, "इन के विषय में मैं तुम को पहिले से कह देता हूं जैसा पहिले कह भी चुका हूं, कि ऐसे ऐसे काम करनेवाले परमेश्वर के राज्य के वारिस न होंगे" (गलातियों 5:21)।

समापन की बातें (5:23-28)

[23]शान्ति का परमेश्वर आप ही तुम्हें पूरी रीति से पवित्र करे; और तुम्हारी आत्मा और प्राण और देह हमारे प्रभु यीशु मसीह के आने तक पूरे पूरे और निर्दोष सुरक्षित रहें। [24]तुम्हारा बुलानेवाला सच्चा है, और वह ऐसा ही करेगा। [25]हे भाइयो, हमारे लिये प्रार्थना करो। [26]सब भाइयों को पवित्र चुम्बन से नमस्कार करो। [27]मैं तुम्हें प्रभु की शपथ देता हूँ कि यह पत्री सब भाइयों को पढ़कर सुनाई जाए। [28]हमारे प्रभु यीशु मसीह का अनुग्रह तुम पर होता रहे।

आयत 23. थिस्सलुनीकियों के निश्चित उद्धार के सम्बन्धी पौलुस ने सुन्दर प्रार्थना की। वह थिस्सलुनीकियों को कुछ बातों के लिए अनुरोध कर रहा था (जैसे कि बुराई से बचो)। उसने यहाँ इस बात का संकेत किया कि वास्तविक सामर्थ्य का स्रोत परमेश्वर है। ऐसा करते हुए उसने परमेश्वर को **शान्ति का परमेश्वर** कहा। कई अन्य स्थानों पर भी उसने कहा "शान्ति का परमेश्वर" (रोमियों 15:33; देखें 2 कुरिन्थियों 13:11)।

आयत 12 से 22 तक निश्चय ही कुछ उद्धरण हैं, जहाँ उसने उनको अपने अगुवों का आदर करने और उनसे प्रेम करने और "आपस में मेलमिलाप से रहने" (आयत 13)। का अनुरोध किया। यहाँ उसने उनको बताया कि परमेश्वर "शान्ति का परमेश्वर है," उसे शान्तिपूर्ण व्यवहार के द्वारा वर्णन किया गया है, इसके उसे मनुष्य के साथ मेलमिलाप करने दिया जब मनुष्य उनका विरोधी

था और अन्याय से अपने सृष्टिकर्ता पर दोष लगा रहा था (रोमियों 5:8)। 2 कुरिन्थियों 5:19 मसीह में "परमेश्वर के स्वयं के संसार के साथ मेलमिलाप" के विषय बताता है। क्योंकि उसने स्वयं मसीहियों के साथ मेलमिलाप किया है, तो ऐसा निष्कर्ष निकालना तार्किक है कि उसकी यह इच्छा है कि हम एक दूसरे के साथ मेलमिलाप करने के लिए वही व्यवहार रखें। यदि हम उसके मेलमिलाप के आदर्श का अनुसरण करेंगे, तो हम अपने और दूसरों व्यक्तियों के बीच सारे तनाव को हटाते हैं और दूसरों के साथ हम "मेलमिलाप के साथ रहने का" प्रयास करते हैं (रोमियों 12:18)।

पौलुस की यह प्रार्थना थी कि यह "शान्ति का परमेश्वर" थिस्सलुनीकियों को **पवित्र** (ἁγιάζω, *हगीज़ो*) **करे।** "पवित्र करने का" अर्थ है किसी विशेष सेवा या उद्देश्य के लिए अलग होना या "उन बातों को हटाना जो पवित्रता की विरोधी हैं।"[37] मसीही अपने मनपरिवर्तन के समय से ही पवित्र होना आरम्भ करते हैं (1 कुरिन्थियों 6:11; 1:2), परन्तु वह क्रिया हमारे जीवन भर लगातार चलती रहती है (4:3) ज्यों ज्यों हम परिपक्वता की सीढ़ियों पर चढ़ते जाते हैं। पौलुस की यह प्रार्थना थी कि यह पवित्रता की क्रिया लगातार जारी रहे, ताकि वह **पूरी रीति से पवित्र** हो जाएँ। मसीह के दोबारा आने पर मात्र इसी तरह से कोई अपने उद्धार को आश्वस्त करता है।

यह प्रार्थना करने के बाद कि थिस्सलुनीके के विश्वासी "हर दृष्टिकोण से" निर्दोष हों (NIV), पौलुस अपनी प्रार्थना को भिन्न प्रकार से किया: वह चाहता था कि वे निष्कलंक रहे, या सही आरोप से ऊपर रहें, और इसलिए अपनी देह, प्राण और आत्मा के प्रति निर्दोष घोषित किए जाएँ। यूनानियों ने एक व्यक्ति को तीन भागों में बांटा है: **आत्मा**—विशेष रूप से मनुष्य का अविनाशी भाग जो परमेश्वर के सदृश्य है; **प्राण**—उसके मनोविकार में तुच्छ पशु स्वभाव जुड़ा हुआ है; और **देह।** यह बड़ी अनोखी बात दिखाई देती है कि पौलुस यहाँ इस विचार से सहमत हो रहा था। मौरिस ने टिप्पणी की, "पौलुस यहाँ इस समय मानवीय स्वभाव की रचना का वर्णन नहीं रहा है, परन्तु प्रार्थना में रहने की बात कर रहा है। वह एक सजीव रूप का प्रयोग करता है इस बात पर जोर देने के द्वारा कि सम्पूर्ण मनुष्य और न कि इसका कुछ भाग इसमें लगा हुआ है।"[38]

असल में, पौलुस के लिए, एक "बाहरी मनुष्य" था, जो नाश होता जाता है, और "आंतरिक मनुष्य," मसीहियों के विषय में "दिन प्रति दिन नया" होता जाता है (2 कुरिन्थियों 4:16)। इसलिए ऐसा दिखाई देता है कि उसने मात्र प्रत्येक शब्द को प्रयोग किया तब वह मनुष्य के भागों को वर्णन करने के लिए प्रयोग किया जाता था (आत्मा, प्राण और देह) इस बात पर जोर देने के लिए कि उसकी इच्छा यह थी कि एक मसीही पूर्ण रूप "निष्कलंक रहे" या सारी निन्दा से परे रहे। इसकी तुलना मरकुस 12:30, 31 के साथ करें, जहाँ यह

संदेहजनक है कि "हृदय," "मन" और "बल" में स्पष्ट अंतर किया गया। यीशु ने सम्पूर्णता पर जोर देने के लिए इनका मात्र प्रयोग किया।

उनकी पूर्ण पवित्रता या निष्कलंकता के लिए पौलुस की प्रार्थना, उस समय के आस पास ध्यान केन्द्रित थी जिस पर वह पहले ही लम्बा विचार विमर्श कर चुका था (4:13—5:11)—**हमारे प्रभु यीशु मसीह के आने तक।** अपने दोबारा आने के समय वह मृतकों को बुलाएगा, पवित्र लोगों को छुटकारा देगा और दुष्टों को दण्ड देगा (यूहन्ना 5:25-29)। पौलुस की प्रार्थना थी कि थिस्सलुनीके के विश्वासी धर्मी ठहराए हुए लोगों में यीशु के दाहिने हाथ होंगे (मत्ती 25:33) और उनका स्वर्ग में स्वागत होगा।

पौलुस ने उसे प्यार से "हमारे प्रभु यीशु मसीह" कहा। एक भाव में "हमारा प्रभु" होना उसके दोबारा आने के दिन की महान आशा प्रदान करता है और कुछ लोगों के लिए वह दिन क्रोध का दिन होगा (5:9), परन्तु मसीहियों के "छुटकारे" का महान दिन होगा (इफिसियों 4:30)। यह विचार इस पत्री में पौलुस के उद्देश्य का सार प्रस्तुत करता है कि थिस्सलुनीके के विश्वासी इस तरह का जीवन व्यतीत करें कि मसीह के दूसरे आगमन पर वे निष्कलंक हों।

आयत 24. पिछले आयत में, पौलुस ने प्रार्थना व्यक्त की कि परमेश्वर थिस्सलुनीकियों के विश्वासियों को न्याय के दिन जब प्रभु वापस आए तो वह उन्हें विश्वासयोग्य और "निष्कलंक" पाए। पौलुस ने कहा कि इस तरह की बात में परमेश्वर अपनी भूमिका निभाएगा। उसने यह कहते हुए आरम्भ किया कि परमेश्वर ही **तुम्हारा बुलानेवाला** है। उसी तरह की अभिव्यक्ति 2:12 आयत में पाई जाती है, जहाँ पौलुस ने लिखा, "परमेश्वर जो तुम्हें अपने राज्य और महिमा में बुलाता है।" परमेश्वर कैसे बुलाता है? क्या वह प्रत्येक व्यक्ति को स्वर्ग से दर्शन के द्वारा बुलाता है जैसे पौलुस के मामले में हुआ था (प्रेरितों का काम 9)? नहीं, थिस्सलुनीकियों को लिखे अपने दूसरे पत्र में पौलुस ने कहा, "उस ने तुम्हें हमारे सुसमाचार के द्वारा बुलाया" (2 थिस्सलुनीकियों 2:14)। इसलिए, उनकी बुलाहट के समय, और हमारी, यह वह समय है जब कोई सुसमाचार को सुनता है। जब आज कोई सुसमाचार के प्रचार को सुनता है, वह अप्रत्यक्ष रूप में परमेश्वर के द्वारा उसके पास आने के लिए और उसकी सेवा करने के लिए और आज्ञापालन के द्वारा पापों की क्षमा पाने के लिए बुलाया गया।

पौलुस का यहाँ इस बात पर जोर था कि परमेश्वर हमें अपनी किसी भावना के द्वारा नहीं "बुलाता" है और तब किसी ढुलमुल तरीके के द्वारा नहीं इसके विषय भूल जाएँ। वह न केवल हमें "बुलाता" है, वह पूरी तरह से साथ देता है। वह ऐसा ही करेगा। वह कार्य करता है। वह **ऐसा ही करेगा।** जैसा गिनती 23:19 में बिलाम ने कहा, "ईश्वर मनुष्य नहीं, कि झूठ बोले, और न

वह आदमी है, कि अपनी इच्छा बदले। क्या जो कुछ उस ने कहा उसे न करे? क्या वह वचन देकर उसे पूरा न करे?" उत्तर यहाँ पर स्पष्ट रूप से बताया गया है। नहीं। परमेश्वर ऐसी प्रतिज्ञा नहीं करता जिसे वह पूरा न करे। वह पूरा करेगा जैसा पौलुस ने यहाँ कहा है, क्योंकि वह **सच्चा** है।

वही पुष्टि कि परमेश्वर "विश्वासयोग्य है" पवित्रशास्त्र में कई स्थानों पर मिलता है।[39] क्या इसका अर्थ यह है कि परमेश्वर का हृदय विश्वास या भरोसे से भरा हुआ है? नहीं, इसके बजाय इसका अर्थ यह है कि आप उस पर उसकी प्रतिज्ञाओं को पूरा होने के लिए निर्भर रह सकते हैं। "सच्चा" शब्द यूनानी शब्द πιστός (*पिस्तोस*) से आता है और जिसका अर्थ है "वह जो बुलाता है और वह पूरा करेगा (फिलिप्पियों 1:6)।"[40] जो कुछ उसने कहा है वह उसके हमेशा साथ खड़ा होगा और वह उसे पूरा करेगा। यह पौलुस की अपने परमेश्वर में विश्वास की पुकार थी जिसने उसे कई बार सहायता की जिसके कारण से वह कह सका, "क्योंकि मैं उसे जिस की मैंने प्रतीति की है, जानता हूं; और मुझे निश्चय है, कि वह मेरी थाती की उस दिन तक रखवाली कर सकता है" (2 तीमुथियुस 1:12)। पौलुस का आत्मविश्वास अपने परमेश्वर के स्वभाव में था। वह जानता था कि परमेश्वर व्यक्तिगत रूप से "पूरा करेगा" और थिस्सलुनीके के विश्वासियों को न्याय के दिन तक "निष्कलंक रखेगा" सभी विश्वासयोग्य मसीहियों के लिए कितना सान्त्वना भरा विचार है।

निस्संदेह हमारा परमेश्वर हमें पूर्ण रूप से पवित्र करेगा और अन्तिम दिन तक हमारी रक्षा करेगा यदि हम वही करेंगे जो उसने हमें करने के लिए कहा है। उसके प्रति विश्वासयोग्य रहने के लिए हमें अपनी प्रतिज्ञाओं को पूरा करना है जैसा कि वह हमारे प्रति विश्वासयोग्य है। जैसा यहूदा ने कहा है हमें वैसे ही रहना है, "अपने आप को परमेश्वर के प्रेम में बनाए रखो" (यहूदा 21)। पतरस ने हमें स्मरण दिलाया यह "विश्वास के द्वारा" ही हमारी "रक्षा परमेश्वर की सामर्थ्य से ... उस उद्धार के लिये, जो आनेवाले समय में प्रगट होनेवाली है, की जाती है" (1 पतरस 1:5), परन्तु यदि हम अपने विश्वास "रूपी जहाज़ को डुबो" दें (जैसा कि पौलुस ने कहा कइयों ने किया है; 1 तीमुथियुस 1:19) तब परमेश्वर हमारे सहयोग के बिना हमें निष्कलंक नहीं रखेगा। हमें भी विश्वासयोग्य रहना है जैसा वह "विश्वासयोग्य है।" जैसा उसके भाग के लिए, पौलुस ने कहा हमें चिन्ता नहीं करनी, "वह इसे पूरा करेगा।" यदि हम अपने भाग को करेंगे, तब:

> परमेश्वर के चुने हुओं पर दोष कौन लगाएगा? परमेश्वर वह है जो उनको धर्मी ठहरानेवाला है। फिर कौन है जो दंड की आज्ञा देगा? मसीह वह है जो मर गया वरन मुर्दों में से जी भी उठा, और परमेश्वर की दाहिनी ओर

> है, और हमारे लिये निवेदन भी करता है। कौन हम को मसीह के प्रेम से अलग करेगा? क्या क्लेश, या संकट, या उपद्रव, या अकाल, या नंगाई, या जोखिम, या तलवार? ... परन्तु इन सब बातों में हम उसके द्वारा जिस ने हम से प्रेम किया है, जयवन्त से भी बढ़कर हैं। (रोमियों 8:33-37)।

वास्तव में, हमारा परमेश्वर विश्वासयोग्य है, और यदि हम विश्वासयोग्य रहेंगे, तो वह हमें उस दिन विजय प्रदान करेगा।

आयत 25. पौलुस ने थिस्सलुनीके के भाइयों से और अपने सहकर्मियों से अनुरोध करता हैं कि **हमारे लिए प्रार्थना करो**। इस तरह का अनुरोध उसने कई बार किया है (2 थिस्सलुनीकियों 3:1; कुलुस्सियों 4:3; इफिसियों 6:19)। रोमियों 15:30 में उसने कहा, "और हे भाइयो, मैं यीशु मसीह का जो हमारा प्रभु है और पवित्र आत्मा के प्रेम का स्मरण दिला कर, तुम से विनती करता हूं, कि मेरे लिये परमेश्वर से प्रार्थना करने में मेरे साथ मिलकर लौलीन रहो।" 2 कुरिन्थियों 1:11 में उसने कुरिन्थुस के विश्वासियों को यह कहते हुए आश्वासन दिया कि वे "मिलकर प्रार्थना के द्वारा हमारी [उनकी] सहायता करोगे [करेंगे]।"

"प्रार्थना" के लिए यूनानी शब्द προσεύχομαι (*प्रोसियुकोमाय*) है, और वर्तमान आदेशात्मक इसका रूप है (आयत 17 की व्याख्या देखें)। वर्तमानकाल कार्य के एक निर्धारित समय तक चलने की सम्भावना का संकेत करता है। अन्य शब्दों में पौलुस ऐसा कह रहा होगा, "हमारे लिए प्रार्थना करते रहो।" मौरिस ने देखा कि पौलुस ने अनुरोध किया वे "लगातार प्रार्थना करते रहे (अपूर्ण काल)।"[41]

जब हम पौलुस के विषय सोचते हैं, हम सोचते हैं कि वह इतना दृढ़ और आत्म-निर्भर था कि उसे कोई परेशानी नहीं थी, या यह कि उसको दूसरों की प्रार्थना की जरूरत नहीं थी, परन्तु यह धारणा गलत है। पौलुस ने अपने विषय में इस तरह निश्चित रूप से कभी नहीं सोचा था। 1 कुरिन्थियों 9:27 में, उसने खुलेआम अंगीकार किया कि वह अपनी देह को काबू में रखता है और उसे अपने वश में रखता है ताकि अन्य लोगों को प्रचार करने के बाद, वह इस प्रतिफल के लिए अयोग्य न ठहरे। 2 कुरिन्थियों 7:8 में उसने दर्शाया कि वह कुछ बातों के लिए भयभीत था कि वह कुरिन्थियों पर बहुत सख्ती से पेश आया था। उसको संदेह था कि क्या वह उनकी कठिनाइयों का सही तरीके से निपटारा कर सकेगा। उसको अपनी व्यक्तिगत परीक्षाओं का सामना करने के साथ ही साथ परमेश्वर के कार्य को करने के लिए उनकी प्रार्थनाओं की जरूरत थी। विलियम बार्कले ने कहा:

> यह बड़ी अनोखी बात है कि सब संतों के महान संत ने महसूस किया कि वह विनम्र मसीहियों की प्रार्थनाओं के द्वारा सामर्थी हुआ था। एकबार एक महान प्रवक्ता जिसे अपने देश के लिए उच्च अधिकारी होने के लिए चुना जाने का प्रस्ताव आया, उसके दो मित्रों ने उसे बधाई दी और उसने उन्हें तुरन्त उत्तर दिया, "मुझे अपनी बधाई मत दो; मेरे लिए प्रार्थना करो।" पौलुस के लिए प्रार्थना एक स्वर्ण-श्रंखला थी जिसमें वह लोगों के लिए प्रार्थना करता था और लोगों ने उसके लिए प्रार्थना की।[42]

आयत 26. उसके अन्तिम शब्दों में, **पवित्र चुम्बन** के साथ नमस्कार करो के विषय पौलुस की इस टिप्पणी को देखते हैं। पवित्र चुम्बन के साथ नमस्कार करने के लिए प्रोत्साहन पौलुस के द्वारा कई स्थानों पर दिया गया है: एकबार रोम के भाइयों के लिए (रोमियों 16:16) और दो बार कुरिन्थुस के भाइयों के लिए (1 कुरिन्थियों 16:20; 2 कुरिन्थियों 13:12)। पतरस ने भी बिना संदेह के इस तरह के नमस्कार के विषय कहा जब उसने एशिया माइनर के भिन्न भिन्न भागों में रहने वाले भाइयों को लिखा था, उन्हें कहा, "प्रेम से चुम्बन ले लेकर एक दूसरे को नमस्कार करो" (1 पतरस 5:14)। इसलिए जैसा कि देखा जा सकता है, एशिया माइनर, यूनान और इटली में प्रेरितों के समयों में यह प्रचलित था। मसीहियत के आने से पहले समस्त रोम जगत में भी गहरे मित्रों और सम्बन्धियों में एक दूसरे को नमस्कार करने का यह सामान्य तरीका था। रॉबर्टसन कहता है यह "रब्बियों के लिए प्रथागत नमस्कार" था।[43] परन्तु, संसार के उस भाग में यह मात्र रब्बियों तक ही सीमित नहीं था।

पौलुस और पतरस एक "मसीही नमस्कार" की रचना नहीं कर रहे थे, वे ऐसा नमस्कार ले रहे थे जो पहले ही से विद्यमान था और कहा जाता था जिसे मसीहियों ने प्रयोग किया, उसको इस बात को निश्चित करना चाहिए कि यह "पवित्र" या सच्चा था या जैसे पतरस ने कहा, "प्रेम से।" अन्य शब्दों में, उनको अपने भाई के सामने मैत्री और विनम्रता पूर्वक नहीं करना चाहिए, उसका चुम्बन ले और पीछे उसकी बुराई करे। इस तरह का तो अशुद्ध चुम्बन होगा, उसी के अनुरूप यहूदा ने मसीह को चुम्बन दिया था (मत्ती 26:49)। मौरिस ने देखा कि "समय बीतने के साथ साथ पुरुष और स्त्री एक दूसरे का चुम्बन करते थे; प्रत्यक्ष रूप से यह अनुपयुक्त दृश्यों की ओर ले गया,"[44] जिससे जरूरी हो गया कि पौलुस ने बात पर जोर दिया कि कोई भी चुम्बन पवित्र चुम्बन होना चाहिए।

पौलुस ने कहा कि वे **सब भाइयों को पवित्र चुम्बन से नमस्कार करो**। "सारे" भाइयों को नमस्कार करना था, उनको भी जो नैतिक रूप से ढीले थे (4:1) और वे जो आलसी थे (4:1, 11, 12)। वह अभी भी निर्बलों से प्रेम

करता था और आशा करता था कि वे पश्चाताप करें। बाइबल के अन्य अधिकांश भागों में, मसीहियों को उसकी ओर से "एक दूसरे को" प्रेम से और निष्ठा से नमस्कार करने के लिए कहा गया।

इस शिक्षा को हमारी प्रथा हाथ मिलाने पर लागू करने के लिए, हम समझते है पौलुस ने कहा कि पवित्र और निष्ठावान प्रेम से हाथ मिलाना हो संसार के लोगों के पाखण्ड से बचो जो एक व्यक्ति से हाथ मिलाते हैं और बाद में अक्सर लाक्षणिक रूप "उसकी पीठ पीछे वार करते हैं।"

आयत 27. पौलुस इतना चिन्तित था कि थिस्सलुनीके के प्रत्येक भाई को उसकी पत्री को सुनना था जो उसने कहा, **मैं तुम्हें प्रभु की शपथ देता हूँ** कि यह पत्री सब भाइयों को पढ़कर सुनाई जाए। यह बड़ी सख्त भाषा है। पौलुस ने अनिवार्य रूप से कहा, "मैं तुम्हें शपथ देता हूँ," या गम्भीर जिम्मेदारी "प्रभु में," या प्रभु के साथ हमारी साक्षी के रूप में, जो आपको यह देखने के लिए बाध्य करते हैं कि सारे भाई इस पत्री को सुनें। रॉबर्टसन के अनुसार "शपथ देना, ἐνορκίζω (*इनोरकिज़ो*) से है प्राचीन ὁρκίζω (*होकिज़ो*) के लिए पिछला यौगिक है (मरकुस 5:7), किसी से शपथ खिलवाना।"[45] पौलुस के द्वारा यहाँ प्रयोग किया गया "तुम्हें" मण्डली में सभी भाइयों को शामिल करता है परन्तु, स्पष्ट रूप से अगुवों को आयत 12 में दर्शाया गया है जिनके पास बड़ी जिम्मेदारी होगी।

यह स्पष्ट दिखाई देता है कि प्रत्येक भाई का पत्री के साथ व्यक्तिगत सम्पर्क हो यह बात पौलुस के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण थी। जैसा कि उसने 1 कुरिन्थियों 14:37 में कहा, जो वह लिख रहा था वह "प्रभु की आज्ञा" थी, और व्यक्तिगत रूप से इसे पढ़ना या सुनना प्रत्येक मसीही की जिम्मेदारी थी। नया नियम की पत्रियों में लिखी गई ये सबसे पुरानी पत्री है जो लगभग 51 ईस्वी में लिखी गई, और इसने इस सिद्धान्त पर जोर दिया, जैसा प्रकाशितवाक्य में किया गया है जो यूहन्ना के द्वारा लिखा गया लगभग 100 ईस्वी में। वास्तव में यूहन्ना ने उस पत्री में लिखा, "धन्य है वह जो इस भविष्यद्वाणी के वचन को पढ़ता है, और वे जो सुनते हैं" (प्रकाशितवाक्य 1:3)। कुलुस्सियों 4:16 में, पौलुस ने फिर पत्री को पढ़ने का आदेश दिया।

शब्द पढ़ो, जिसे पौलुस ने यहाँ पर प्रयोग किया, ऐसा शब्द था जो अक्सर अर्थ होता है "खुले आम पढ़ी जाए।" चाहे ऐसा हो या न हो इसका अर्थ है कि इस संदर्भ में यह एक खुला प्रश्न है। पढ़े जाने का सबसे तार्किक स्थान जिसका उसने आदेश दिया वह प्रभु के प्रत्येक दिन पर मसीहियों की मण्डली में था। पौलुस इस बात को निश्चित करना चाहता था कि जो भाई आलसी हो वह भी उसे सुने (4:11, 12) और वे जो नैतिक रूप से ढीले (4:1-8) हैं वे भी इसके सम्पर्क में आएँ। जो शब्द उसने लिखे पवित्र आत्मा उनकी समस्याओं का

उपचार था, और वह चाहता था कि वे आत्मा के अपने शब्द सुनें इसके बजाय ऐसा न हो कि वे उन शब्दों को गलत अर्थ के साथ प्राप्त करें जैसा कि पौलुस के दिनों में हुआ था (2 थिस्सलुनीकियों 2:2; 3:17 के साथ तुलना करें)। यहाँ तक आज भी परमेश्वर का गलत प्रमाणित हो सकता है।

आयत 28. इस प्रकार की समापन प्रार्थना के साथ जिसे पौलुस ने अक्सर अपनी पत्रियों का समापन किया। वास्तव में, 2 कुरिन्थियों 13:14 में उसने कहा, "प्रभु यीशु मसीह का अनुग्रह और परमेश्वर का प्रेम और पवित्र आत्मा की सहभागिता तुम सब के साथ होती रहे।" उसने प्रार्थना की कि थिस्सलुनीकियों के विश्वासियों के पास वे सभी आशीषें हों जो मसीह में, उसके प्रिय अनुग्रह में हो सकती हैं।

मूल रूप से, **अनुग्रह** (χάρις, *खारिस*, "कृपा," "अनुग्रह," या "दया-भाव") यह वह है जो आनन्द उत्पन्न करती है। यह आनन्द परमेश्वर का वरदान है जिसके हम योग्य नहीं है, या जिसे हम अपने प्रयत्न से प्राप्त नहीं कर सकते। निश्चय ही पौलुस ने परमेश्वर के अनुग्रह के विषय अधिकाधिक कहा उसकी अपनी तीव्र जागरूकता के कारण से कैसे उसने मसीहियों को सताने में पाप किया था। भले ही वह "सबसे बड़ा पापी" था (1 तीमुथियुस 1:15; NIV), उसने परमेश्वर की कृपा को प्राप्त किया और उसने संदेश का दूसरों को प्रचार करने के लिए परमेश्वर के द्वारा चुना गया था। इस तरह का अनुग्रह, निस्संदेह, उन पापियों पर हुआ जिन्होंने विश्वास किया और आज्ञापालन किया। यह **हमारे प्रभु यीशु मसीह** के द्वारा दिया गया, जो एकमात्र मार्ग, और सच्चाई और जीवन है। वास्तव में, यीशु मसीह के बिना कोई पिता के पास नहीं आ सकता (यूहन्ना 14:6)। विलियम ने लिखा,

> पौलुस विशेष रूप से अनुग्रह को प्रभु यीशु मसीह के साथ जोड़ता है (2 थिस्सलुनीकियों 1:2, 12; 2:16; 3:18)। उसने अपने पत्रों को अनुलेखन करने के लिए प्रथागत लेखक को नियुक्त किया था, परन्तु इस बात पर आने पर वह उस कलम को रोकता और अपने हाथों में अन्तिम शब्द लिखता था (2 थिस्सलुनीकियों 3:17; गलातियों 6:11 के साथ तुलना करें)। आयत 27 का प्रथम पुरुष एकवचन का संकेत जो बदलता है।[46]

पौलुस इस सच्चाई पर हैरान होने से कभी नहीं रुकता था कि परमेश्वर ऐसे अभागे व्यक्ति को ले सकता है जैसा वह था और उसको "परमेश्वर अपना मुफ्त वरदान" देगा जो अनन्त जीवन है (रोमियों 6:23)। उसने प्रार्थना की कि वही अनुग्रह थिस्सलुनीके के विश्वासियों **पर हो**।

जेम्स डैन्नी ने कहा,

> परमेश्वर ने जो कुछ भी हमसे कहना हो और नए नियम की सभी पत्रियों में ऐसी बातें हैं जो हृदय की जाँच करती है और इसे थरथराती है—अनुग्रह के साथ आरम्भ होता है और अनुग्रह के साथ अन्त होता है ... परमेश्वर मनुष्य के लिए जो कुछ था वह यीशु मसीह में इसका सारांश प्रस्तुत है; उसकी समस्त भलाई और सुन्दरता; उसकी समस्त कोमलता और धीरज; उसके प्रेम का पवित्र उत्साह अनुग्रह में एकत्र हुआ है। इससे बढ़कर कोई और क्या इच्छा कर सकता है कि परमेश्वर का अनुग्रह इसके साथ होना चाहिए?[47]

अनुप्रयोग

इस अध्याय में, पौलुस ने इस पत्री के आरम्भिक भाग में डाक्ट्रिन सम्बन्धी शिक्षा के व्यवहारिक अनुप्रयोग को जारी रखा।

अध्याय 4 के अन्तिम पैरा में, पौलुस ने जोर दिया कि जो मसीह में मरे हैं वे उसके दोबारा आने पर छोड़ नहीं दिए जाएँगे। इसलिए, इस अध्याय के आरम्भ के भाग में, उसने उसके आने के समय और मसीही जीवन पर उसके आने के आशयों की चर्चा को आगे बढ़ाया।

यीशु कब आएगा? (5:1-3)

पौलुस की पिछली चर्चा को ध्यान में रखते हुए इस प्रश्न का उठना स्वाभाविक ही है, "प्रभु वापस कब आएगा?" पौलुस इस प्रश्न का उत्तर दिए बिना ही आगे बढ़ गया, क्योंकि उसने पहले ही इसके विषय थिस्सलुनीकियों को बता दिया था। कोई शक नहीं, जब कलीसिया की स्थापना हुई थी उस समय उनको इस सच्चाई के विषय बता दिया गया था। उसने कहा कि वे प्रभु के आने के समय के विषय अच्छी तरह जानते हो। थिस्सलुनीकियों के विश्वासी जानते थे क्योंकि पौलुस ने उनको इसका प्रचार किया था।

पौलुस ने प्रभु यीशु के आने के समय के विषय एक आवश्यक सच्चाई को बताने के लिए चोर के आने के दृष्टांत का प्रयोग किया। उसका दृष्टांत अचानक और अप्रत्याशित का सुझाव देता है। हम कोई चिन्ह या पूर्व चेतावनी नहीं प्राप्त करेंगे इस सच्चाई को छोड़कर कि वह किसी भी समय आ सकता है।

यह मानते हुए कि मसीह का आना चोर के समान होगा, हमें किस तरह से जीवन जीना है?

तत्परता की स्थिति में। हमें हर समय तैयार रहना है। मसीह के वापस आने के ज्ञान से बचाव के द्वारा परमेश्वर अपनी महान बुद्धिमानी को दर्शाता है। यदि हम जानते हैं कि यह निश्चित है, तो हम उसके अनुग्रह का लाभ उठाने में प्रलोभित हो सकते हैं। वह चाहता है कि हम एक यात्री के समान जीवन

व्यतीत करें जो इस संसार में मात्र यही सोचकर जीवन व्यतीत करते हैं और महसूस करते हैं कि कोई भी दिन उनका अन्तिम दिन हो सकता है।

किसी भी पुष्टि की अनदेखी करना संसार बातों की स्थिति का आभास देता। लोग कह रहे हैं, "हम तो शान्ति में है और हमें ऐसी किसी भी बात की चिन्ता नहीं करनी। कोई अनोखी बात नहीं होगी।" हम जानते हैं कि उनकी घोषणाएँ किसी भी सच्चाई को उत्पन्न नहीं करती। वह जो कहते हैं हमें उन्हें अनदेखा करना है क्योंकि हम जानते हैं कि कोई भी दिन अन्त ला सकता है।

"यदि परमेश्वर की इच्छा होती है" ऐसा कहे बिना कोई भी लम्बे समय तक चलनी वाली योजना न बनाएँ। हमारे पास आने वाले दिन की या यहाँ तक कि आने वाले पल की कोई प्रतिज्ञा नहीं है। यीशु ने प्रतिज्ञा दी है कि वह वापस आएगा (यूहन्ना 14:1-3), परन्तु उसने आने के समय को छिपाकर रखा है। उसके वापस आने की आकस्मिकता और अचानक होने को बताने के लिए, दो दृष्टांतों का प्रयोग किया है: रात में चोर और गर्भवती स्त्री को प्रसव पीड़ा। यह उदाहरण स्पष्ट रूप से घोषणा करते हैं कि यीशु किसी भी समय आ सकता है।

हमें कैसे अपना जीवन व्यतीत करना चाहिए? हमें इस संसार में यात्री के रूप में होना है, हमारे उद्धारकर्ता की वापसी के लिए हमेशा तैयार रहना है। हमें इस तरह जीना है "जैसे कि यीशु कल ही मरा, इस सुबह जी उठा है और आज रात आने वाला है।" EC

अन्त की आशा रखना (5:1-3)

यह दो दृष्टांत (चोर का अचानक आना और गर्भवती स्त्री पर अचानक प्रसव पीड़ा होना) यीशु के आने के विषय दो भिन्न सच्चाइयों पर जोर देता है। वे सम्भवतः वे दो बहुत ही महत्वपूर्ण सच्चाइयों पर जोर देते हैं इससे हम उसके आने के विषय जान सकते हैं।

उसके आने की अप्रत्याशितता। यदि हम जानते कि चोर कब आएगा, तो हम उसके लिए तैयार रहेंगे। स्पष्ट रूप से, यह दृष्टांत उसके आने की अनिश्चितता को दर्शाने के लिए प्रयोग किए गए।

उसके आने की अटलता। एक गर्भवती स्त्री अचानक ही प्रसव पीड़ा का अनुभव करती है। वह जानती है कि बच्चा जनने का समय आएगा। प्रसव होना अटल है। चोर की कल्पना अचानक होने को चित्रित करती है, परन्तु यह दृष्टांत अटलता को दर्शाता है।

इसलिए यह मसीह के आने के साथ है। संसार ऐसा कहेगा कि सब कुछ सही है और कुछ बदलाव नहीं होनेवाला, परन्तु वे गलत है। जब वे ऐसा कर रहे होंगे, "शान्ति और कोई खतरा नहीं!" अचानक ही इस पर विनाश आ

पड़ेगा।

प्रभु यीशु के वापस आने की हमारी तैयारी के लिए मात्र दो दृष्टांतों की जरूरत है। प्रभु यीशु के वापस आने के विषय बाइबल आधारित और संतुलित विचार यह है कि वह अवश्य आएगा, परन्तु कोई नहीं जानता वह कब आएगा। हमारे सामने यह निश्चितता है और उसके आने की अनिश्चितता। EC

"उस दिन" (5:1-3)

"प्रभु के दिन की" अभिव्यक्ति अक्सर पुराना नियम में पाई जाती है। नया नियम से पहले, इसे किसी भी दिन के रूप में उल्लेख किया गया है जब परमेश्वर जातियों, नगरों या लोगों पर अपना न्याय या विशेष आशीषों को लाया। अभिव्यक्ति जो पौलुस ने प्रयोग की इसकी पृष्ठभूमि पुराना नियम में मिलती है।

परन्तु आयत 2 में, पौलुस दिन के विषय में लिख रहा था, समय का अन्तिम दिन और संसार का अंत। नया नियम में इस महत्वपूर्ण दिन के विषय कई तरह से उल्लेख किया गया है। इन में से कोई भी तरीका इस दिन के उचित सम्भावना के लिए हमारी सहायता नहीं कर सकेगा।

क्योंकि इसका संबंध प्रभु से है इसलिए यह "प्रभु का दिन" है। पौलुस ने इसको "प्रभु का दिन" कहा क्योंकि इस दिन का केन्द्र प्रभु होगा। मसीही लोग किसी विशेष घटना का प्रतीक्षा नहीं कर रहे हैं; वे किसी विशेष व्यक्ति, उनके उद्धारकर्ता के आने की प्रतीक्षा कर रहे हैं। हर हफ्ते हम प्रभु के दिन में इस आशा से मिलते हैं कि हम एक और प्रभु के दिन अर्थात उसके अंतिम दिन की प्रतीक्षा में लगे हुए हैं। इसलिए हम इसको "परमेश्वर का दिन" (2 पतरस 3:12), "यीशु मसीह का दिन" (फिलिप्पियों 1:6), या "हमारे प्रभु यीशु मसीह का दिन" (1 कुरिंथियों 1:8) के रूप में देखते हैं।

अधार्मिकता के साथ अपने सम्बन्ध के कारण यह "क्रोध का दिन" होगा। पौलुस ने इसे "कठोरता और हठीले मन के अनुसार उसके क्रोध के दिन के लिये, जिस में परमेश्वर का सच्चा न्याय प्रगट होगा" कहा (रोमियों 2:5)। यह आज्ञा न मानने वालों और अधार्मिक लोगों के लिए इस प्रकार का दिन होगा। परमेश्वर चाहता है कि सब लोगों का उद्धार हो और वे सत्य को भली भांति पहचान लें (1 तीमुथियुस 2:4)। वह सबको उद्धार पाने का अवसर प्रदान करता है लेकिन जो उसके इस प्रेम प्रस्ताव को ठुकराते हैं उनके लिए न्याय का एक बड़ा दिन ठहराया गया है।

धार्मिकता के साथ इसका संबंध होने के कारण यह "उद्धार का दिन" होगा। पौलुस ने इसे "छुटकारे का दिन" कहा (इफिसियों 4:30)। इस दिन हमारे

छुटकारे की घोषणा की जाएगी और तब हम अनंत छुटकारे में प्रवेश करेंगे।

सभी वस्तुओं/चीजों के अंत/समाप्त होने के संदर्भ में यह आमतौर पर "उस दिन" कहा गया है। पौलुस ने इसे "उस दिन" (2 थिस्सलुनीकियों 1:10), यीशु ने "अंतिम दिन" (यूहन्ना 6:39), और यहूदा ने "भीषण दिन" (यहूदा 6) कहा है। यह वह दिन है जिसकी ओर सब युग और समय इशारा करता है और इस संदर्भ में इसको "उस दिन" कहा जाए तो उचित होगा। हरेक मसीही के कैलेंडर में "उस दिन" को चिह्नित किया गया है जिसकी ओर सभी वस्तुएं संकेत करतीं हैं।

सबसे बड़ा प्रश्न जो कोई भी उठा सकता है वह यह है, "क्या आप न्याय के दिन के लिए तैयार हैं?" हमारे मनों की स्थिति ही यह बता सकती है कि यह हमारे लिए किस प्रकार का दिन होगा। यदि हम छुड़ाए हुओं में से हैं तो यह हमारे लिए छुटकारे का दिन होगा लेकिन यदि हम आज्ञा न मानने वालों के सूची में हैं तो यह हमारे लिए क्रोध का दिन होगा। EC

प्रभु का दिन (5:1–11)

प्रथम सदी की कलीसिया ने मसीह के पुनरागमन पर अधिक जोर दिया। उन्होंने इस विषय पर अधिक जोर इसलिए दिया क्योंकि प्रेरितों ने उन्हें ऐसा ही सिखाया था। अल्बर्ट बैली का गाना "वाच एण्ड प्रे" इस तथ्य पर रोशनी डालता है:

> जागते रहो और प्रार्थना करो, क्योंकि प्रभु आने वाला है,
> बादलों पर किसी दिन आने वाला है;
> शुद्ध करने वाले सोते में अपने वस्त्र धोओ,
> जागते रहो, ओह, देखो जागते रहो और प्रार्थना करो।
> .....
> हे प्राण, उद्धारकर्ता के चेतावनी पर ध्यान दे,
> और उसके धन्य वचन का पालन कर,
> जब वह आए तो उससे मिलने को तैयार हो जा,
> जागते रहो, ओह, जागते रहो और प्रार्थना करो।[48]

पौलुस ने थिस्सलुनीके के भाइयों को यह शिक्षा ग्रहण करने की सलाह दी। उसने 1 थिस्सलुनीकियों 4:13–18, में यह सिखाया कि जो हमारे प्रिय लोग मर गए हैं वे मसीह के पुनरागमन से वंचित नहीं होंगे। 5:1-11 में पौलुस ने मसीह के पुनरागमन के बारे में उचित ज्ञान दिए जाने पर अधिक बल दिया है।

इन आयतों में पौलुस ने "समयों" और "कालों" पर रोशनी डाली है। "समय"

अनिश्चित कालीन अवधि दर्शाता है। "काल" एक निश्चित या विशेष अवधि को दर्शाता है। पौलुस ने लिखा, "पर हे भाइयो, इसका प्रयोजन नहीं, कि समयों और कालों के विषय में तुम्हारे पास कुछ लिखा जाए" (आयत 1)। यह प्रेरितों के काम की पुस्तक 1:7 में लिखे यीशु के शब्द से सहमत होता है: "उन समयों या कालों को जानना, जिन को पिता ने अपने ही अधिकार में रखा है, तुम्हारा काम नहीं।" स्पष्ट रूप से, कुछ लोग मसीह के आगमन के बारे में अधिक सटीक तिथि जानने के लिए उत्सुक थे।[49] पौलुस ने थिस्सलुनीकियों को जो जानकारी वे जानना चाहते थे नहीं दी बल्कि उसने उन्हें वे बातें बताईं जिन्हें उनको करना था। उसने उस भव्य, ऐतिहासिक "प्रभु के दिन" के बारे में क्या सिखाया?

यह "चोर की नाईं" आएगा। पौलुस ने लिखा, "क्योंकि तुम आप ठीक जानते हो कि जैसा रात को चोर आता है, वैसा ही प्रभु का दिन आने वाला है" (आयत 2)। उसने इन शब्दों का प्रयोग किया है "तुम आप ठीक जानते हो" क्योंकि पौलुस ने उन्हें यह बात तब सिखाई थी जब वह कलीसिया के संग था।

"रात में चोर" की उपमा बहुत महत्वपूर्ण है। रात को कोई भी अपनी गतिविधि आसानी से छिपा सकता है और इस प्रकार वह अपने शिकार को चौंकाता है। चोर अपने आने की घोषणा नहीं करता है। वह चुपचाप आता है ताकि किसी को भी हथियार उठाने का अवसर न मिले और न ही वे पुलिस को खबर कर सके। वह बंदूक के बल पर लोगों को बंधक बनाता है और उनके बहुमूल्य सामान लूट लेता है।

मसीह की तुलना नुकसान पहुँचाने वाले चोर से नहीं की गई है। बल्कि, मसीह की तुलना चोर से, उसके अनिश्चित तथा अचानक वापसी पर जोर देने के लिए की गई है। वह अचानक आएगा, वह उस समय आएगा जब "स्वर्ग के स्वर्गदूत" भी इसकी आशा न कर रहे हों (आयत 3; मत्ती 24:36; 2 पतरस 3:10)।

यह सभी लोगों के लिए विशिष्ट घटना है। यीशु के पुनरागमन से सभी लोग प्रभावित होंगे। जो इसके लिए तैयार नहीं हैं वे चौंक जाएंगे। पौलुस ने तीसरे आयत में लिखा है कि ऐसे लोग "शांति और सुरक्षा" की बातें (या आशा) करेंगे।

जब 1975 में मुझे सिसिली के कटानिया, में प्रभु के पुनरागमन के विषय में प्रचार करना था तो भाइयों ने इसकी घोषणा लाउड स्पीकर के द्वारा गलियों में घूमकर यह पूछते हुए की, "मसीह कब आएगा?" तो सड़क के किनारे पैदल चलने वालों का उत्तर था, "कभी नहीं!" उनका मानना था कि वे सुरक्षित हैं।

ये "रात के" और "अंधकार के" बिन तैयार लोग हैं (आयत 5), जो पाप और आत्मिक अंधकार भरे संसार में जी रहे हैं। ये वे लोग हैं जो आत्मिक रूप से सो रहे हैं (आयत 6) और सच्चाई के प्रति अनभिज्ञ हैं। ये लोग आमतौर पर

दुष्ट होते हैं और उनके कार्य अंधकार के कार्य समझे जाते हैं।

सत्य यह है कि "विनाश" उनके सिर पर है। "उन पर एकाएक विनाश आ पड़ेगा" (आयत 3)। इसका तात्पर्य पूरी तरह मिटाना नहीं है बल्कि दुर्दशा भरी अवस्था में सर्वदा जीना है। यह नरक की मृत्यु कहलाती है।

विनाश एकाएक आएगा, "जिस प्रकार गर्भवती पर पीड़ा और वे किसी रीति से न बचेंगे" (आयत 3)। यह विनाश ऐसा होगा जैसे पहले भी मनुष्य की इतिहास में हुआ था। नूह के दिनों के लोगों के बारे में जरा सोचिए। अपश्चातापी लोगों ने सोचा कि वे सुरक्षित हैं लेकिन जब अचानक वर्षा होने लगी तो परमेश्वर ने जहाज का दरवाजा बंद कर दिया (1 पतरस 3:20)। ई.पू. 538 में बाबुल वासियों का पतन फारस के लोगों के हाथों अचानक हुआ। जब बाबुल वासी रात को सो रहे थे तो फारस की सेना ने नदी के सहारे आकर उन पर आक्रमण कर दिया।[50] बिन तैयार लोगों के लिए मसीह का आगमन भी ऐसा ही होगा।

यद्यपि यीशु भी रात को आने वाले चोर के समान आएगा, लेकिन मसीहियों को उसके आगमन के लिए तैयार रहना चाहिए। "पर हे भाइयों, तुम तो अन्धकार में नहीं हो, कि वह दिन तुम पर चोर के समान आ पड़े" (आयत 4)। मसीही "अंधकार में नहीं हैं।" उन्होंने यीशु के पीछे, जिसने कहा, "जगत की ज्योति मैं हूं; जो मेरे पीछे हो लेगा, वह अन्धकार में न चलेगा" चलने का निर्णय किया है (यूहन्ना 8:12)। मसीह ने "हमें अन्धकार के वश से छुड़ाकर अपने प्रिय पुत्र के राज्य में प्रवेश कराया" (कुलुस्सियों 1:13)। तो इसका तात्पर्य क्या हुआ कि हम मसीह के आने के दिन और घड़ी के बारे में जानेंगे? नहीं। कोई नहीं बल्कि केवल परमेश्वर ही इस घड़ी के बारे में जानता है (मत्ती 24:36; मरकुस 13:32)। न ही इसका तात्पर्य यह हुआ कि जब वह आएगा तो उस दिन का हम प्रतीक्षा करेंगे। उस घड़ी कुछ लोग "खेतों में" कार्य कर रहे होंगे (मत्ती 24:39–41)।

इसका तात्पर्य यह हुआ, कि यीशु का पुनरागमन हम सबके लिए आनंदमय घड़ी होगा। विश्वासयोग्य मसीही लोग आत्मिक रूप से तैयार रहेंगे। विश्वासयोग्य मसीही "ज्योति के संतान हैं" (आयत 5)। विश्वासयोग्य मसीही "ज्योति में चलते हुए…एक दूसरे से सहभागिता रखते हैं और उसके पुत्र यीशु का लहू *उन्हें* सब पापों से शुद्ध करता है" (1 यूहन्ना 1:7)। जो सचमुच तैयार हैं वे "मारानाथा," जिसका अर्थ "हे प्रभु आ" है, कहेंगे (1 कुरिंथियों 16:22)।

मसीहियों को इसके लिए और भी तैयारी करनी चाहिए। पौलुस ने कहा, "इसलिये हम औरों के समान सोते न रहें" (आयत 6अ)। अर्थात, आओ हम आत्मिक रूप से "मतवाला" न हों कि आने वाले खतरे की पहचान न कर सके। यदि एक मसीही ने अपने पलकों में झपकी आने दी हो, तो उसे जागने की

आवश्यकता है! रोमियों 13:11 में पौलुस ने लिखा, "और समय को पहचान कर ऐसा ही करो, इसलिये कि अब तुम्हारे लिये नींद से जाग उठने की घड़ी आ पहुँची है, क्योंकि जिस समय हम ने विश्वास किया था, उस समय के विचार से अब हमारा उद्धार निकट है।"

पौलुस ने उत्साहित किया कि "पर जागते और सावधान रहें" (आयत 6ब)। यह मतवाले होने के विपरीत है। यह नींद में पड़ने की खतरे के विरूद्ध जगे रहने का समर्पण है। यह "भोर को उठे उस व्यक्ति" के समान है जो जल्द उठ जाता है और अपने इन्द्रियों पर झट नियंत्रण पा लेता है। हमें अपने आपको बाइबल पठन और प्रार्थना के द्वारा चैतन्य रखना है।

मसीहियों को परमेश्वर के हथियार विश्वास, आशा और प्रेम से अपने आपको तैयार करना चाहिए (आयत 8)। सबसे पहले पौलुस ने "विश्वास और प्रेम की झिलम" का जिक्र किया है। परीक्षा और कठिन परिस्थितियों में परमेश्वर पर "विश्वास" होना चाहिए (देखें याकूब 1:1–4)। "प्रेम" के कारण ही हम अपने सहयोगियों के लिए, चाहे वे हमारे प्रति बुरी कामना ही क्यों न कर रहे हों, भलाई की कामना कर सकते हैं। विश्वास और प्रेम की झिलम ही हमें शैतान की तीरों से, जब वह हम पर आक्रमण करता है, बचाता है।

अगला, पौलुस ने "उद्धार की आशा का टोप" का जिक्र किया है। आशा किसी वस्तु को प्राप्त करने की अपेक्षा है। हमारा "उद्धार की आशा," परमेश्वर से स्वर्गीय घर में मेल मिलाप करने की है। यह हथियार हमारे सिर की सुरक्षा करता है। जब हम अपने मस्तिष्क में स्वर्ग की बात रखते हैं तो जब शैतान परीक्षा के माध्यम से हम पर आक्रमण करता है, तब हम अपने आशा का स्मरण करेंगे।

परमेश्वर के हथियार, मसीह की आगमन के लिए तैयार रहने में हमारी सहायता करेगा। हम सफेद पोशाक में सजकर पहाड़ों की चोटियों पर उसकी प्रतीक्षा नहीं करेंगे बल्कि अपने मन में दृढ़ विश्वास लिए उसके के लिए जीएंगे:

> मसीह के सिपाहियो, जागो
> और अपने हथियार बांध लो;
> परमेश्वर जो सामर्थ्य देता है उसमें दृढ़ हो,
> उसके प्रिय पुत्र के द्वारा।[51]

मसीह के द्वितीय आगमन पर मसीहियों को अपने - अपने भाग का लेखा मिलेगा। पौलुस ने कहा, "क्योंकि परमेश्वर ने हमें क्रोध के लिये नहीं, परन्तु इसलिये ठहराया कि हम अपने प्रभु यीशु मसीह के द्वारा उद्धार प्राप्त करें" (आयत 9)। इसका तात्पर्य यह हुआ कि अविश्वासी नरक के भागी होंगे। "ठहराया" का तात्पर्य यह है कि परमेश्वर ने उनको अपने योजना में ऐसे ही

भाग पाने के लिए ठहराया है। "क्रोध" किसी के प्रति तीव्र मनोविकार है। यह परमेश्वर का पाप के प्रति प्रतिक्रिया या भावना है। इस आयत में "क्रोध" का तात्पर्य दण्डाज्ञा से है जो सभी आज्ञा न मानने वालों को दिया जाएगा, जो "अनन्त विनाश का दण्ड" कहलाता है (2 थिस्सलुनीकियों 1:9)। सच्चाई यह है कि परमेश्वर नहीं चाहता है कि किसी को दण्ड मिले (2 पतरस 3:9), इसीलिए तो उसने सबके के लिए एक मार्ग खोला है। मसीही वे लोग हैं जिन्होंने इस मार्ग को अपना लिया है।

मसीहियों को "हमारे प्रभु के द्वारा उद्धार" के लिए "ठहराया" किया गया है। यीशु ही "मार्ग है … बिना [उसके] द्वारा कोई पिता के पास नहीं पहुँच सकता है" (यूहन्ना 14:6)। परमेश्वर ने हमें "उद्धार" के लिए या स्वर्ग में उसके साथ मेल मिलाप करने के लिए "ठहराया" है। उसने यह इसलिए किया है ताकि "सब मिलकर उसके साथ जीएं" (आयत 10)। हम जो विश्वासयोग्य हैं स्वर्ग जाएंगे। चाहे जीवित या मृत जब मसीह आएगा, सभी विश्वासी वहाँ मिलेंगे।

"इस कारण एक दूसरे को शान्ति दो" (आयत 11)। हमारे भविष्य या हमारे उद्धार की शिक्षा के कारण एक दूसरे को शान्ति दो। थिस्सलुनीके के मसीही पहले से ही ऐसा कर रहे थे (आयत 11ब), लेकिन पौलुस ने उन्हें ऐसा करने के लिए और अधिक उत्साहित किया। हमको भी हमारे अद्‌भुत भविष्य के प्रति एक दूसरे को उत्साहित करने की आवश्यकता है। परमेश्वर हमें विश्वासयोग्य बने रहने में हमारी सहायता करेगा। EE

सच्चा जीवन

जीवन कहाँ है? सच्चा जीवन कहाँ है?

अविश्वास की दशा में नहीं—

वोल्टेर अपने तरीके का सबसे बड़ा नास्तिक था। उन्होंने लिखा: "मेरी इच्छा यह है कि मैं पैदा ही न हुआ होता।"

आमोद - प्रमोद में नहीं—

लॉर्ड बाइरोन के समान किसी ने भी आमोद - प्रमोद भरा जीवन नहीं जीया। उन्होंने लिखा: "कीड़े, नासूर और दुःख केवल मेरे ही हैं।"

धन में नहीं—

अमरीकी लखपति, जे गूल्ड के पास यह बहुत था। मृत्यु शय्या पर उसने कहा, "मुझे लगता है कि मैं इस धरती पर सबसे अभागा व्यक्ति हूँ।"

आयत और प्रतिष्ठा में नहीं—

लॉर्ड बेकनफील्ड ने इनका सबसे अधिक आनंद उठाया। उन्होंने लिखा:

"जवानी एक गलती है; पुरुषत्व, एक संघर्ष है; बुढ़ापा, केवल पछतावा है।"

सेना की सफलता में नहीं—

सिकंदर महान ने अपने समय के जाने पहचाने संसार पर विजय प्राप्त कर ली थी। ऐसा करने के बाद भी, यह कहकर वह अपने तंबू में रोया, "विजय प्राप्त करने के लिए कोई जगह नहीं बची है।"

फिर, शांति कहाँ मिलती है?

इसका सीधा सा उत्तर हैः केवल मसीह में ही शांति मिलती है। उसने कहा, "मैं तुम्हें फिर मिलूँगा, और तुम्हारा मन आनंदित होगा, और तुम्हारे आनंद को कोई व्यक्ति तुमसे छीन नहीं सकेगा।"

यदि यीशु का आगमन आज होता है तो हमारे लिए यह कैसा रहेगा? क्या यह हमारे लिए अनंतकाल की आशा होगी या फिर निराशापूर्ण अंत? EE

ज्योति की संतानों के समान (5:4–11)

जब यीशु रात को आने चोर के समान आएगा, तो यह जानकर हमें कैसा जीवन जीना चाहिए? पौलुस ने सटीक रूप से मसीहियों के दो गुणों का उल्लेख यहाँ किया है।

हमें सतर्क रहना है। हम इस बात को लेकर अंधेरे में नहीं हैं कि यीशु आ सकता है। हम उसके आगमन की सच्चाई के बारे में जानते हैं, इसलिए हम इस ज्ञान की सच्चाई में चलते हैं। पौलुस ने कहा कि हम "ज्योति की संतान" हैं क्योंकि हम सच्चाई में जीते हैं और ज्योति से चरितार्थ किए गए हैं। उसने कहा कि हम "ज्योति की संतान" हैं क्योंकि हम अपना जीवन प्रभु के दिन को ध्यान में रखकर जीते हैं। हम जानते हैं कि वह दिन आने वाला है और हम उस दिन की तैयारी में जीते हैं।

हमें संयमी होना है। हमें निद्रा में नहीं है परंतु जगे और सचेत हैं कि किसी भी क्षण कुछ भी हो सकता है। उसने कहा कि कुछ लोग रात्रि में नशा किए हुए लोगों के समान हैं। वे अपने जीवन के बारे में अधिक गम्भीर नहीं हैं और होने वाले संभावित घटना के बारे में सचेत नहीं हैं। एक मसीही भी जीवन का आनंद उठाता है किंतु वह संयमी है। क्योंकि वह जानता है कि किसी भी क्षण वह सभी बातों का अंत देख सकता है।

सभी युग के सभी मसीहियों को ऐसा जीवन जीने की आवश्यकता है मानो यीशु कभी भी आ सकता है। हमें सचेत और संयमी होना है। EC

संयमी जीवन जीना (5:8–11)

पौलुस ने कहा कि थिस्सलुनीके के लोग ज्योति के संतान थे और इसलिए उन्हें चकित होने की आवश्यकता नहीं है। उसने उन्हें चेताया कि वे सचेत रहें और संयम बरतें। लेकिन, संयमी होने का तात्पर्य यह है कि उन्हें कुछ जिम्मेदारियाँ भी उठानी होगी। संयमी लोगों को कैसे जीना है?

विश्वास और प्रेम का झिलम। मसीही एक सिपाही है इसलिए उसे हथियार बांधना आवश्यक है। वह विश्वास और प्रेम का झिलम पहनने का निर्णय लेता है जो उसके मन को सुरक्षित रखता है और उसे तैयारी की अवस्था में रखता है।

आशा का टोप। वह जानता है कि सुसमाचार का आज्ञाकारी और यीशु के लहू से शुद्ध होने के द्वारा ही उसका/की उद्धार हुआ है। उद्धार उसके लिए वर्तमान तथ्य तथा भविष्य की आशा है। भूतकाल के पापों से उसका/की छुटकारा हुआ है, ज्योति में चलने के द्वारा उसका उद्धार स्थिर है और स्वर्ग में अनंत जीवन जीने की चेष्टा करता है।

शांति का वचन। पौलुस ने कहा कि वे एक दूसरे को शांति दें कि मसीह में विश्वासयोग्य बने रहें, एक दूसरे की उन्नति का कारण हो और भाईचारे के रिश्ते में बंधकर एक दूसरे के साथ रहें।

चाहे हम सो रहे हों या जगे हों, हम एक साथ रहेंगे। यह आयत मसीह में हमारे मृत्यु के संबंध में, उसके आने से पहले या फिर यदि हम इस संसार में उसके आने तक जीवित रहें, के संदर्भ में है (आयतें 9, 10)। चाहे हम जीवित रहें या मर जाएं, वह कहता है, हम एक साथ होंगे। मसीही लोग इस जीवन में भी और आने वाले जीवन में भी एक साथ रहेंगे।

संयम की तीन अलग - अलग दिशाएं हैं: प्रभु की ओर, संगी भाइयों की ओर और भविष्य की ओर। प्रभु के प्रति, भाइयों के प्रति और प्रभु के आने की प्रति, हमारी गम्भीर जिम्मेदारी है। EC

सब दिनों का दिन (5:1–11)

यीशु का पुनरागमन विश्वासियों को आशा बंधाती है। क्योंकि यह भविष्य की आशा और वर्तमान में यह शांति और विश्राम प्रदान करती है।

जबकि हम मसीह के पुनरागमन की प्रतीक्षा कर रहे हैं तो हमें उस महान दिन की तैयारी में जीना चाहिए। 1 थिस्सलुनीकियों 5 के प्रथम भाग में इसी विषय पर चर्चा की गई है। यीशु के पुनरागमन पर यह चर्चा थिस्सलुनीके के मसीहियों को शांति प्रदान करने के लिए इसलिए नहीं की गई थी कि वे यीशु के पुनरागमन से अनभिज्ञ थे या फिर वे अभक्तिपूर्ण जीवन जी रहे थे और उसके आगमन के लिए तैयार नहीं थे। यह भाग इस प्रकार प्रारंभ होता है, "इसका

प्रयोजन नहीं, कि समयों और कालों के विषय में तुम्हारे पास कुछ लिखा जाए" (5:1ब) और यह "निदान, तुम ऐसा करते भी हो" से समाप्त होता है (5:11स), जो यह दर्शाता है कि वे उसके आगमन के बारे में जानते थे और अच्छा जीवन भी बिता रहे थे। पौलुस, थिस्सलुनीकियों को, जो वे पहले से कर रहे थे, उससे भी अधिक प्रभावी जीवन जीने के लिए उन्हें उत्साहित कर रहा था।

जितना अधिक हम यीशु के पुनरागमन के बारे में जानेंगे उतना ही बुद्धिमानी से हम अपना जीवन भी बिताएंगे और उसके पुनरागमन के बारे में तैयार होंगे। उसका पुनरागमन कैसा होगा और हम कैसे तैयार हो सकते हैं?

उसके आगमन के लिए तैयार होना (5:1–3)। पौलुस ने यीशु के आगमन की निश्चितता के बारे में बताया है (5:1)। उसने उसके आने की समय की अनिश्चितता भी जताई है। इन दोनों संदेशों को थिस्सलुनीके के अपरिपक्व मसीहियों ने ग्रहण किया है।

कभी-कभी शिक्षक के रूप में हम यह सोचते हैं कि जिस विषय को हमने पहले सिखाया है उसे और अधिक सिखाया जाना चाहिए। यह संदेश अरुचिकर नहीं है; लेकिन यह तो वह संदेश है जिसे परमेश्वर दोहराना चाहता था। यह इस कलीसिया को आत्मिक उन्नति करने तथा परिपक्व होने में सहायता करेगा।

संदेश क्या था? संदेश यह था कि प्रभु का आगमन रात में आने वाले चोर के समान अचानक और अप्रत्याशित होगा (5:2)। धार्मिक अगुवे, जिन्होंने प्रभु के आगमन के बारे में भविष्यवाणी की, उसको इस अनुच्छेद ने तिरस्कृत किया। इस प्रकार की भविष्यवाणी खोखले दावे हैं। जो इस प्रकार के दावों पर विश्वास करते हैं वे परमेश्वर के वचन के बजाय मनुष्यों पर भरोसा रखते हैं। वे निस्संदेह निराश होंगे। इसके विपरीत, पौलुस जैसे अगुवों ने यीशु के आगमन की परमेश्वर के संदेश की निश्चितता और उसके आगमन की समय की अनिश्चितता पर विश्वास किया।

जब थिस्सलुनीकियों के लोग मसीही बने तो उन्होंने यह जान लिया था कि यीशु उनका उद्धार करेगा। वे जानते थे कि वे परमेश्वर के अनुग्रह के तले हैं और अपने पापों के परिणाम से बच जाएंगे (देखें 1:10)। अन्य लोग यह दावा कर रहे थे यीशु वापस नहीं आएगा और इस प्रकार उनको अपने पाप का परिणाम नहीं भुगतना पड़ेगा। उन्होंने सोचा कि उनकी सुरक्षा को कोई भी नुकसान नहीं पहुँचा सकता है। यीशु का आगमन अविश्वासियों के लिए दण्ड और विनाश लाएगा। गर्भवती महिला की प्रसव पीड़ा के समान यह अचानक उन पर आएगा (5:3)। जिन्होंने यीशु पर विश्वास किया है वह उनको लेने आएगा। जिन्होंने उस पर विश्वास नहीं किया है उनको अपने पापों का परिणाम भुगतना पड़ेगा।

यीशु का अचानक आगमन की व्याख्यान का उद्देश्य इन मसीहियों को

डराकर उसका आज्ञाकारी बनाना नहीं था। इस विषय पर वे पारंगत थे। इस संदेश के द्वारा उनको परमेश्वर के तरफ होने के लाभ का पुनः आश्वासन देना था और यीशु को उनकी आत्मिक आवश्यकताओं की पूर्ति करने देना था। इसके साथ ही, वे उस प्रकार का जीवन जीएं जैसा यीशु चाहता था।

क्या हम यीशु के आगमन की निश्चितता से आश्वस्त हैं? क्या हम समझते हैं कि यह कभी भी हो सकता है? क्या हम इसका अपने दैनिक जीवन में ध्यान रखते हैं? यह अच्छा होगा यदि हम इस महान सच्चाई के बारे में अपने आपको साप्ताहिक रूप से या प्रतिदिन स्मरण दिलाएं!

ज्योति के संतान होना (5:4–7)। नए नियम में ज्योति और दिन अक्सर परमेश्वर से संबंधित है; अँधेरा और रात अक्सर शैतान से संबंधित है। हमें बताया गया है कि "परमेश्वर ज्योति है: और उस में कुछ भी अन्धकार नहीं" (1 यूहन्ना 1:5ब)। यीशु को "जगत की ज्योति" कहा गया है (यूहन्ना 8:12)। जो परमेश्वर का अनुकरण करते हैं उनको "ज्योति की संतान" की उपमा दी गई है (इफिसियों 5:8)। इसके विपरीत, शैतान के पास "अंधकार का साम्राज्य" है (कुलुस्सियों 1:13), और जो उसके पीछे चलते हैं वे "अंधकार में चलते हैं" (यूहन्ना 12:35)।

ये अभिव्यक्तियाँ परमेश्वर के गुण और शैतान के गुणों के मध्य अंतर दिखातीं हैं। परमेश्वर के वचन सदैव सत्य होती हैं (यूहन्ना 17:17), लेकिन शैतान झूठा है और झूठों का पिता है (यूहन्ना 8:44)। यह पत्री हमें स्मरण दिलाती है कि मसीही होने के नाते परमेश्वर ने हमें गोद लिया है इसलिए हम, ज्योति के संतान और दिन के संतान हैं (5:5अ)।

जिस प्रकार परमेश्वर और शैतान के बीच में अंतर है तो उसी प्रकार जो लोग परमेश्वर की ओर हैं और जो लोग शैतान की ओर हैं, में अंतर होना चाहिए। (5:5ब–7)। यदि हम हमारे स्वर्गीय पिता के असली चेले हैं तो हम उसके समान दिखेंगे। हम अपने पिता के समान कैसे दिखेंगे? उसी प्रकार जिस प्रकार हम व्यवहार करते हैं! यह व्यवहार "जागते और सावधान रहने" रहने के रूप में विश्लेषित किया गया है (आयत 6ब)। एक असावधान दृष्टिकोण या मतवाले मन से उचित व्यवहार करने का निर्णय लेना कठिन हो सकता है।

थिस्सलुनीके में जो लोग मसीही बन गए थे, उनके विश्वास के कारण उन पर सताव किया जा रहा था। शैतान उनको परमेश्वर का अनुकरण करने से रोकने के लिए सब कुछ कर रहा था। यदि कोई सचेत न हो और जिसको अपनी ज्ञानेन्द्रियों पर पूरा नियंत्रण न हो तो उसको मूर्तिपूजा करने के लिए बाध्य करना करने के लिए बड़ा ही आसान कार्य था! किसी के लिए अनैतिक गतिविधि और अधार्मिकता के कार्य में संलग्न होना बड़ा आसान था जब उसके चारों ओर सभी लोग इस प्रकार के कार्य में संलग्न हों! ऐसी परिस्थिति में उनके

लिए पुराने जिंदगी में वापस लौटना बड़ा ही आसान सा जान पड़ता है।

इन मसीहियों को परीक्षाओं का सामना करने के लिए सचेत मस्तिष्क की आवश्यकता थी कि उनके हरेक शब्द और कार्य परमेश्वर को महिमा दे। वे भिन्न थे और इसी कारण लोगों ने उनको सताया; लेकिन उन्होंने यह दिखाया कि वे परमेश्वर के संतान थे।

हम कैसे हैं? क्या हम सतर्क और संयमी हैं या क्या हम अपने धन को जुआ में उड़ाते हैं, परमेश्वर का नाम व्यर्थ लेते हैं या अपने नियोक्ता को धोखा देते हैं क्योंकि अन्य लोग भी इसमें संलग्न हैं? यदि हम शैतान के व्यर्थ और बर्बाद करने वाली योजना जिससे बहुत से लोगों आकर्षित होते हैं से बचते हैं तो हम अलग ही दिखाई देंगे। यदि हम मादक द्रव्यों के सेवन से इनकार करते हैं तो हम उन लोगों से भिन्न दिखेंगे जो इनका सेवन करते हैं क्योंकि हम चेतन रहना चाहते हैं और अपने ज्ञानेन्द्रियों पर पूरा नियंत्रण रखना चाहते हैं। यदि हम उन स्थानों में भी जाने से इनकार करते हैं जहाँ जाने से हमारे चरित्र पर दाग पड़ सकता है तो हम फिर से भिन्न दिखाई देंगे। यदि हम दिन के संतान के समान इस अंधेरे भरे संसार में रहते हैं तो लोग आसानी से हमारी पहचान करेंगे। जैसे फिलिप्पी के मसीहियों को कहा गया, "ताकि तुम निर्दोष और भोले होकर टेढ़े और हठीले लोगों के बीच परमेश्वर के निष्कलंक सन्तान बने रहो (जिन के बीच में तुम जीवन का वचन लिए हुए जगत में जलते दीपकों के समान दिखाई देते हो)" (फिलिप्पियों 2:15)।

जैसे मसीहियों को तब चुनौतियाँ दी गई थी वैसे ही अभी हमें भी चुनौतियाँ दी जातीं हैं कि हम परमेश्वर के समान बनें, जैसे यीशु जीया वैसे ही हम भी जीएं, कि हम "प्रिय बच्चों के समान परमेश्वर का अनुकरण करें" (इफिसियों 5:1)। क्या हम अपने पिता के समान जो स्वर्ग में है, दिखते हैं? क्या लोग यह कहेंगे, "वह तो अपने स्वर्गीय पिता के जैसा है"? यह तो हमारे लिए सबसे बड़ी प्रशंसा की बात होगी!

परमेश्वर के हथियार बांध लें (5:8–10)। थिस्सलुनीके इस संसार में जीने के लिए अपने आपको कैसे तैयार कर सकते थे? वे शैतान की चुनौतियों का सामना करने के लिए कैसे चेतन रह सकते थे? वे अपने आपको परमेश्वर द्वारा दिए गए संसाधनों के माध्यम से तैयार कर सकते थे। परमेश्वर के समान बनना यूँ ही नहीं होता है। वे अपने ज्ञानेन्द्रियों के सहारे परमेश्वर का अनुकरण नहीं कर सकते थे। अपनी इच्छाओं को पूरा करने के द्वारा वे परमेश्वर के संतान नहीं बन सकते थे। उन्हें परमेश्वर के अस्त्र शस्त्र प्रयोग करना था, "विश्वास और प्रेम की झिलम पहनकर और उद्धार की आशा का टोप पहन कर सावधान *रहना था*" (5:8ब)। परमेश्वर का उनके लिए मुख्य उद्देश्य उनका उद्धार था और उनका भी यही मुख्य उद्देश्य होना चाहिए था। इस बात के लिए परमेश्वर

उनकी सहायता करता।

परमेश्वर हमारा भी उद्धार चाहता है इसलिए वह अंधकार की शक्तियों की चुनौतियों का सामना करने के लिए हमें तैयार करेगा। परमेश्वर क्या चाहता है कि हम किस तरह के शस्त्रों का प्रयोग करें? विश्वास, प्रेम और आशा के शस्त्र।

जब हम परमेश्वर पर भरोसा रखते हैं तो उसे और भाइयों से प्रेम करें और अपने अनंत कल्याण के लिए उसी को ही ताकें तो हम अंधकारमय संसार में ज्योति के समान चमकेंगे। हम अंधकार का साम्राज्य और इसके राजा शैतान का सामना करें। जिस प्रकार बच्चे अपने माँ बाप पर प्रेम, भरोसा और आशा रखते हैं तो उसी प्रकार हमें भी अपने पिता पर भरोसा रखना है। उस पर भरोसा करें, "अपनी सारी चिन्ता उसी पर डाल दो, क्योंकि उस को तुम्हारा ध्यान है" (1 पतरस 5:7)।

एक दूसरे की सहायता करना (5:11)। क्योंकि परमेश्वर हमारा पिता है तो हम भाई और बहन हैं; हम परमेश्वर के परिवार के अंग हैं। कलीसिया की सदस्य होने के कारण परिवार के एक दूसरे सदस्य की सहायता करना हमारा परम कर्तव्य है।

परमेश्वर ने हमें अपने आत्मिक भाइयों एवं बहनों की सहायता करने के लिए निम्न निर्देशन दिए हैं: "इस कारण एक दूसरे को शान्ति दो, और एक दूसरे की उन्नति के कारण बनो,..." (5:11)। क्या यह हमारा उद्देश्य है? क्या हम अपने भाइयों एवं बहनों की ओर देखकर यह सोच सकते हैं, "मैं इस व्यक्ति को उत्साहित करने के लिए कार्य कर रहा हूँ ताकि उसकी उन्नति हो सके"? क्या हम उनके सामने पूर्ण निश्चितता के साथ कह सकते हैं, "मैं आपको उत्साहित करने के लिए कार्य कर रहा/ही हूँ ताकि आपकी उन्नति हो सके"? क्या हमारा संगी मसीही हम में से किसी के लिए यह कह सकता है, "वह मेरा भाई या बहिन है जो मुझे उत्साहित करने के लिए कार्य कर रहा/ही है ताकि मेरी उन्नति हो सके"?

अंधकार से भरे ज्योति के राज्य में, परमेश्वर चाहता था कि इन मसीहियों को इस बात का लगातार स्मरण दिलाया जाए कि वे न केवल परमेश्वर के राज्य के अंग हैं बल्कि वे परमेश्वर के परिवार के अंग है। इससे उत्तम और क्या हो सकता है कि जिस कलीसिया में ऐसे भाई एवं बहन हों जो हमारी सहायता करने के लिए, उत्साहित करने के लिए, सहानुभूति जताने के लिए, चेतावनी देने के लिए और प्रेम करने के लिए उपलब्ध हों। इस कलीसिया के द्वारा हमें यही स्मरण दिलाया गया है?

मसीही होने के नाते हमें अपने अंदर इस प्रकार का विचार कि हम अकेले हैं, हमको छोड़ दिया गया है, किसी को भी हमारा ख्याल नहीं है या फिर हमें

कोई पूछता नहीं है जैसे विचारों को नहीं पनपने देना चाहिए। हमारे संगी मसीही लगातार हमारा समर्थन करते हैं – वे इसलिए ऐसा नहीं करते हैं कि हम किसी तरह जीवित रहें बल्कि वे इसलिए ऐसा करते हैं हमारी उन्नति हो और उसमें बढ़ते हुए परिपक्वता प्राप्त करें।

यह कलीसिया में अक्सर क्यों नहीं होता है? संभवतः हमें इस प्रकार सहायता प्रदान करने का महत्व नहीं सिखाया गया होगा। या यह भी हो सकता है कि इस संबंध में हमें सिखाया तो गया होगा किंतु हमने इसे अपने हृदय से नहीं लगाया होगा। संभवतः ऐसा भी हुआ होगा जब हम दूसरों की सहायता प्राप्त करने का प्रयास करते हों या किसी की सहायता करना चाहते हों तो हमें इसके लिए लज्जा आई होगी।

इस विषय पर परमेश्वर क्या चाहता है, वह हरेक मसीही, हरेक परिवार, हरेक कलीसिया, हरेक प्राचीन, हरेक प्रचारक और हरेक शिक्षक के चिंता का कारण होना चाहिए। परमेश्वर चाहता है कि उसके परिवार के लोग एक दूसरे की इसी प्रकार सहायता करें। इस प्रकार की सहायता प्रदान करने की सेवा के द्वारा हम अपने आपको उसके आगमन के लिए तैयार कर सकते हैं!

उपसंहार। यीशु का पुनरागमन इस जीवन का चरमोत्कर्ष और विश्वासयोग्य मसीहियों के लिए एक उत्तम जीवन के प्रारंभ होगा। उसके आगमन और इस नए प्रारंभ में भागी होना, हरेक मसीही का लक्ष्य होना चाहिए।

क्या हम आनंद से इस घटना के घटित होने की बाट जोह रहे हैं? इसका उत्तर हमें न केवल अपने होंठों या मस्तिष्क से बल्कि अपने जीवन से भी देना चाहिए। हमें ज्योति की संतान के समान जीना चाहिए और अपने भाइयों एवं बहनों की जो हमारे साथ परमेश्वर की ज्योति में चल रहे हैं, सहायता करना चाहिए। TP

आपके अगुवे (5:12, 13)

क्रमवार व्यवहारिक अनुप्रयोगिता के साथ-साथ जैसे ही पौलुस आगे बढ़ रहा था तो उसने थिस्सलुनीके के विश्वासियों को उनके अगुवों की जो उनकी स्थानीय कलीसिया में अगुवाई कर रहे थे, का आदर करने की भी शिक्षा दी।

ये अगुवे कौन थे? इसका विश्लेषण करने ले लिए तीन वाक्यांश प्रयोग किया गया है: ये वे हैं जिन्होंने उनके मध्य कार्य किया, जो उनके ऊपर नियुक्त किए गए थे और जिन्होंने उनको प्रोत्साहित किया। इनमें से कुछ वाक्यांश प्राचीनों को मिलाकर कलीसिया के अगुवों के लिए भी प्रयोग किया गया है।

अपने अगुवे की कार्य की सराहना करें (आयत 12)। जो शब्द "परिश्रम" के

लिए प्रयोग किया गया है उसका अर्थ कड़ी मेहनत करना भी है। ये वे अगुवे हैं जो कलीसिया के लिए कड़ा मेहनत करते थे। इस प्रकार के परिश्रम की सराहना उचित तरीके से की जानी चाहिए।

अपने अगुवों का सम्मान करें (आयत 13)। इन लोगों का आदर किया जाना चाहिए। हमने 3:10 में इस शब्द का प्रयोग भी देखा। इस शब्द का नए नियम में केवल तीन बार प्रयोग किया गया है: इस आयत में, 3:10 में और इफिसियों 3:20 में। हरेक संदर्भ में इसका विशिष्ट प्रयोग है। यहाँ इसका अनुवाद "बहुत ही आदर के योग्य"; 3:10 में "बहुत ही" और इफिसियों 3:20 में "कहीं अधिक" अनुवाद किया गया है। दूसरे शब्दों में इन व्यक्तियों को उचित सम्मान मिलना चाहिए।

अपने अगुवों से प्रेम करें। जैसे हम उनके कार्यों के महत्व की पहचान करते हैं तो हमें प्रेम से उनका सम्मान करना चाहिए।

परमेश्वर के अगुवों को उनकी महत्व के आधार पर देखा जाना चाहिए – वे बहुमूल्य व्यक्ति हैं जो परमेश्वर के योजना के अभिन्न अंग हैं। कोई भी परमेश्वर को त्यागे बिना उसके योजना को त्याग नहीं सकता है। EC

दूसरों के प्रति उचित दृष्टिकोण (5:13ब–15)

यहाँ आज्ञाओं की थोड़ी सूची प्रस्तुत की गई है। नए नियम में पाए जाने वाले वे आज्ञाएं जिनका हमें पालन करना है, उन सभी का सूची बनाना चुनौतीपूर्ण होगा। यहाँ केवल आज्ञाओं की आरंभिक सूची दी गई है। पौलुस दूसरे लोगों के साथ संबंध बनाने के संदर्भ में निर्देश के साथ अपनी सूची प्रारंभ करता है। उसने चार समूहों का व्याख्यान किया है जिनके साथ हमें मसीह जैसा स्वभाव बनाए रखना है।

कठोर लोगों के प्रति। कठोर व्यक्ति को ठीक करना है। यहाँ "कठोर" का अर्थ "सीमा से बाहर" है। इसका अनुवाद "आलसी" किया गया है। उसको डांटने के द्वारा हमें प्रेम दिखाना चाहिए और उसको उचित मार्ग में लाने के लिए उसकी सहायता की जानी चाहिए।

कमजोर हृदय तथा निर्बलों के प्रति। "कमजोर हृदय" वालों को प्रोत्साहन और निर्बलों को हमारी सहायता की आवश्यकता है। कमजोर हृदय वालों को यह दिखाना है कि वे हमारे हृदयों में आ बसे हैं और हम उनकी चिंता करते हैं। आत्मिक रूप से कमजोर लोगों को प्रोत्साहन दो ताकि वे उनके चारों ओर फैले शैतान के जाल में न फँस जाएं। उनको प्रेम से समझाने की आवश्यकता है कि वे ही केवल अकेले नहीं हैं जो इस लड़ाई से जूझ रहे हैं।

दुष्टों के प्रति, जो हमारे साथ दुर्व्यवहार करते हैं। हमें बुराई का बदला

बुराई से नहीं देना है बल्कि बुराई को भलाई से जीतना है। जब उनके साथ बुरा व्यवहार करते हैं जिन्होंने हमारे साथ बुराई की है तो हम मसीहियों के समान नहीं बल्कि बुरे लोगों के समान जीते हैं।

सभी लोगों के प्रति। हमें सबके साथ संयम बरतना है। हमें सबकी भलाई करनी है। हमें दूसरों के प्रति कोमल भावना और धैर्य रखने की आवश्यकता है। हमें स्वयं का इनकार कर अपने से बढ़कर दूसरों की भलाई के बारे में सोचना चाहिए।

जीवन का अधिकांश भाग दूसरों के साथ संबंध बनाने में बीतता है। पौलुस ने अलग-अलग किस्म के लोगों की सूची जिनके साथ हमें रहना और कार्य करना है, यहाँ प्रस्तुत नहीं की लेकिन उसने चार महत्वपूर्ण लोगों के समूह का वर्णन किया है। हरेक समूह के साथ मसीह जैसा दृष्टिकोण दिखाई देगा। EC

मसीहियों का दूसरों के साथ संबंध (5:12–15)

कलीसिया एक विस्तृत परिवार है। 1 तीमुथियुस 3:5, में पौलुस ने कहा, "जब कोई अपने घर ही का प्रबन्ध करना न जानता हो, तो परमेश्वर की कलीसिया की रखवाली क्योंकर करेगा?" पौलुस ने स्पष्ट किया कि "परमेश्वर की कलीसिया" परमेश्वर का विस्तृत परिवार है।

परिवार का सदस्य होने के नाते, माता पिता, भाइयों, बहिनों और पड़ोसियों के प्रति हमारा कुछ कर्तव्य बनता है। उसी तरह परमेश्वर के परिवार के सदस्य होने के नाते कलीसिया के अगुवों, दूसरे मसीहियों और सभी लोगों के प्रति भी हमारा कर्तव्य बनता है।

कलीसिया के अगुवों के साथ हमारा कर्तव्य। पौलुस ने लिखा कि थिस्सलुनीकी अगुवों ने "प्रभु में" अगुवाई की (आयत 12)। भौतिक बातों में उन्होंने अगुवाई नहीं की बल्कि आत्मिक मामलों में उन्होंने अगुवाई की। इसके साथ ही दूर देश से नहीं बल्कि उन्होंने स्थानीय कलीसिया में रहकर ("तुम में परिश्रम करते हैं") उनकी अगुवाई की। इन संबंधों का विश्लेषण करते हुए उसने उन अगुवों का भी विश्लेषण प्रस्तुत किया जिनके बारे में वह लिख रहा था। उसने उन अगुवों के चरित्र का भी चर्चा किया।

प्रथम, पौलुस ने लिखा कि थिस्सलुनीके के अगुवों ने "उनके मध्य परिश्रम" किया। अगुवापन निष्क्रिय नहीं है। सच्चे अगुवे सक्रिय होकर प्रभु की कलीसिया में सेवा करते हैं, जिस प्रकार कि थिस्सलुनीके के अगुवों ने किया था।

द्वितीय, पौलुस ने कहा कि वे "प्रभु में [उनके] अगुवे हैं।" NASB के अनुसार वे "प्रभु में [उन पर] अगुवे हैं।" इन लोगों के कंधे में "प्रभु में कलीसिया" की अगुआई करने की जिम्मेदारी डाली गई है।

तृतीय, उसने यह भी उल्लेख किया कि ये लोग कलीसिया को "शिक्षा देते

हैं।" कलीसिया में जिम्मेदार अगुवे ताड़ना, चेतावनी और शिक्षा देते हैं। अगुवों को, चाहे भाईचारे की सलाह हो (देखें 1 कुरिंथियों 4:14) या सार्वजनिक राय हो (देखें तीतुस 1:9), भाइयों को विश्वासयोग्य बने रहने के लिए सिखाना चाहिए।

ये बेनाम अगुवे कौन हैं? यूनानी भाषा में "तुम्हारे अगुवे हैं" क्रिया के लिए προΐστημι (*प्रोइस्टेमी*) शब्द का प्रयोग किया गया है। इसका अर्थ "अधिकार करना, दिशा निर्देश करना, शीर्ष पर होना" इत्यादि है।[52] इस शब्द का प्रयोग 1 तीमुथियुस 5:17 में भी किया गया है, जहाँ पौलुस अगुवों की कार्यों को सम्बोधित कर रहा था। "तुम्हारे ऊपर" प्राचीन के कार्य के लिए ही उचित ठहरता है। प्रचारकों या डीकनों के लिए कहीं भी यह नहीं लिखा है कि वे कलीसिया पर अगुवाई कर रहे थे। यह भूमिका केवल प्राचीनों के लिए ही आरक्षित थी।

इन अगुवों का परिश्रम और दिशा निर्देशन भी महत्वपूर्ण था। प्राचीनों के भूमिका के लिए ही यह कार्य उचित ठहरता है। आज जब हम अगुवों का चुनाव करते हैं तो हमें ऐसे लोगों का चुनाव करना चाहिए जो पहले से ही कलीसिया में कार्य कर रहे हों या फिर शिक्षा रहे हों।

इन अगुवों के प्रति कलीसिया के सदस्यों की क्या जिम्मेदारी है? सबसे पहले हमें उनकी सराहना करनी चाहिए (आयत 12)। KJV यह कहता है कि कलीसिया के सदस्यों को अपने अगुवे को "जानना" चाहिए। हमें उन्हें "जानना" चाहिए और वे क्या करते हैं वह भी जानना चाहिए ताकि हम उनकी "सराहना" कर सकें। हाँ, जिन अगुवों की सराहना की जानी चाहिए वे थिस्सलुनीके के कड़े परिश्रम करने वाले, शिक्षा देने वाले और निगरानी करने वाले अगुवों के समान होने चाहिए।

दूसरी बात, हमें "उन के काम के कारण प्रेम के साथ उन को बहुत ही आदर के योग्य" समझना चाहिए (आयत 13)। यदि हम उनका आदर करते हैं और यदि हमारे मन में उनके खिलाफ कुछ है तो हम उनके पास जाएंगे। जब वे हमें कलीसिया की विभिन्न गतिविधियों जैसे आराधना में आना, बाइबल अध्ययन में उपस्थित होना और झूठी शिक्षाओं के विरूद्ध चिताते हैं तो हम उनके सुनेंगे। कलीसिया में अगुवों को प्रभु ने नियुक्त किया है (देखें तीतुस 1:5)। यदि हम अच्छा परिवार चाहते हैं तो हमें अच्छे अगुवे और उनका अनुकरण करने वाले चाहिए।

दूसरे मसीहियों के साथ हमारा संबंध। पौलुस ने लिखा, "आपस में मेल-मिलाप से रहो" (आयत 13ब)। यहाँ उसने कलीसिया के सदस्यों के साथ आपसी संबंधों को सम्बोधित किया है। पौलुस के लिए समुदाय का आपसी संबंध बहुत महत्वपूर्ण है और उसने इस संबंध का पुरजोर समर्थन थिस्सलुनीके

के कलीसिया के पत्री में किया है (देखें आयत 15ब)। उसने अपने पत्री में "भाई" शब्द का प्रयोग साठ से अधिक किया है और लगभग बीस बार उसने 1 और 2 थिस्सलुनीकियों में इस शब्द का प्रयोग किया है। उसने समुदाय में पारिवारिक प्रेम की आवश्यकता पर जोर दिया है। हम इसे एक अच्छा परिवार कैसे बना सकते हैं?

एक तरीका यह है कि हम एक दूसरे के साथ "प्रेम भाव" से रहें। हम प्रेम भाव से तभी रह सकते हैं जब हम अपने अगुवों का आदर या उनकी सुनते हैं। हम तब भी प्रेम भाव से रह सकते हैं जब परिस्थिति हमारे अनुकूल नहीं होती और हम खुली आलोचना से बचते हैं। हम में से सभी को दूसरों के दृष्टिकोण से परिस्थिति को देखने की आवश्यकता है। जब हमारा किसी के साथ झगड़ा होता है तो हमें उनके पास जाकर झगड़ा को सुलझा लेना चाहिए (मत्ती 5:23, 24)। दूसरों के प्रति अपने मन दुर्भाव न रखें; उसे सुलझा लें! परमेश्वर चाहता है कि हम शांतिपूर्ण तरीके से रहें (मरकुस 9:50; 2 कुरिंथियों 13:11)।

अच्छा परिवार होने का तात्पर्य यह है कि "जो ठीक चाल नहीं चलते हैं उनको समझाओ" (आयत 14अ)। एक अच्छे परिवार में अनुशासन होना आवश्यक है। आत्मिक परिवार में भी यही सिद्धांत लागू होता है। ये अच्छे चाल चलने वाले कौन हैं? यह शब्द कभी-कभी उन सिपाहियों के लिए प्रयोग किया जाता है जो अपने रैंक से अलग हट जाते हैं। थिस्सलुनीके की कलीसिया में यह शब्द उन लोगों के लिए प्रयोग किया गया है जिन्होंने यह समझकर कार्य करना या परिश्रम करना बंद कर दिया था कि प्रभु जल्द आने वाला है। वे दूसरों के लिए आर्थिक बोझ बन गए थे और चुगली करते फिर रहे थे (2 थिस्सलुनीकियों 3:10, 11)।

अच्छा चाल न चलने का सामान्य तात्पर्य क्या है? यह प्रभु के कोई भी आज्ञा का उल्लंघन है। यह पापमय कार्य जैसे चुगली करना, आलसी, मण्डली छोड़कर चले जाना, या बाइबल के विरूद्ध कार्य करने से मन फिराने से इनकार करना है।

पौलुस ने थिस्सलुनीकियों को इस प्रकार के मसीहियों को "चेतावनी" देने के लिए कहा। अब्राहम मलहर्बे ने कहा कि यदि थिस्सलुनीके के विश्वासी अच्छा चाल न चलने वालों को चेतावनी देते तो पौलुस इस बात पर जोर दे रहा था कि वे इसे और भी अधिक जोर देकर कहें।[53]

अविश्वासियों को चेतावनी कौन देगा? हमने देखा कि इस संदर्भ में प्राचीनों की चर्चा की गई। निश्चित रूप से उनकी अधिक जिम्मेदारी सौंपी गई है, लेकिन पौलुस ने उनको वहीं तक सीमित नहीं किया है। उसने कहा, "हे भाइयो, हम तुम्हें समझाते हैं" (आयत 14)। सभी सदस्यों को एक दूसरे की देखभाल करने के लिए उत्साहित किया गया है। तो हमारे सामने यह प्रश्न खड़ा

हो जाता है कि क्या हम अपने आत्मिक परिवार की देखभाल इस प्रकार कर रहे हैं कि सभी लोग विश्वासयोग्य पाए जाएं।

हम तब भी अपने आत्मिक परिवार की सहायता कर सकते हैं जब हम "कायरों को ढाढस" देते हैं (आयत 14ब)। टूटे मन वाले और निरुत्साहित "कायर" लोग हैं। थिस्सलुनीके में संभवतः निरुत्साहित लोग वे रहे होंगे जिन्हें अपने मृतकों का यीशु के द्वितीय आगमन में सम्मिलित न हो पाने का डर था। हमारे निरुत्साहित भाइयों ने संभवतः अपने प्रियों को खो दिया होगा और अभी वे अकेले रह रहे होंगे। हो सकता है कि उन्होंने अपनी नौकरी भी गवाँ दी होगी या फिर किसी शारीरिक दुर्बलता के शिकार हो गए होंगे।

जब हम किसी कायर को देखते हैं तो हमें उन्हें उत्साहित करना चाहिए। अपने भाइयों को उत्साहित करने के द्वारा, हम उन्हें बल और अपनी उपस्थिति और शब्दों से प्रेरणा प्रदान करते हैं। यह जिम्मेदारी केवल अगुवों की ही नहीं है बल्कि सभी मसीहियों की है।

"निर्बलों को संभालने" के द्वारा हम अपने आत्मिक परिवार को अच्छा बना सकते हैं (आयत 14स)। इस आयत में पौलुस ने आत्मिक निर्बलों की चर्चा की है न कि शारीरिक निर्बलों की (देखें रोमियों 14:1)। उनका जन्म राज्य में तो हुआ है परंतु उन्होंने सुसमाचार में जड़ नहीं पकड़ा। जब उनका विश्वास परखा जाता था तो वचन का जड़ उनमें नहीं पकड़ा था (देखें मरकुस 4:17)। क्या आप अपनी कलीसिया में किसी को ऐसा जानते हैं?

सभी "भाइयों" को उनकी "सहायता" करनी है। कल्पना कीजिए कि दो व्यक्ति बर्फीली तूफान में एक साथ चल रहे हैं और उनमें से एक इतना थक गया है कि बर्फ में जमने वाला है और गिरने पर है। गिरने का तात्पर्य मौत है। उसे संभालें और सुरक्षित स्थान तक ले जाएं!

दृढ़ मसीहियों को भी "भलाई ही की चेष्टा" करनी चाहिए (आयत 15)। "भला" करने का तात्पर्य, अपने संगी विश्वासी को और आत्मिक बनने में सहायता करना है। चाहे लोग हमें निरुत्साहित या नुकसान पहुँचाने का प्रयास करें तौभी हमें उनके लिए भलाई ही की कामना करनी चाहिए। हमें ऐसे लोगों को "ढूँढना चाहिए," उनके लिए प्रार्थना करना चाहिए और उनकी सराहना करनी चाहिए (देखें रोमियों 12:20, 21)। पौलुस केवल अगुवों को ही नहीं बल्कि थिस्सलुनीके की कलीसिया के सभी सदस्यों को सम्बोधित कर रहा है। सभी मसीहियों को "बुराई को भलाई से जीतना है" (रोमियों 12:21)।

सभी लोगों के साथ हमारा संबंध। यद्यपि पौलुस ने आयत 12 से 15 तक कलीसिया के अगुवों और विश्वासियों के बीच संबंध का जिक्र किया है लेकिन यदा कदा उसने गैर मसीहियों को भी उसने अपने इस संबंध में शामिल किया है। उसने लिखा कि "सब की ओर सहनशीलता दिखाओ" (आयत 14ब); और

फिर, "आपस में और सब से भी भलाई ही की चेष्टा करो" (आयत 15ब)। इस प्रकार के लोगों के साथ हमारा संबंध कैसा होना चाहिए?

परमेश्वर गैर मसीहियों से भी प्रेम करता है। वह उनका भी उद्धार चाहता है। पतरस ने लिखा, "प्रभु अपनी प्रतिज्ञा के विषय में देर नहीं करता, जैसी देर कितने लोग समझते हैं; पर तुम्हारे विषय में धीरज धरता है, और नहीं चाहता, कि कोई नाश हो; वरन यह कि सब को मन फिराव का अवसर मिले" (2 पतरस 3:9)। यीशु "खोए हुओं को ढूँढने और उनका उद्धार करने को आया" (लूका 19:10)।

परमेश्वर और मसीह के समान हमें भी सभी लोगों को प्रेम करना चाहिए। यीशु ने हमें "अपने बैरियों को प्रेम" करने के लिए कहा है (मत्ती 5:44)। जहाँ तक संभव हो हमें सबके साथ मिल जुल कर रहना चाहिए (रोमियों 12:18)। कभी-कभी सहनशील होने के बाद भी लोग हमसे अच्छा व्यवहार नहीं करेंगे, लेकिन पौलुस के अनुसार, हमें कभी भी "बुराई का बदला बुराई" से नहीं देना चाहिए बल्कि हमें "सबके साथ सहनशील होना चाहिए" और हमें "सबके लिए भलाई की ही कामना करनी चाहिए" (आयतें 14, 15)। "इसलिये जहां तक अवसर मिले हम सब के साथ भलाई करें" (गलातियों 6:10)। इस प्रकार का दया भाव हमें अविश्वासियों को यह दिखाने में सहायता करेगा कि उनका व्यवहार चाहे कैसे भी क्यों न हो हम उनके जीवन का मूल्य समझते हैं। हम उनकी भलाई की कामना करें ताकि वे परमेश्वर की ओर लौट आएं, पश्चाताप करें और अपना जीवन उसको समर्पित करें।

परमेश्वर की परिवार में सम्बन्ध का विशेष अंग है। परमेश्वर हमारी सहायता करे कि हम अपने अगुवों के साथ, अपने सभी संगी मसीहियों के साथ और उन सब के साथ जिनको प्रभु यीशु के सुसमाचार की आवश्यकता है, अच्छा संबंध बनाएं। EE

मसीही दृष्टिकोण का विकास (5:16–18)

सताव के कारण जब पौलुस ने थिस्सलुनीके की कलीसिया को जल्दबाज़ी में छोड़ा, तो उसने उन्हें आगे के निर्देश के लिए पत्री लिखी। आयतें 16 से 18 में उसने उन्हें तीन मसीही दृष्टिकोण आनंद, निर्भरता और धन्यवाद देने के बारे में लिखा। इन निर्देशों को उसने वर्तमान काल के आदेशात्मक भाव में लिखा जिसका तात्पर्य यह हुआ कि मसीहियों को इन गुणों को अपने जीवन में विकसित करना है और उन्हें इनको अपने जीवन के द्वारा लगातार प्रदर्शित भी करना है।

आनंदः "सदा आनंदित रहो" (आयत 16)। मसीहियों का जीवन के प्रति दृष्टिकोण, आनंद भरा होना चाहिए। परमेश्वर ने हमारे भूतकाल के पापों से

छुटकारा ("सभी पापों को धोकर") देकर आशीषित किया है (प्रेरित 22:16)। यदि हम विश्वासयोग्य बने रहेंगे तो उसने हमें स्वर्गीय स्थानों में सब प्रकार के आशीषों से आशीषित करने की प्रतिज्ञा दी है (इफिसियों 1:13, 14)। इसलिए, हमें पौलुस के साथ मिलकर अपने उद्धार के प्रति आनंद भरा प्रत्युत्तर देने की आवश्यकता है: "प्रभु में सदा आनन्दित रहो; मैं फिर कहता हूँ, आनन्दित रहो!" (फिलिप्पियों 4:4)।

यद्यपि जीवन की अपनी समस्याएं हैं तौभी हम मसीहियों को अच्छे समय और बुरे समय दोनों में आनंदित होना है। जब पौलुस ने फिलिप्पियों 4:4 लिखा तो वह उस समय कारागार में बंदी था। जब उनसे थिस्सलुनीकियों के पत्री लिखी तब वे सताव और दुःख सह रहे थे। सताव और पीड़ा के बावजूद हम आनंदित होते हैं क्योंकि अनंतकाल का मीरास उससे बढ़कर है जिसका अब हम सामना करते हैं। इसलिए आइए हम सब बातों में आनंदित रहें।

निर्भरता: "निरन्तर प्रार्थना में लगे रहो" (आयत 17)। कोई भी बच्चा आत्मनिर्भर नहीं है, और हम आत्मिक बच्चे हैं (देखें यिर्मयाह 10:23)। हमें परमेश्वर चाहिए। इसलिए, हमें प्रार्थना के द्वारा उससे जुड़े रहना है, चाहे हम उसके कार्यों, जो उसने हमारे लिए किया है, के प्रति धन्यवादित रहें (2 कुरिंथियों 9:15) या परीक्षा की घड़ी में उसकी सहायता के लिए उसको पुकारें (प्रेरित 4:29)।

"निरन्तर प्रार्थना में लगे [रहने]" का तात्पर्य यह नहीं है कि लगातार प्रार्थना की जाए। बल्कि यह हमको बताता है कि उस पर निर्भर रहें जो हमें निरन्तर उससे बातचीत करने के लिए बाध्य करता है, यहाँ तक कि हमारे दैनिक कार्य के समय भी हम उससे बातचीत कर सकते हैं (देखें इफिसियों 6:18; लूका 18:1)। जब हम गाड़ी चलाते हैं या पैदल चल रहे हैं तब भी प्रार्थना कर सकते हैं (इसके लिए आँखें मूँदकर प्रार्थना करने की आवश्यकता नहीं है)। परमेश्वर हमें सुनता है!

जब हम हर घड़ी प्रार्थना करते हैं तो इसके द्वारा यह दर्शाते हैं कि हमें परमेश्वर की आवश्यकता है – उस पर हमारी निर्भरता। जिस प्रकार बच्चों को अपने माता पिता की आवश्यकता पड़ती है उसी तरह हमें भी परमेश्वर की सदैव आवश्यकता पड़ती है। हम कभी उस पर निर्भर रहने के दायरे से अपने को बाहर नहीं पाते। परमेश्वर हमारी सहायता करे कि हम "निरन्तर प्रार्थना करते रहें" कि हम उस पर कितना भरोसा करते हैं!

धन्यवाद देना: "हर बात में धन्यवाद करो" (आयत 18अ)। आयत 17 में पौलुस ने जिस प्रार्थना का वर्णन किया है वह कृतज्ञता/धन्यवाद का प्रार्थना है। धन्यवाद देना किसी के प्रति कृतज्ञ होने के भावना से बढ़कर है। इसमें परमेश्वर के प्रति व्यक्त की जाने वाली भावना सम्मिलित है। हमें उस पति के समान नहीं

होना है जिसको उसकी तीस वर्ष से विवाहित पत्नी ने पूछा कि क्या वह उसे अभी भी प्रेम करते हैं तो उनका यह उत्तर था, "मैंने तुम्हें बता दिया था कि मैं तुमसे प्रेम करता हूँ, लेकिन यदि मैं अपने विचारों को बदलूँ तो मैं तुम्हें बता दूंगा।" इसके विपरीत परमेश्वर चाहता है कि हम उससे प्रेम करें। वह हमसे ऐसा इसलिए नहीं चाहता है कि उसको इसकी आवश्यकता है बल्कि वह यह चाहता है कि हम यह जाने कि हम उस पर कितना निर्भर रहते हैं।

ध्यान दें कि पौलुस ने यहाँ धन्यवाद देने की आज्ञा में "हर बात" शब्दांश का प्रयोग किया है। फिलिप्पियों 4:11 में पौलुस ने लिखा, "मैंने यह सीखा है कि जिस दशा में हूँ, उसी में सन्तोष करूँ।" मेक्गावें और पेंडलटन ने हमें स्मरण दिलाया है कि हमें परमेश्वर को "न केवल शांति और सर्वसम्पन्नता के लिए बल्कि दुःख और सताव के लिए भी धन्यवाद देना है (प्रेरित 5:41)।"[54] यह आत्मिक उन्नति का कारण हो सकता है।

हमें इसके प्रति धन्यवादित होने की आवश्यकता है क्योंकि "परमेश्वर की मसीह यीशु में [हमारे लिए] यही इच्छा है" (आयत 18ब)। यह पौलुस या किसी प्रचारक की इच्छा नहीं है, बल्कि परमेश्वर की इच्छा है! क्या हम परमेश्वर को हमारे परिवार, भोजन, वस्त्र, घर, परीक्षा और समस्या इत्यादि के लिए धन्यवाद देते हैं?

हमें आनंदित, निर्भर और धन्यवादित परमेश्वर के सन्तान होना है। वह पिता के समान सदैव हमारा देखभाल करता है। अतः आओ हम उसके प्रति धन्यवादी हों और उसके पुत्र और पुत्री के रूप में उचित मसीही दृष्टिकोण अपनाएं! EE

कुछ बातें जिनको हमें छोड़ना है (5:19, 20)

एक अंतरिम छोर से छोड़कर दूसरे अंतरिम छोर में जाना लोगों की प्रवृति है। आयतें 19 और 20 में पौलुस ने थिस्सलुनीके की कलीसिया में कुछ ऐसे ही उदाहरण प्रस्तुत किया है जिसको वहाँ के विश्वासी अभ्यास कर रहे थे। पौलुस के मूल्यांकन के अनुसार संतुलन बनाए रखना अनिवार्य था। उसने कलीसिया से मध्य मार्ग अपनाने का आग्रह किया है। यह अंतरिम विचार धारा क्या था जिसे पौलुस उनको छोड़ने के लिए कह रहा था?

पवित्र आत्मा के प्रति अंतरिम विचार धारा। पौलुस ने कहा, "आत्मा को न बुझाओ" (आयत 19)। यहाँ उसने त्रिएक परमेश्वर के तीसरे व्यक्तित्व पवित्र आत्मा के बारे में व्याख्यान किया है। पवित्र आत्मा, तब और अब उन लोगों को दिया गया है जो परमेश्वर के आज्ञाकारी हैं (प्रेरित 5:32)। लूका ने लिखा है कि पिन्तेकुस्त को प्रेरित पवित्र आत्मा से भर गए थे (प्रेरित 2:1–4)। पौलुस

ने अपने पाठकों से "पवित्र आत्मा को न बुझाने" का आग्रह किया।

पौलुस के मन में संभवतः पवित्र आत्मा के आश्चर्यकर्म जैसे अन्य भाषा बोलना, उसका अनुवाद करना, आश्चर्यकर्म और भविष्यवाणी जैसे वरदान रहे होंगे (1 कुरिंथियों 12:8–11)। प्रथम सदी के कुछ विश्वासियों को ये वरदान प्राप्त थे। वे इस प्रकार के वरदान को क्यों सीमित करना चाहते थे? क्योंकि कुछ लोग इन वरदानों को पाने का झूठा दावा करते थे (देखें 1 यूहन्ना 4:1)। झूठे भविष्यवक्ताओं या हुल्लड़ मचाने वालों ने गम्भीर लोगों को इतना निराश किया कि इसकी अत्यधिक प्रतिक्रिया हुई।

शब्दों के द्वारा इन आश्चर्यकर्मों के अभिव्यक्ति के कारण, अपरिपक्व मसीही लोग, जो भी इन वरदानों को प्राप्त करने का दावा प्रस्तुत करते थे, को सुनने के लिए हिचकिचाते थे और जिन अगुओं को ये वरदान प्राप्त थे, वे भी इनको प्रयोग करने के लिए हिचकिचाते थे। यह कुरिंथियों की कलीसिया में पाई जाने वाली वरदान के विपरीत थे (1 कुरिंथियों 14)। मानो यह आत्मा रूपी अग्नि में ठंडा पानी उण्डेलना था जो परमेश्वर के संदेश को प्रचार करने में बाधा उत्पन्न कर रही थी।

आज यह कैसे लागू होती है? क्योंकि आत्मा इस प्रकार का आश्चर्यकर्म करने का वरदान वर्तमान में किसी को नहीं देता है तो इन दावों का समर्थन करने के लिए कि आत्मा ऐसा करता है इस वचन का इस्तेमाल करना गलत है। हम इस अर्थ से आत्मा को नहीं बुझा सकते हैं। फिर भी, पौलुस का इस प्रकार का अंतरिम न्याय के सिद्धांत को छोड़ने के बारे में हमें सुनने की आवश्यकता है।

जिस बात को हम पसंद नहीं करते हैं और उसे लोगों को करते हुए देखते हैं तो उनके प्रति हम तीव्र प्रतिक्रिया करते हैं। हमारे समाज में टेलीविज़न पर प्रचार करने वाले ऐसे प्रचारक हैं जो अपने धोखा धड़ी के लिए जाने जाते हैं। इसलिए, कुछ लोग यह निष्कर्ष निकालते हैं कि सभी प्रचारक (या सभी मसीही, इस मामले में) पाखण्डी हैं। यह असंतुलित प्रतिक्रिया है। कुछ प्रचारक अज्ञानता में आज कलीसिया के लिए नए नियम के नमूने पर शिक्षा नहीं देते हैं लेकिन हमें ऐसा टिप्पणी करने से बचना चाहिए कि सभी यही गलती करते हैं। अच्छे संदेशों के प्रति शैतान हमारी कानों को भय और कुण्ठा के कारण बंद कर देता है। तब हम सभी प्रचारकों के प्रति संदेह करने लगते हैं और आत्मा की संदेश को सुनने से वंचित रह जाते हैं।

भविष्यवाणी के प्रति तीव्र प्रतिक्रिया। बीसवीं आयत में पौलुस ने लिखा, "भविष्यवाणियों को तुच्छ न जानो।" यह एक ऐसा विशिष्ट वरदान है जिसकी पौलुस सर्वाधिक सिफारिश करता है (देखें 1 कुरिंथियों 14:5)। इसके बावजूद, झूठे भविष्यवक्ताओं के कारण, थिस्सलुनीके के लोग सच्चे भविष्यवाणियों को

भी तुच्छ समझने लग गए थे। पौलुस ने कलीसिया को बताया कि वे इसके प्रति अति प्रतिक्रिया न करें क्योंकि ऐसा करने से वे परमेश्वर की ओर से सच्चे प्रकाशन को भी वे तुच्छ जानने लगेंगे।

आज यह कैसे लागू होता है? फिर, आज आश्चर्यजनक रूप से परमेश्वर की प्रेरणा से दी गई भविष्यवाणियां नहीं हैं लेकिन हम प्रचारकों, शिक्षकों या प्राचीनों के प्रति तीव्र प्रतिक्रिया कर दोषी ठहर सकते हैं। जब हम कभी कलीसिया में वचन पर आधारित संदेश या पाठ नहीं सुनते हैं तो हमें इस निष्कर्ष पर नहीं आना चाहिए कि सभी संदेशों पर संदेह किया जाना चाहिए। पौलुस कहेगा, "तीव्र प्रतिक्रिया से बचो; परमेश्वर के वचन को तुच्छ न जानो!" जब भी बाइबल पर आधारित संदेश प्रचार किया जाता है तो हमें इसे तुच्छ नहीं जानना चाहिए, परंतु इसको स्वीकार करना चाहिए! EE

परखना सीखें: "सब बातों को परखो" (5:21, 22)

पौलुस ने थिस्सलुनीकियों से आग्रह किया कि वे अच्छे और बुरे के बीच में विभेद करें। उसने कहा, "सब बातों को परखो: जो अच्छी है उसे पकड़े रहो। सब प्रकार की बुराई से बचे रहो" (आयतें 21, 22)। जो बातें हम सुनते हैं उनका परीक्षण कैसे करें?

सर्वप्रथम, ध्यान दें कि यह सब का व्यक्तिगत् जिम्मेदारी है। प्रेरित 17:11 में लूका ने बिरिया वासियों के बारे में जो "भले मन" के थे, लिखा है कि जो पौलुस प्रचार करता था उन्होंने उसको प्रतिदिन शास्त्रों में से ढूँढकर देखा कि क्या उसकी शिक्षा ठीक है या नहीं। संदेश या बाइबल क्लास में हम क्या सुनते हैं इसकी परीक्षण करने की जिम्मेदारी हमारी होती है कि संदेश या शिक्षा वचन पर आधारित है।

द्वितीय, जब हम यह निर्धारित कर लेते हैं कि सत्य क्या है, तो हमें इसे "थामे रहना" चाहिए। "भला" क्या है जिसे हमें थामे रहना है? बाइबल की प्राथमिक सच्चाई को स्मरण रखें: परमेश्वर से प्रेम, मसीह के प्रति विश्वासयोग्यता, परिवार से प्रेम, यौन शुद्धता और दूसरों की सेवा। इनको थामें रहें, इनको अपने से लगाए रखें और इनका अभ्यास करें।

तृतीय, हमें शैतान से दूर रहना है। उसे अपनी ओर न आने दें, बल्कि उसे दूर रखें। शैतान से कोई सरोकार न रखो। यद्यपि, KJV अनुवाद कहता है कि शैतान के "हर प्रकार के प्रकटीकरण" से दूर रहो, लेकिन पौलुस यहाँ दुष्ट से दूर रहने पर जोर देता है, न कि उसके प्रकटीकरण पर। वह कौन सी दुष्टता है जिससे आज हमें दूर रहना है? भ्रूण हत्या, पुनर्विवाह जो वचन के अनुसार नहीं है, चुंगी के साथ धोखा, समलैंगिकता और निंदा इत्यादि से दूर रहें। EE

परमेश्वर का परिपक्वता के प्रति दृष्टिकोण (5:12–23)

हम में से अधिकांश लोगों को अपनी आत्मिक परिपक्वता का आकलन आता है। हम इसके बारे में यह सोच सकते हैं कि यह हमारी अपनी आत्मिकता की स्तर की अपनी राय है। परमेश्वर का अपने बच्चों की आत्मिकता के बारे में क्या राय है? पहला थिस्सलुनीकियों के अंतिम भाग में हमें क्या करना है और क्या नहीं करना है, का सूची दिया गया है। वास्तव में, यह परिपक्व होने की अद्भुत निर्देश प्रस्तुत करता है जो हमें परिपक्व मसीही जीवन जीने के लिए कार्य और दृष्टिकोण देता है। हमारी परिपक्वता के लिए परमेश्वर का निर्देश क्या है?

हम अपनी संबंध में परिपक्व बनें (5:12–15)। मसीहियत एक संबंध है। यह मसीह के द्वारा परमेश्वर के साथ मित्रता है। परमेश्वर ने अपने साथ हमारी संबंध की योजना इस प्रकार बनाई है कि वह दूसरों के साथ हमारे संबंध के द्वारा दिखाई दे।

"इसलिये प्रिय, बालकों के समान परमेश्वर के सदृश बनो" इफिसियों 5:1 की आज्ञा है। जीने का यह नियम उस अनुच्छेद में बुना गया है जो दया, प्रेम और क्षमा के द्वारा चरितार्थ किया गया है। यह यीशु के बलिदान के द्वारा वर्णित किया गया है जो इन चरित्रों का जनक है।

हम अपने संबंध में परमेश्वर के गुणों को कैसे प्रदर्शित कर सकते हैं? 5:12-15 देखें कि हमें यह क्या करने को कहता है:

> और हे भाइयो, हम तुम से विनती करते हैं, कि जो तुम में परिश्रम करते हैं, और प्रभु में तुम्हारे अगुवे हैं, और तुम्हें शिक्षा देते हैं, उन्हें मानो। और उन के काम के कारण प्रेम के साथ उन को बहुत ही आदर के योग्य समझो: आपस में मेल-मिलाप से रहो। और हे भाइयो, हम तुम्हें समझाते हैं, कि जो ठीक चाल नहीं चलते, उन को समझाओ, कायरों को ढाढ़स दो, निर्बलों को संभालो, सब की ओर सहनशीलता दिखाओ। सावधान! कोई किसी से बुराई के बदले बुराई न करे; पर सदा भलाई करने पर तत्पर रहो आपस में और सब से भी भलाई ही की चेष्टा करो।

हम उन लोगों को जानते हैं जो आलसी हैं या मुसीबत खड़ी करते हैं। हमारी भेंट ऐसे लोगों से भी होती है जो डरपोक और कमजोर हैं। परमेश्वर के बताए तरीके से उनका सामना करें। यह परिपक्वता है: जो भी भला हम कर सकते हैं इन सबके साथ करें, शांति और प्रेम का माहौल बनाएं जिसमें सभी उन्नति और विकास कर सकते हैं।

यह जरूरी और मूल्यवान कार्य है। यह मसीही परिपक्वता का अभ्यास है। यह परमेश्वर का कार्य है! यह वह कार्य है जिसे यीशु ने किया और इसे उसने इसके पूरे होने तक धीरज से कार्य किया। यीशु "भलाई करता फिरा" (प्रेरित

10:38)। दूसरों का भलाई करना ही संबंधता में हमारी परिपक्वता दर्शाती है।

जब हम दूसरों के साथ अपने संबंधों का विश्लेषण करते हैं तो हमें क्या दिखाई देता है? क्या हमने उनसे दूरी बनाई हुई है, क्या हम उनके प्रति असंवेदनशील हैं और उनकी आवश्यकताओं की चिंता नहीं करते हैं? क्या हम दूसरों पर प्रभुता जताते हैं और उनके हरेक कार्यों पर निर्देश देते हैं? यह दूसरों के साथ संबंध बनाने का अपरिपक्व तरीका है।

यदि हम ऐसा बर्ताव कर रहे हैं या ऐसा बर्ताव करने की परीक्षा में फंस गए हैं तो हमें दूसरों के साथ संबंध के बारे में परमेश्वर के निर्देश को दोबारा पढ़ना चाहिए। हमें इनका अभ्यास प्रारंभ करना चाहिए और इसी का अभ्यास करते रहना चाहिए ताकि हम उन्नति करें और अपने संबंधों में परिपक्व हो जाएं।

अपने व्यक्तिगत जीवन में परिपक्व होना (5:16–22)। दूसरों की सहायता जैसा परमेश्वर चाहता है यदि हम वैसा करते हैं तो यह हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण कार्य है। यह कुण्ठा भरा और थकाने वाला हो सकता है। यदि यह हमें निराश करता है तब हमें अपने आपको उत्साहित करने की आवश्यकता है ताकि हम दूसरों की सहायता करने के लिए बहत्तर तरीके से तैयार हो सकें। इसको अच्छे तरह से करने के लिए हमें अपनी व्यक्तिगत परिपक्वता पर ध्यान देने की आवश्यकता है।

यह कैसे किया जा सकता है? इस प्रश्न का उत्तर यहाँ प्रस्तुत है:

> सदा आनन्दित रहो। निरन्तर प्रार्थना में लगे रहो। हर बात में धन्यवाद करो: क्योंकि तुम्हारे लिये मसीह यीशु में परमेश्वर की यही इच्छा है। आत्मा को न बुझाओ। भविष्यद्वाणियों को तुच्छ न जानो। सब बातों को परखो: जो अच्छी है उसे पकड़े रहो। सब प्रकार की बुराई से बचे रहो (5:16–22)।

जो परमेश्वर के निर्देश की सूची जैसे दिखती है वह वास्तव में व्यक्तिगत आत्म जागृति के लिए परमेश्वर का नुसखा है। यह गतिविधियाँ मसीहियों को उत्साहित करेगा और परिपक्वता की ओर उन्नति करने में उनकी सहायता करेगा।

जब हम इन गतिविधियों में भाग लेते हैं तो हमारे जीवन में क्या होता है? हम आनन्दित होंगे; हम प्रार्थना करेंगे; और आत्मा से कहेंगे कि वह हमें बदले। भक्तिपूर्ण जीवन जीने के लिए हम परमेश्वर के वचन पर निर्भर रहेंगे और उसको अपने जीवन में संजोएंगे और जो भी बात हमें भक्तिपूर्ण जीवन जीने में बाधा डालती है उसका तिरस्कार करेंगे। यह दृष्टिकोण और गतिविधियाँ हमें प्रेम करने के लिए, क्षमा करने के लिए और धीरज से दूसरों

की सेवा करने के लिए तैयार करेगा और परमेश्वर भी हमसे यही चाहता है।

हम इन बहुमूल्य गतिविधियों को अपने जीवन शैली का हिस्सा कैसे बना सकते हैं? सबसे पहले हम इस बात से सहमत हों कि वे महत्वपूर्ण हैं और आत्मिक उन्नति के लिए आवश्यक है। ऐसा कौन कहता है? परमेश्वर ऐसा कहता है! दूसरी बात, हमें उसे करना प्रारंभ करना चाहिए। हमें ऐसा प्रारंभ करने के कारणों के बारे में सोचना चाहिए, लेकिन यह गुण तब तक हमारे जीवन का हिस्सा नहीं बन सकता है जब तक कि हम उनका अभ्यास करना प्रारंभ न कर लें – इसलिए आओ हम शुभारंभ करें। तीसरी बात, हमें अच्छे कार्य करना नहीं छोड़ना चाहिए। यदि हम उसको भूल जाते हैं या उनका अभ्यास नहीं करते हैं तो हमें उसे अतिरिक्त प्रयास करके दोबारा प्रारंभ करना चाहिए।

परमेश्वर के सहायता की अपेक्षा करें (5:23)। परिपक्व जीवन जीने के लिए, हमें अपने कमजोरियों के प्रति सचेत होने की आवश्यकता है। हम अपने असफलताओं को समझेंगे। कभी-कभी परमेश्वर हमसे क्या चाहता है उसको नजर अंदाज करेंगे या फिर उससे बलवा करेंगे। यदि हम स्वयं पर भरोसा रखेंगे तो हम निश्चय असफल होंगे। हमें सिद्धता केवल मसीह के द्वारा परमेश्वर से मिलती है। परमेश्वर हमें परिपक्व होने की चुनौती का सामना करने में हमारी सहायता करेगा (देखें 5:23)।

परमेश्वर एक उदार परमेश्वर है जो अपना जीवन और पवित्रता हमारे साथ बांटना चाहता है। उसने हमें यीशु दे दिया है जिसके द्वारा यह संभव है। परिपक्व मसीही होने के नाते हम हरेक बात में परमेश्वर की सहायता चाहेंगे। परमेश्वर इस जीवन में और अनंतता में हमारी सहायता करेगा। हम परमेश्वर पर भरोसा रख सकते हैं। हमें परमेश्वर पर ही भरोसा रखना *चाहिए।*

उपसंहार। मन और मस्तिष्क की मसीही परिपक्वता हमारे शब्दों और कार्यों से प्रकट होगा। यदि हम परिपक्वता के लिए कार्य कर रहे हैं तो इसके परिणाम दिखाई देंगे – न केवल यह हम तक सीमित रहेगा बल्कि इसका प्रभाव हमारे चारों ओर उन लोगों में भी दिखाई देगा जो हमसे प्रभावित होते हैं। हम अलग पहचाने जाएंगे। हम परमेश्वर के लोग के रूप में पहचाने जाएंगे! जब परमेश्वर हमारे साथ है तो हम इस जीवन में परिपक्व होंगे और आने वाले समय में उसके साथ संगति करने के लिए तैयार होंगे। TP

"नहीं करो" (5:19–22)

मसीहियत कोई नकारात्मक धर्म नहीं है, परन्तु उसमें "नहीं करने" के लिए कुछ बातें दी गईं हैं। हमें भले सन्देश तक पहुँचने के लिए बुरे सन्देश से होकर

जाना पड़ता है। सच्चाई के मार्ग पर चलने का अर्थ है गलतियों के विरुद्ध रहना, जैसे कि पवित्रता के प्रति समर्पित होने के लिए किसी भी अपवित्रता को त्यागना होता है।

पौलुस ने चार नकारात्मक बातें दीं जो आवश्यक हैं यदि हम परमेश्वर द्वारा हमें दिए गए वचन के प्रति विश्वसनीय रहें।

आत्मा को नहीं बुझाएं। शब्द "बुझाने" से तात्पर्य है आत्मा को दबा कर रखना। एक मनुष्य ने कहा, "प्रभु यदि हम में आत्मिकता की छोटी सी चिंगारी भी है तो कृपया उस चिंगारी को जल से सींचें।" उसके द्वारा प्रयुक्त अलंकार गलत थे, परन्तु हम समझते हैं कि वह क्या कहना चाह रहा था। आयत 19 कहती है कि हमें परमेश्वर की आत्मा के स्वर को "मिटाना" या "डुबाना" नहीं देना है।

भविष्यवाणियों को तुच्छ ना जानें। "तुच्छ जानने" का अर्थ है उनके महत्व को कम करना या हलके में लेना।

बिना जाँच किए स्वीकार नहीं करें। हमें हर किसी का सन्देश स्वीकार नहीं कर लेना चाहिए। जब किसी सन्देश का सामना करें, तो हमें सावधानी से उसका निरीक्षण करना चाहिए, उसे जाँचना चाहिए। यदि हम उसे सत्य पाते हैं, तब ही उसे स्वीकार करना चाहिए।

बुराई में सहभागी न हों। हम बुराई के विरुद्ध हैं। इसलिए हमें उसके किसी भी स्वरूप के साथ जुड़ा हुआ नहीं होना है। विशेषकर हम किसी भी प्रकार की झूठी शिक्षाओं या भविष्यवाणियों के विरुद्ध हैं। इस वाक्यांश का अर्थ गलत शिक्षाओं के विरुद्ध होना हो सकता है।

रेमंड सी. केल्सी ने लिखा, "यह संभव है कि पौलुस किसी भी प्रकार की बुराई से बचे रहने के लिए कह रहा है; परन्तु, संदर्भ के अनुसार यह प्रत्येक प्रकार की झूठी भविष्यवाणी के विरोध के लिए प्रतीत होता है।"[55]

ये नकारात्मक हमें दिए गए वचन के प्रति सच्चे एवं खरे बने रहने में सहायक होंगे, और बुराई से बचा कर रखेंगे। ये वे महान गुण हैं जिन्हें मसीह के लिए जीवन व्यतीत करने वालों में होना चाहिए। EC

संपूर्ण इच्छा (5:23, 24)

पौलुस के समापन संबोधन में, हम थिस्सलुनीकियों के लिए पौलुस द्वार कही गई एक सुन्दर प्रार्थना/इच्छा को देखते हैं। इसमें वह व्यक्त है जो प्रत्येक मसीही को मसीह में अपने प्रत्येक भाई और बहन के लिए चाहना चाहिए।

संपूर्ण संतुष्टि। हमें इच्छा करनी चाहिए कि हम में से प्रत्येक परमेश्वर की सेवकाई के लिए अपने आप को पृथक करे। जिसने भी सुसमाचार का पालन

किया है उसने मसीह की ओर परिवर्तित होने पर पवित्रता प्राप्त की है। एक प्रकार से, पवित्रता कुछ प्राप्त करना भी है और कुछ उपलब्धि पाना भी। पौलुस ने कहा कि कुरिन्थियों के लोग पवित्र किए गए (1 कुरिन्थियों 6:11), परन्तु उनका पवित्र होना उनके परिवर्तन के समय संपूर्ण नहीं हुआ था। उन्हें उसमें बढ़ना था। प्रति दिन, जैसे-जैसे हम परमेश्वर की इच्छा के प्रति अधिकाधिक समर्पित होते जाते हैं, हम और अधिक पवित्र होते चले जाते हैं। प्रत्येक मसीही के जीवन का लक्ष्य होना चाहिए कि वह परमेश्वर की इच्छा के लिए पूर्णतः पवित्र बने।

पौलुस चाहता था कि थिस्सलुनीके आत्मा, प्राण, और देह में पूर्णतः पवित्र हों। प्राण और आत्मा में क्या अन्तर है? डेविड लिप्सकौंब ने दावा किया कि कोई अन्तर नहीं है।[56]

विश्वास में संपूर्ण सुरक्षा। पौलुस चाहता था कि ये भाई यीशु के आगमन तक सहन करते रहें। वह नहीं चाहता था कि कुछ भी उनके विश्वास या आत्मिकता को नाश करे।

यीशु के आगमन पर पूर्णतः निर्दोष। पौलुस चाहता था कि उसके भाई जब यीशु से मिलें तो उनके विरुद्ध कोई वैध दोषारोपण ना हो। वे सिद्ध तो नहीं हो सकते थे, परन्तु वे उससे उसके "निर्दोष" लोगों के समान मिल सकते थे।

यह भाइयों के लिए संपूर्ण प्रार्थना या इच्छा है। यह परिपूर्ण है तथा इसमें भरपूरी है - कोमलता, व्यवहारिकता, और अनन्त की। यदि यह इच्छा पूरी हो जाए, तो फिर कैसे भी महत्व के अन्य और कुछ की कोई आवश्यकता नहीं होगी।

इस इच्छा में ईश्वरीय और मानवीय समीकरण है। पौलुस जानता था कि परमेश्वर अपना भाग पूरा करेगा। यदि थिस्सलुनीके भी अपना भाग पूरा कर दें, तो पौलुस की इच्छा सच हो जाएगी। EC

परमेश्वर की एक झलक (5:24)

मसीहियों के लिए जो सबसे महान इच्छा रखी जा सकती है, उसके साथ ही परमेश्वर के बारे में एक कथन संलग्न है। यह एक छोटा सा वाक्य मात्र है, परन्तु यह हमें परमेश्वर के महिमामय गुणों में से एक को स्मरण कराता है।

हम जानते हैं कि "लोग जिस ईश्वर की उपासना करते हैं, उस के समान ही हो जाते हैं।" यह तथ्य हमें उसकी प्रशंसा के वचन: "तुम्हारा बुलाने वाला सच्चा है, और वह ऐसा ही करेगा" (5:24) के अनुसार उसका अध्ययन करने का कारण प्रदान करता है। यह सत्य हमें परमेश्वर की समानता के थोड़ा निकट ला सकता है। इस वाक्य में हम क्या देखते हैं?

परमेश्वर के चरित्र को देखना। परमेश्वर के जितने भी गुण हैं, उनमें पापियों

के लिए जो सबसे अधिक प्रोत्साहित करने वाला है वह यह बोध होना है कि परमेश्वर पर भरोसा किया जा सकता है। जैसे कि परमेश्वर प्रेम है, वैसे ही वह विश्वासयोग्य भी है। चाहे कुछ भी हो जाए, परमेश्वर जो है, वह उसमें कभी नहीं डगमगाएगा। चाहे हम नहीं जान पाएं कि कुछ बातें हमारे साथ या हमारे आस-पास क्यों होती हैं, परन्तु हम इस प्रस्तावना में अपना विश्वास बनाए रख सकते हैं कि परमेश्वर अपनी प्रतिज्ञाओं को सदा पूरा करेगा।

परमेश्वर के कार्यों पर विचार करना। कभी-कभी किसी व्यक्ति के लिए कहा जाता है "हमें यह कदापि पता नहीं होता है कि वह कार्य को कैसे करने जा रहा है," या "हमें उसके साथ सावधान रहना है, क्योंकि हम कह नहीं सकते हैं कि उसकी प्रतिक्रिया क्या होगी!" कभी भयभीत नहीं हों, परमेश्वर सदा ही अपने चरित्र के अनुरूप कार्य करेगा। कभी भी कोई भी परमेश्वर को अनिश्चितता या दोगलेपन के साथ कार्य करते हुए नहीं पाएगा।

परमेश्वर की स्थिरता का स्मरण। परमेश्वर जो कल था, वही वह आज भी है और कल भी रहेगा। याकूब ने कहा कि परमेश्वर में "न तो कोई परिवर्तन हो सकता है, ओर न अदल बदल के कारण उस पर छाया पड़ती है" (याकूब 1:17)। दूसरे शब्दों में, परमेश्वर में कभी कोई बदलाव नहीं आता है।

अवश्य ही हम परमेश्वर के बारे में सब कुछ जानना आरंभ भी नहीं कर सकते हैं। वह इतना विशाल, इतना श्रेष्ठ, इतना सामर्थी है; परन्तु फिर भी हम उसके बारे में कुछ सत्य जान सकते हैं। हम अपनी अनन्त आशा को उसकी सत्यनिष्ठा पर आधारित कर सकते हैं। इस बात पर विचार करते रहना हमें उसके प्रति विश्वासयोग्य रखता है और उसके प्रति हमारे प्रेम को बढ़ता हुआ रखता है। इससे हमारे मनों को विश्राम मिलता है कि परिवर्तनशील, अनिश्चित संसार में, हम परमेश्वर को उनके प्रति विश्वासयोग्य पाते हैं जो उस पर भरोसा रखते हैं। EC

"सदैव उपयुक्त" निवेदन (5:25–27)

जब कोई अपने भाइयों से विदा ले तो उन से क्या कहे? तीन निवेदन सदैव उपयुक्त होते हैं।

"हमारे लिए प्रार्थना करो।" पौलुस ने थिस्सलुनीकियों से कहा कि वे तीमुथियुस, सीलास, और उसके लिए प्रार्थना करें। ध्यान करें, पौलुस परमेश्वर के आत्मा से प्रेरणा पाया हुआ प्रेरित था, परन्तु उसने इस आवश्यकता को देखा कि उसके भाई पिता के सामने उसका नाम लें। यदि पौलुस को प्रार्थना की आवश्यकता थी, तो हम सब को भी है।

"भाइयों को नमस्कार।" पौलुस थिस्सलुनीकियों के प्रत्येक भाई और बहन

को अभिनंदन कहना चाहता था। वह नहीं चाहता था कि इससे कोई भी बचा रह जाए। अभिनंदन एक भाई से दूसरे को पहुँचाया जाए। मसीह की देह में प्रत्येक अंग के महत्व पर ज़ोर दिया जा रहा है। प्रत्येक मसीही उसके परिवार का सदस्य है, इस कारण उस पर कुछ न कुछ ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है।

नमस्कार के चुम्बन को पवित्र होना था, वासना या हवस का चुम्बन नहीं। वहाँ औपचारिकता और दोगलेपन को अनुपस्थित होना था, सामाजिक असमानताओं से होने वाले पक्षपात से, निर्धनों के प्रति भेदभाव से, धनवानों का पक्ष लेने से, स्वतंत्र होना था। उस संस्कृति में, चुंबन एक ही लिंग के व्यक्तियों में होता था।[57]

"बाइबल पढ़ें।" पौलुस चाहता था कि यह पत्री सब को पढ़ कर सुनाई जाए। संभवतः उसका उद्देश्य था कि यह सार्वजनिक रीति से पढ़ी जाए जिससे कि सारी मण्डली इससे लाभ उठा सके।

पौलुस ने उन्हें जिस पत्री को पढ़ने के लिए कहा वह परमेश्वर का वचन था, क्योंकि उसे पवित्र आत्मा द्वारा उसे लिखने की प्रेरणा मिली थी। भाइयों को अपने समक्ष परमेश्वर के वचन की आवश्यकता थी।

हमारे लिए, इस निवेदन की उपयोगिता यह आग्रह होगा कि "वचन को पढ़ो!" कितना उपयुक्त है एक दूसरे को स्मरण कराना कि परमेश्वर के वचन को पढ़ें और उस पर मनन करें!

इस पत्री का अन्त करते हुए पौलुस ने क्या कहा? उसने कहा, "हमारे लिए प्रार्थना करो। सारे भाइयों को नमस्कार। पत्री को पढ़ो।" वह इससे अधिक उपयुक्त और क्या निवेदन कर सकता था? EC

विदा लेते समय की प्रार्थना (5:28)

थिस्सलुनीकियों को लिखी पौलुस की प्रथम पत्री की अन्तिम पंक्ति एक साधारण सा वाक्य है जो एक छोटी प्रार्थना या इच्छा भी है; यह "विदा" कहने की उसकी विधि है।

एक महान इच्छा थोड़े से शब्दों में कही जा सकती है। बहुत कहने के लिए किसी को लंबे समय तक वार्तालाप करने की आवश्यकता नहीं है। अनन्त सुसमाचार को दस शब्दों में रखा जा सकता है: "हमारे प्रभु यीशु मसीह का अनुग्रह तुम्हारे साथ होता रहे।" यह कैसी इच्छा है?

अनुग्रह की इच्छा। उसकी लालसा थी कि जिस कृपादृष्टि के वे योग्य नहीं थे वह उन्हें प्राप्त हो। वह उनके लिए ऐसा अनुग्रह चाहता था जिसके वे कदापि योग्य नहीं थे। हम उसकी इस इच्छा में सच्चा प्रेम देखते हैं। आत्मिक प्रेम दूसरों के लिए वह खोजता है जो उन्होंने अर्जित नहीं किया है। क्या हम दूसरों के

लिए ऐसी इच्छा रख सकते हैं?

आत्मिक इच्छा। जो अनुग्रह हम किसी अन्य पर करें वह अपूर्ण और अधूरा हो सकता है, परन्तु जो अनुग्रह मसीह देता है वह सिद्ध, पूर्ण, और सर्वोत्तम होता है। पौलुस ने उनके लिए सर्वोच्च अनुग्रह की इच्छा की, परमेश्वर के पुत्र के अनुग्रह की।

अनन्तता के साथ लिपटी इच्छा। पौलुस की चाह थी कि उनके *साथ* मसीह की वह कृपादृष्टि हो जिसके वे योग्य नहीं थे। उसकी प्रार्थना थी कि वह उनके जीवनों में लगातार बनी रहे। मुझे बचाए जाने की आवश्यकता है, और मुझे बचे रहने की आवश्यकता है। जब मैं मसीही बना तो मैंने परमेश्वर के अनुग्रह को प्राप्त किया, और मसीही जीवन जीते हुए मैं उसी में खड़ा और जीता रहता हूँ। मुझे लंबे समय तक संभाले रखने वाली आशीष केवल प्रतिदिन परमेश्वर के अनुग्रह में बने रहना ही है।

यह तीन भाग वाली इच्छा है: अनुग्रह, मसीह का अनुग्रह, मसीह का अनुग्रह अनन्त काल के लिए! ऐसी इच्छा केवल एक मसीही ही कर सकता है, और ऐसी इच्छा किसी को भी मसीही बना देगी, जो इस इच्छा को स्वीकार करे और उस के अनुसार कार्य करे। EC

एक प्रेरित की पत्री की समाप्ति (5:23–28)

पौलुस ने थिस्सलुनीकियों की कलीसिया को यह पत्री 51 ईस्वी में लिखी। उसने यह पत्री उन्हें प्रोत्साहित करने और मसीह तथा उसके लौट के आने के बारे में महत्वपूर्ण सत्यों को समझने में सहायता करने के लिए लिखी। अब, इन अन्तिम कुछ आयतों में, उसने थिस्सलुनीकियों को दिए गए सन्देश की समाप्ति की। 5:22 में पौलुस ने कलीसिया से "सब प्रकार की बुराई से बचे रहने" का आग्रह किया। आयत 23 से 28 तक, पौलुस ने उन्हें स्मरण दिलाया कि बुराई से बचने और भलाई करने के लिए सामर्थ्य का स्रोत परमेश्वर है।

उसने अपने द्वारा परिवर्तित हुए लोगों के लिए प्रार्थना की (आयतें 23, 24)। अपने निष्कर्ष के पहले भाग में, पौलुस ने लिखा, "शान्ति का परमेश्वर आप ही तुम्हें पूरी रीति से पवित्र करे" (आयत 23अ)। "पवित्र" का अर्थ है "भीतर से आत्मा के सुधारने के द्वारा शुद्ध करना।"[58]

मसीही भीतर से पवित्र हो जाते हैं जब उनका बपतिस्मा होता है (1 कुरिन्थियों 6:11)। परिवर्तित होने के पश्चात, उन्हें अपने पवित्र होने में बढ़ते जाना है (सुधरते जाना) जैसे जैसे वे परिपक्व होते जाते हैं (देखें 2 कुरिन्थियों 3:18; 1 थिस्सलुनीकियों 4:3)। वास्तविकता में, पौलुस चाहता था कि सारी कलीसिया "संपूर्णतः" पवित्र हो। अर्थात, आत्मिक रीति, वह चाहता था कि वे, और चाहता है कि हम, पाप से बचे रहें और शुद्ध हों ताकि

हम परमेश्वर के लिए आत्मिक सेवकाई के लिए पृथक किए जाएं। हमें अपने आप से प्रश्न करना चाहिए, "हम अपने जीवनों में किस आत्मिक उद्देश्य को पूरा कर रहे हैं?"

पौलुस ने यह भी प्रार्थना की कि परमेश्वर इन भाइयों को "सुरक्षित" रखे (आयत 23ब)। दूसरे शब्दों में, पौलुस चाहता था कि वे मसीह में अपने विश्वास को दृढ़ता से थामे रहें। वास्तव में, वह चाहता था कि परमेश्वर उनके "आत्मा," "प्राण," और "देह" की रक्षा करे।

यूनानी लोगों का मानना था कि व्यक्ति की रचना तीन भागों से मिलकर होती है: आत्मा, प्राण, और देह। वे प्राण को आत्मा से निम्न स्तर का और पशु प्रवृत्ति का तथा आत्मा को व्यक्ति का अविनाशी भाग मानते थे। पौलुस संभवतः इस दर्शन के बारे में जानता था, परन्तु इस आयत में वह इसे लेकर नहीं चल रहा था। पौलुस के लिए प्राण और आत्मा पर्यायवाची थे, दोनों ही "भीतरी मनुष्य" का वर्णन करते थे (2 कुरिन्थियों 4:16)। वह संभवतः मनुष्य के विवरण के लिए जाने-पहचाने शब्दों के प्रयोग द्वारा कहना चाह रहा था कि प्रत्येक मसीही को संपूर्णतः मसीह के साथ सही संबंध में बने तथा सुरक्षित रहना चाहिए।

पौलुस ने प्रार्थना की कि मसीही "प्रभु यीशु मसीह के आने तक पूरे-पूरे और निर्दोष सुरक्षित रहें" (आयत 23सी)। शैतान अवश्य ही दोषारोपण करेगा, परन्तु मसीही परमेश्वर द्वारा छुड़ाए और सही ठहराए जाएंगे। निर्दोष होने की घोषणा मसीह के दूसरे आगमन पर होगी। पौलुस ने इस आगमन के बारे में विस्तार से बताया (4:13—5:11)। यह अभी भी उसके मन की आँखों में बसा है (यूहन्ना 5:28, 29; मत्ती 25:31–33 से तुलना करें)। जब मसीह लौटेगा, विश्वासी स्वीकृत किए जाएंगे और विद्रोही अस्वीकृत होंगे। पौलुस प्रार्थना कर रहा था कि उस समय थिस्सलुनीके निर्दोष और स्वीकृत होंगे।

आयत 24 में पौलुस ने प्रार्थना की कि परमेश्वर उनके निर्दोष होने के विषय में "ऐसा ही करेगा।" यहाँ उसने परमेश्वर का वर्णन "शान्ति का परमेश्वर" कहकर किया (आयत 23)। पौलुस ने कई बार उसे "शान्ति का परमेश्वर" कहा (देखें रोमियों 15:33; 2 कुरिन्थियों 13:11)। परमेश्वर "शान्ति का परमेश्वर" है क्योंकि उसका चरित्र शांतिपूर्ण है। जब मानव जाति उसके प्रति विद्रोह में थी, उसने मेल बलि के रूप में अपने पुत्र यीशु को भेजा (देखें रोमियों 5:8)। उसने अपने साथ मानव जाति के मेल करने के लिए अपने पुत्र को दे दिया (2 कुरिन्थियों 5:19)। वह वास्तव में "शान्ति का परमेश्वर" है, वह सेतु बनाता है।

"ऐसा ही करेगा" विश्वास का एक कथन है इस तथ्य के लिए कि परमेश्वर थिस्सलुनीकियों के साथ अपने संबंध में अपने भाग को निभाएगा क्योंकि वह

"विश्वासयोग्य" है (आयत 24)। परमेश्वर सदा अपनी प्रतिज्ञाओं को पूरा करता है। वह अपना भाग पूरा करेगा जिससे उसकी सन्तान पवित्र और निर्दोष होकर मसीह के दोबारा आगमन तक सुरक्षित रहे।

दूसरी ओर, मसीहियों को अपना भाग निभाना है। जैसा यहूदा ने कहा, हमें "अपने आप को परमेश्वर के प्रेम में बनाए" रखना है (आयत 21)। हमें उसका आज्ञाकारी होना है (यूहन्ना 14:23)। यदि हम ऐसा करेंगे, तो परमेश्वर भी अन्तिम दिन में हमारी पवित्रता के लिए "ऐसा ही करेगा।"

आयत 28 में पौलुस ने प्रार्थना की, "हमारे प्रभु यीशु मसीह का अनुग्रह तुम पर होता रहे।" सामान्यतः वह अपनी पत्रियों का अन्त ऐसी प्रार्थना के साथ करता था (देखें 2 कुरिन्थियों 13:14)। "अनुग्रह" के लिए यूनानी शब्द है χάρις (*खारिस*) और इसका अर्थ है किसी की कृपा प्राप्त करना।[59] उसने प्रार्थना की कि थिस्सलुनीके भाइयों पर मसीह की कृपा हो और वे उसके साथ एक अच्छे संबंध में बने रहें।

जैसे कि पौलुस ने थिस्सलुनीकियों में कलीसिया के पवित्र तथा सुरक्षित होने के लिए प्रार्थना की, हमें भी कलीसिया की दशा के लिए प्रार्थना करना स्मरण रखना चाहिए। यदि हम विश्वासयोग्य रहने के लिए अपना भाग निभाएंगे, परमेश्वर भी अपना भाग पूरा करेगा। इस प्रकार से कलीसिया न्याय के उस महान दिन में उसके सिंहासन के सामने "निर्दोष" रहेगी।

उसने भाइयों से प्रार्थना को माँगा (आयत 25)। पौलुस प्रार्थना में विश्वास रखता था। उसने बहुत बार दूसरों से अपने लिए प्रार्थना करने को कहा (देखें 2 थिस्सलुनीकियों 3:1; कुलुस्सियों 4:3; इफिसियों 6:18; रोमियों 15:30)। याकूब ने कहा, "धर्मी जन की प्रार्थना के प्रभाव से बहुत कुछ हो सकता है।" एलाईजाह एम. हिक्कौक ने लिखा,

> मैं नहीं जानता किन दुर्लभ विधियों से,
> परन्तु यह जानता हूँ कि परमेश्वर प्रार्थना का उत्तर देता है
> मैं जानता हूँ कि उसने अपना वचन दिया है
> जो मुझे बताता है कि प्रार्थना सदा सुनी जाती है।
> और उसका उत्तर शीघ्र अथवा विलंब से परन्तु आता है
> इसलिए मैं प्रार्थना करता हूँ और शान्ति से प्रतीक्षा करता हूँ।[60]

आज अगुवे प्रार्थना का निवेदन करते हैं। कभी-कभी राज्य अध्यक्ष अपने देश के नागरिकों से प्रार्थना का निवेदन करते हैं। पौलुस कहता है कि हमें इनका पालन करना चाहिए: "अब मैं सब से पहिले यह उपदेश देता हूं, कि विनती, और प्रार्थना, और निवेदन, और धन्यवाद, सब मनुष्यों के लिये किए जाएं। राजाओं और सब ऊंचे आयत वालों के निमित्त ..." (1 तीमुथियुस 2:1, 2)।

प्राचीन कलीसिया से प्रार्थना के लिए कहते हैं। जब ऐसे लोग परमेश्वर से सहायता प्राप्त करने की आवश्यकता को स्वीकार करते हैं, तो हमें उनके लिए प्रार्थना करने को बाध्य होना चाहिए।

उसने दो आज्ञाएं दीं (आयतें 26, 27)। पहली, पौलुस ने थिस्सलुनीकियों से एक दूसरे को "पवित्र चुम्बन" से नमस्कार करने को कहा (आयत 26)। नए नियम में "पवित्र चुम्बन" का उल्लेख अनेक बार हुआ है (रोमियों 16:16; 1 कुरिन्थियों 16:20; 1 पतरस 5:14)। उस संस्कृति में एक दूसरे का अभिनंदन करने की यह सामान्य विधि थी। यह मसीहियत की स्थापना से पहले की है और आज भी कई संस्कृतियों में पाई जाती है।

अभिनंदन की इस विधि के लिए मसीहियत का योगदान था कि उसे "पवित्र" या "प्रेम का चुंबन" बना दे। अन्तर यह था कि उनका एक दूसरे का अभिनंदन करना औपचारिकता नहीं वरन सच्चा होना था। यदि पौलुस आज यहाँ होता, तो वह कहता, "अपने भाई बहनों से हाथ मिलाओ। तुम पहल करो - मित्र बनो! सुनिश्चित करो कि तुम्हारा हाथ मिलाना सच्चा है।" हमें एक दूसरे का अभिनंदन करने, मिलने, और संगति करने के लिए समय निकालना चाहिए।

दूसरा, पौलुस ने कलीसिया से कहा "यह पत्री सब भाइयों को पढ़कर सुनाई जाए" (आयत 27)। पौलुस ने इस आज्ञा को बहुत गंभीरता से लिया, इसे निभाने के लिए "प्रभु की शपथ" दी। दूसरे शब्दों में, उसका तात्पर्य था कि उसके वचन ईश्वरीय अधिकार के साथ हैं। उसने कहा "मैं तुम्हें शपथ देता हूँ।" शब्द "शपथ" यूनानी शब्द ἐνορκίζω (*एनोरकिज़ो*) से है। रॉबर्टसन के अनुसार, इसके अर्थ की जड़ें एक पुराने शब्द में हैं जो किसी को सौगन्ध में डालने के लिए प्रयोग होता था।[61] प्रभु को इस बात का गवाह बनाने से कि थिस्सलुनीकी के लोग इसे मानते हैं या नहीं, यह शपथ गंभीर हो गई। पौलुस चाहता था कि उसके निर्देश कलीसिया के सभी सदस्यों के सामने सार्वजनिक रीति से पढ़े जाएं। ऐसा पढ़ा जाना हमारे बाइबल अध्ययन समय के समान होता।

हम कह सकते हैं कि पौलुस का निवेदन था कि थिस्सलुनीके परमेश्वर के वचन का अध्ययन साथ करें। यदि ऐसा था, तो पौलुस की आज्ञा आज भी मसीहियों से बात करती है। हमें परमेश्वर के वचन को सुनने और अध्ययन करने की आवश्यकता है। हमें कलीसिया के रूप में इसका अध्ययन करने की आवश्यकता है।

पौलुस को बहुत चिंता थी कि थिस्सलुनीकियों की कलीसिया विश्वास में कैसे विकसित होती है। उस कलीसिया के लिए उसके सन्देश हमारी मण्डलियों के लिए भी प्रासंगिक हैं। उसने फिलिप्पियों को लिखा, "जो बातें तुम ने मुझ से

सीखीं, और ग्रहण की, और सुनी, और मुझ में देखीं, उन्हीं का पालन किया करो, तब परमेश्वर जो शान्ति का सोता है तुम्हारे साथ रहेगा" (फिलिप्पियों 4:9)। हमें पौलुस के निर्देशों को सुनना, स्वीकार करना, सीखना, और पालन करना चाहिए। हमें और मसीहियों के लिए प्रार्थना करनी चाहिए, दूसरों को हमारे लिए प्रार्थना करने को कहना चाहिए, अन्य मसीहियों का खराई से अभिनंदन करना चाहिए, और वचन का अध्ययन करना चाहिए। ऐसा करने से शान्ति का परमेश्वर हमारे साथ रहेगा। EE

देखो, प्रेम करो, और जीओ (5:1–25)

1 थिस्सलुनीकियों का यह अन्तिम अध्याय ज्योति की सन्तान होने के आदर्श पर बल देता है। मसीही सत्य के तेजोमय प्रकाश की सन्तान है। वह भविष्य के विषय में आश्वस्त और निश्चित है। वह जानता है कि वह कहाँ जा रहा है क्योंकि वह जानता है कि भविष्य में क्या होने वाला है।

देखो! उस दिन को देखो (5:1–11)। ज्योति की सन्तान मसीह के दिन की ओर देखते हैं। पौलुस ने कहा, "पर हे भाइयो, इसका प्रयोजन नहीं कि समयों और कालों के विषय में तुम्हारे पास कुछ लिखा जाए" (आयत 1)। शब्द "समय" और "काल" वे शब्द हैं जिनका संबंध अन्तिम बातों से है, जैसे कि हमारे प्रभु का आगमन और अन्तिम न्याय।

उसने कहा, "मुझे इस संबंध में तुम्हें कुछ लिखने की आवश्यकता नहीं है।" उसने 4:9 में भी भाईचारे के प्रेम के संबंध में ऐसी ही बात कही थी जैसा कि उसने कहा, "किन्तु भाईचारे की प्रीति के विषय में यह आवश्यक नहीं कि मैं तुम्हारे पास कुछ लिखूँ, क्योंकि आपस में प्रेम रखना तुम ने आप ही परमेश्वर से सीखा है।" उसे उन्हें अन्तिम दिनों के बारे में लिखने की कोई आवश्यकता नहीं थी क्योंकि वे भली भांति जानते थे कि उन्हें पता नहीं था कि वह दिन कब होगा।

मुक्तिदाता रात में चोर के समान आएगा। चोर कैसे आता है? क्या आपको उसके आगमन के बारे में डाक से निमंत्रण मिलता है? नहीं, वह बिना किसी घोषणा या सूचना के प्रहार करता है। दूसरा पतरस 3:9, 10 कहता है, "प्रभु अपनी प्रतिज्ञा के विषय में देर नहीं करता, जैसी देर कितने लोग समझते हैं; पर तुम्हारे विषय में धीरज धरता है, और नहीं चाहता, कि कोई नाश हो; वरन यह कि सब को मन फिराव का अवसर मिले। परन्तु प्रभु का दिन चोर के समान आ जाएगा ..."

दूसरे आगमन के सिद्धांत और व्यावहारिक नैतिकता में एक संबंध, एक साथ जुड़ना है। यह प्रभु के आगमन के दिन के बारे में पतरस के शब्दों में दिखाई

देता है, "... उस दिन आकाश बड़ी हड़हड़ाहट के शब्द से जाता रहेगा, और तत्व बहुत ही तप्त हो कर पिघल जाएंगे, और पृथ्वी और उस पर के काम जल जाएंगे। तो जब कि ये सब वस्तुएं, इस रीति से पिघलने वाली हैं, *तो तुम्हें पवित्र चाल चलन और भक्ति में कैसे मनुष्य होना चाहिए*" (2 पतरस 3:10, 11; ज़ोर दिया गया)।

इस तथ्य का, कि वह वापस आ रहा है, हमारे जीवन जीने की विधि पर प्रभाव होना चाहिए। यदि उसके दूसरे आगमन का सत्य हमारे वर्तमान जीवन को प्रभावित नहीं करता है, तो हमने इस खण्ड की शिक्षाओं को मन से स्वीकार नहीं किया है।

प्रेम! जो तुम्हारे लिए परिश्रम करते हैं उनसे प्रेम करो (5:12, 13)। ज्योति की सन्तानों को उन से प्रेम रखना चाहिए जो उनके मध्य परिश्रम करते हैं। पौलुस ने कहा, "हे भाइयो, हम तुम से विनती करते हैं कि जो तुम में परिश्रम करते हैं, और प्रभु में तुम्हारे अगुवे हैं, और तुम्हें शिक्षा देते हैं, उनका सम्मान करो। और उनके काम के कारण प्रेम के साथ उनको बहुत ही आदर के योग्य समझो। आपस में मेल मिलाप से रहो" (आयतें 12, 13)। तीन अंश के साथ जुड़ा एक ही शब्द वर्ग दिखाता है कि वह एक ही मनुष्यों के बारे में बात कर रहा था। जब उसने उनके बारे में कहा "जो तुम में परिश्रम करते हैं, और प्रभु में तुम्हारे अगुवे हैं, और तुम्हें शिक्षा देते हैं" वह उनके तीन प्रकार के कार्यों को दिखा रहा था। वे "तुम में परिश्रम करते हैं," "प्रभु में तुम्हारे अगुवे हैं," और वे परमेश्वर के वचन की "तुम्हें शिक्षा देते हैं।"

उसने कहा "जो तुम में परिश्रम करते हैं उनका सम्मान करो।" "परिश्रम" उस शब्द का एक रूप है जो पीछे 1:3 में आया था, जिसका अनुवाद "प्रेम का परिश्रम" किया गया। यह *kopos* शब्द का रूप है, और जैसा आप देख सकते हैं, *kopos* शब्द "copout" (थक के चूर होना) से दूर है। यह वह परिश्रम है जो थका देता है। यह उबाने वाला, थकाने वाला परिश्रम है। पौलुस बहुधा इस शब्द का प्रयोग तब करता था जब वह अपने तंबू बनाने के कार्य का उल्लेख करता था। यहाँ यह उनके काम के संबंध में है जो उनके प्राणों की देखभाल करते हैं। यह कैसा परिश्रम है! इससे मिलते हुए परिच्छेद, इब्रानियों 13:17, में हम पढ़ते हैं, "अपने अगुवों की मानो; और उनके आधीन रहो, क्योंकि वे उन के समान तुम्हारे प्राणों के लिये जागते रहते, जिन्हें लेखा देना पड़ेगा, कि वे यह काम आनन्द से करें, न कि ठंडी सांस ले ले कर, क्योंकि इस दशा में तुम्हें कुछ लाभ नहीं।"

हमें "उनके काम के कारण प्रेम के साथ उनको बहुत ही आदर के योग्य" समझना है (आयत 13)। ध्यान कीजिए, पौलुस ने यह नहीं कहा कि हमें उनका आदर इसलिए करना चाहिए क्योंकि वे बहुत चाहने योग्य व्यक्ति हैं। हमें उनके

काम के कारण उन्हें आदर देना चाहिए। अगुवों के उत्तरदायित्व को तीन विचारों में संक्षिप्त किया जा सकता है: "परिश्रम," "उत्तरदायी हैं," और "शिक्षा देते हैं।" हमारे उत्तरदायित्व को तीन आज्ञाओं में संक्षिप्त किया जा सकता है: "सराहें," "आदर दें," और "शान्ति।"

जीओ! आनन्द के साथ जीओ (5:14–25)। इस अध्याय का अन्तिम खण्ड कई छोटे-छोटे लेखों द्वारा उस कलीसिया का चित्रण करता है जैसा आत्मा थिस्सलुनीकियों की कलीसिया को देखना चाहती थी। उसे प्रार्थना करने वाली कलीसिया होना था, आनन्दपूर्ण कलीसिया, और ऐसी कलीसिया जिसका गुण प्रेम की आत्मा हो। ज्योति की सन्तानों को आनन्दित होकर रहना है।

पौलुस ने कहा, "कायरों को ढाढ़स दो, निर्बलों को संभालो।" "कायरों" के लिए KJV में "दुर्बल-मन वाले" आया है। यह अच्छा उपयोग नहीं है। "कायर" का वास्तविक अर्थ है "प्राण में छोटा होना" या "मन में छोटा होना।" प्रतीत होता है कि पौलुस उनके संदर्भ में कह रहा है जो "भयभीत" थे। वे जो मृतकों के कारण भयभीत रहे होंगे, जो अपने उद्धार के संदर्भ में भयभीत रहे होंगे, यहाँ उनके बारे में विचार किया जा रहा होगा। उसने कहा "निर्बलों को संभालो।" "निर्बल" का उपयोग बहुत वृहत हुआ होगा। कुछ का मानना है कि निर्बल वे हैं जिन्होंने अभी तक सुसमाचार और नैतिकता में संबंध को नहीं देखा है। उनकी सहायता की जानी चाहिए, उन्हें संभालना चाहिए; सिखाना चाहिए और परिपक्वता तक लाना चाहिए।

उपसंहार। पौलुस ने क्या कहा? उसका सन्देश क्या था? उसने कहा, "देखो" - "उस दिन को नैतिकता, शुद्धता, और सतर्कता के लिए प्रेरक देखो।" उसने कहा, "प्रेम" - "जो तुम्हारे मध्य में परिश्रम करते हैं उनसे प्रेम करो और उन्हें बहुत ऊँचे स्तर का आदर दो।" उसने कहा, "जीओ" - "आनन्द के साथ जीओ।"

क्या आप कार्य कर रहे हैं? क्या आप सचेत हैं? क्या आप आनन्द के साथ जी रहे हैं? हमारा गुण आशा की महान संभावना होना चाहिए। यह आरंभिक कलीसिया की आत्मा थी। यह थिस्सलुनीकियों की कलीसिया में विदित थी। क्या आप उस दिन के लिए तैयार हैं? मान लीजिए कि प्रभु ललकार के साथ इसी पल उतर आता है। क्या हम तैयार होंगे? क्या हम उसके लिए बाट जोह रहे होंगे? AM

समाप्ति नोट्स

[1]देखें लीओन मौरिस, *फर्स्ट एण्ड सेकण्ड एपिसल्स टू द थिस्सलोनियन्स*, द न्यू इन्टरनैशनल कमेंटरी ऑन द न्यू टैस्टमन्ट (ग्रान्ड रैपिड्स, मिशिगन: डब्ल्यू. बी. ईर्द्धमैंस पब्लिशिंग कं., 1959),

149. [2]ए. टी. रॉबर्टसन, *दि एपिसल ऑफ़ पॉल,* वोल. 4, *वर्ड पिक्चर्स इन द न्यू टैस्टमन्ट* (नैशविले: ब्रॉडमेन प्रेस, 1931), 34. [3]देखें मौरिस, 151. [4]रॉबर्ट जेवेट, *द थिस्सलोनियन कॉर्रेस्पोंडेंस* (फिलडेल्फिया: फोर्ट्रेस प्रेस, 1966), 96–97. [5]आई. होवार्ड मार्शल, *1 एण्ड 2 थिस्सलोनियन्स,* न्यू सेंचुरी बाइबिल कमेंटरी (ग्रान्ड रैपिड्स, मिशिगन: डब्ल्यू. बी. ईर्द्मैंस पब्लिशिंग कं., 1983), 132. [6]आगे के अध्ययन के लिये, *थिओलोजिकल डिक्शनरी ऑफ़ द न्यू टैस्टमन्ट,* सम्पा. गेरहार्ड फ्रिडरिक, ट्रान्स. एण्ड एड.जिओफ्रे डब्ल्यू. ब्रोमिले (ग्रान्ड रैपिड्स, मिशिगन: डब्ल्यू. बी. ईर्द्मैंस पब्लिशिंग कं., 1967), 5:169 में जे. स्लाइडर, "ὅλεθρος," को देखें। [7]डेविड जे.विलियम्स, *1 एण्ड 2 थिस्सलोनियन्स,* न्यू इन्टरनैशनल बिब्लिकल कमेंटरी सीरीज, वोल. 12 (पीबॉडी, मैसाचुसेट्स: हेंड्रिकसन पब्लिशर्स, 1992), 87. [8]सी.एफ. हॉग एण्ड डब्ल्यू.ई.वाईन, *दि एपिसल्स ऑफ़ पॉल दि अपोस्टल टू द थिस्सलोनियन्स* (श्रेवपोर्ट, लुइसियाना: लम्बेर्ट पब्लिशिंग कं. 1977), 157. [9]जे.इ.फ्रेम, *अ क्रिटिकल एण्ड एक्सिजिटिकल कमेंटरी ऑन दि एपिसल ऑफ़ सेंट पौल टू द थिस्सलोनियन्स,* दि इन्टरनैशनल क्रिटिकल कमेंटरी (न्यू योर्क: चार्ल्स स्क्रिबनेर्'स संस, 1912; रीप्रिंट, एडिनबर्ग: टी. & टी.क्लार्क, 1988), 184. [10]मौरिस, 156.

[11]"सचेत रहे और संयमी बने" के बारे में, रॉबर्टसन ने कहा, "आइए हम चौकस रहें (ग्रेगोरोमेन)। वर्तमान सकर्मक कर्ता (ऐच्छिक), फिर से, आइए हम जागृत रहें (विलम्ब से क्रिया ग्रेगोरेओ पूर्ण एग्रे गोरा से)। संयमी बने (ने.फ़ो.मेन) वर्तमान सकर्मक कर्ता (ऐच्छिक)। पुराना क्रिया पियक्कड़ मत बनो। केवल नए नियम में अलंकारिक भाव, शान्त बनो, संयमी-सोच। आयत 8 में पियक्कड़पन का रूपक के साथ विरोधाभास में" (रॉबर्टसन, 35)। वाल्टर बाउर, *अ ग्रीक-इंग्लिश लेक्सिकन ऑफ़ द न्यू टैस्टमन्ट एण्ड अदर अर्ली क्रिस्टिअन लिटरेचर,* थर्ड एड., रिवि.एण्ड एडि. फ्रेडरिक विलियम डेनकर (शिकागो: यूनिवर्सिटी ऑफ़ शिकागो प्रेस, 2000), 672 भी देखें। [12]रॉबर्टसन, 35. [13]एफ. एफ. ब्रूस, *1 एण्ड 2 थिस्सलोनीयन्स,* वर्ड बाइबल कमैंट्री, वॉल्यूम 45 (वाको, टेक्सासः वर्ड बुक्स, 1982), 112. [14]देखें रेमंड सी. केल्सी, *दि लैटर ऑफ पॉल टू दिन थिस्सलोनीयन्स,* दि लिविंग वर्ड कमैंट्री, वाल. 13 (आउस्टिन, टेक्स.: र. बी. स्वीट कम्पनी, 1968), 112. [15]ब्रूस, 113-114. [16]मौरिस, 163. जेम्स होप माउल्टन और जॉर्ज मिलीगन, *दि वैकबयुलरी ऑफ दि ग्रीक टेस्टामेंट : इलस्ट्रेटड फ्राम द पेपिरी एण्ड अदर नॉन-लिटरेरी सोर्सस* (ग्रैंड रेपिडस, मिशिगन: डब्लयू एम. बी. एर्डमैन पबलिशिंग कम्पनी, 1952), 441 में इस भाग की पुष्टि करते हैं। [17]बाउर, 870. [18]मौरिस,165. [19]केल्सी, 114. [20]जे. डब्ल्यू. मैकगारवे और फिलिप्प वाय. पेंडोल्टन, *थिस्सलोनियन्स, कोरिन्थियन्स, गलैशियन्स एण्ड रोमन्स,* दि स्टैंडर्ड बाइबल कमैंट्री (सिनसिनाटी, ओहिओः स्टैंडर्ड पबलिशिंग फाँउडेशन, 1916), 24; और रॉबर्टसन, 36.

[21]मौरिस, 167. [22]विलियमस, 95. [23]बाउर, 679. [24]जॉर्ज मिलींगन, *सेंट पॉल'स एपिसल्स टू द थिस्सलोनियंस* (लंडनः मैकमिल्लन एण्ड कम्पनी, 1908; पुनःमुद्रण, ग्रैंड रेपिडस, मिशिगन: डब्ल्यू एम. बी एर्डमैनस पबलिशिंग कम्पनी, 1952), 152. [25]मार्शल, 151. [26]बाउर, 87. [27]फ्रेम, 200. [28]मौरिस, 173एन। [29]इबिद., 174एन। [30]रॉबर्टसन, 37.

[31]ब्रूस, 125. [32]मौरिस, 177. [33]ब्रूस, 125. [34]मौरिस, 177. [35]हेनरी एलफ्रेड, *दि ग्रीक टेस्टामेंट,* संशो. एवरेट्ट एफ. हैरीसन (शीकागो: मूडी प्रैस, 1958), 3:281. [36]रॉबर्टसन, 38. [37]बाउर, 9-10. [38]मौरिस, 181. [39]देखें 1 कुरिन्थियों 1:8, 9; 10:13; 2 थिस्सलुनीकियों 3:3; इब्रानियों 10:23; 1 यूहन्ना 1:9. [40]रॉबर्टसन, 39.

[41]मौरिस, 183. [42]विलियम बार्कले, *दि लैटर्स टू द फिलिप्पियन्स, कोलोशियन्स एण्ड थिस्सलोनियन्स*, दि डेली स्टडी बाइबल सीरिज़ (फिलेडिलेफियाः वेस्टमिंस्टर प्रैस, 1975), 208. [43]रॉबर्टसन, 39. [44]मौरिस, 184. [45]रॉबर्टसन, 39. [46]विलियमस, 105. [47]मौरिस 187 एन. में दोहराया गया। [48]अल्बर्ट बैली, "वाच एण्ड प्रे," *सांग्स आफ द चर्च,* संकलनकर्ता और सम्पादक एल्टन एच. हॉवर्ड (वेस्ट मोनरो, एलऐ.: हावर्ड पब्लिशिंग कम्पनी, 1977)। [49]जूवेट, 96-97. [50]एडम क्लार्क, *दि होली बाइबल विद ए कमेंट्री एण्ड क्रिटीकल नोट्स*, वोल्यूम 4, *आइजायाह टू मलाकाई* (न्यू यॉर्कः अबिंगदन-कॉक्सबरी प्रेस, एन. डी.), 79.

[51]चार्ल्स वैस्ली, "सोलजर्स आफ क्राइस्ट अराईज," सॉंग्स आफ फेथ एण्ड प्रेज, संयोजक और संपादक एलट्न एच. हॉवर्ड (वेस्ट मोनरो, एलऐ.: हॉवर्ड पब्लिशिंग कम्पनी, 1994)। [52]बाऊर, 870. [53]अब्राहम मलहर्बे, *पॉल एण्ड द थिस्सलोनियन्स* (फिलाडेलफियाः फॉर्ट्रेस प्रेस, 1987), 91. [54]मेक्गावरी और पेंडलटन, 26. [55]केल्सी, 121. [56]डेविड लिप्सकौंब, *ए कॉमेन्ट्री औन द न्यू टेस्टामेन्ट एपिस्ल्स: I, II थिस्सालोनियन्स, I, II टिमथी, टाईटस, एन्ड फिलेमौन*, जे. डब्ल्यू शेपर्ड द्वारा अतिरिक्ट नोट्स के साथ संपादित, न्यू टेस्टामेन्ट सीरीज़, वोल. 5 (नैशविले: गॉस्पेल एडवोकेट को., 1958), 75. [57]डबल्यू. ई. वाईन, *वाईन्स एक्सपोज़िट्री डिकशनरी ऑफ़ ओल्ड एन्ड न्यू टेस्टामेन्ट वड्र्स* (ओल्ड टप्पन, न्यू जर्सी: फ्लेमिंग एच. रेवेल को., 1981), 296. [58]सी. जी. विल्के एण्ड विलबॉल्ड ग्रिम्म, *अ ग्रीक-इंगलिश लैक्सिकन औफ द न्यू टेस्टामेन्ट*, ट्रांस. एण्ड रिव. जोसफ एच. थेयर (एडिनबरौ: टी. & टी. क्लार्क, 1901; रिप्रिन्ट, ग्रैन्ड रैपिड्स, मिशिगन: बेकर बुक हाउस, 1977), 6. [59]इबिद, 1079. [60]एलाईजाह एम. हिक्कौक, *12,000 रिलिज्यस कोटेशन्स,* एडि. फ्रैंक मीड (ग्रैंड रैपिड्स, मिशिगन: बेकर, 1989), 341.

[61]रॉबर्टसन, 39.